68.	joint fund	(n) - **संयुक्त कोष**, संयुक्त निधि*	Earlier, the Department has proposed to create a **joint fund** for this project.	इससे पहले, विभाग ने इस परियोजना के लिए **संयुक्त कोष** बनाने का प्रस्ताव किया है।
69.	joint holding	(n) - संयुक्त जोत, संयुक्त धृति*	The demarcation of **joint holdings** is being processed at the Gram Panchayat level.	ग्राम पंचायत स्तर पर **संयुक्त जोत** के सीमांकन की कार्रवाई की जा रही है।
70.	joint intelligence staff	(n) - **संयुक्त खुफिया स्टाफ**, संयुक्त आसूचना कर्मचारी वर्ग	The **joint intelligence staffs** have been deployed to gather intelligence from the disturbed area.	अशांत क्षेत्र से खुफिया जानकारी जुटाने के लिए **संयुक्त खुफिया स्टाफ** तैनात किए गए हैं।
71.	joint session	(n) - **संयुक्त सत्र**	The President will address the **joint session** of the Parliament.	राष्ट्रपति संसद के **संयुक्त सत्र** को संबोधित करेंगे।
72.	joint statement	(n) - **संयुक्त बयान**	In a **joint statement**, the Prime Ministers of both the countries have agreed to promote the bilateral trade.	एक **संयुक्त बयान** में, दोनों देशों के प्रधानमंत्री द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सहमत हो गए हैं।
73.	joint ownership	(n) - संयुक्त स्वामित्व	An arbitrator has been appointed to solve the dispute arisen from the **joint ownership** of the company.	कंपनी के **संयुक्त स्वामित्व** से उत्पन्न विवाद को हल करने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया गया है।
74.	joint planning staff	(n) - संयुक्त आयोजना स्टाफ	The Chairman has convened a meeting of the **joint planning staff** in this regard.	अध्यक्ष ने इस संबंध में **संयुक्त आयोजना स्टाफ** की बैठक बुलाई है।
75.	joint representation	(n) – 1. संयुक्त प्रतिनिधित्व 2.	1. The **joint representation** of the Staff Associations	1. शिकायत निवारण समिति में स्टाफ एसोसिएशनों का **संयुक्त**

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		संयुक्त अभ्यावेदन	should be ensured in the Grievance Redressal Committee. 2. A **joint representation** has been received from the staff side regarding anomaly created due to implementation of MACP Scheme.	**प्रतिनिधित्व** सुनिश्चित किया जाना चाहिए। 2. एमएसीपी स्कीम के कार्यान्वयन के कारण उपजी विसंगति के संबंध में कर्मचारियों की ओर से **संयुक्त अभ्यावेदन** प्राप्त हुआ है।
76.	joint resolution	(n) - **संयुक्त प्रस्ताव**, संयुक्त संकल्प	A **joint resolution** on anti-terrorism has been passed by the United Nations Organization.	संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आतंकवाद विरोध पर **संयुक्त प्रस्ताव** पारित किया गया है।
77.	joint responsibility	(n) - **संयुक्त जिम्मेदारी***, संयुक्त उत्तरदायित्व	The safety in the Metro Train is the **joint responsibility** of the commuters as well as the Metro Rail Staff.	मेट्रो ट्रेन में सुरक्षा यात्रियों और मेट्रो रेल के कर्मचारियों की **संयुक्त जिम्मेदारी** है।
78.	joint search operation	(n) - **संयुक्त तलाशी अभियान**	A large quantity of arms and ammunition has been seized during a joint search operation conducted by the police and the army.	पुलिस और सेना द्वारा किए गए **संयुक्त तलाशी अभियान** के दौरान हथियार और गोला बारूद की बड़ी मात्रा जब्त की गई है।
79.	joint search team	(n) - **संयुक्त खोज दल**	A **joint search** team has been sent to the area of insurgency.	उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में **संयुक्त खोज दल** भेजा गया है।
80.	joint sector	(n) – 1. संयुक्त क्षेत्र 2. संयुक्त सेक्टर	It is proposed to create a **joint sector** for inclusive development in the field of primary education.	प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास के लिए **संयुक्त क्षेत्र** बनाने का प्रस्ताव दिया जाता है।
81.	joint stock company	(n) - संयुक्त पूंजी कंपनी*	The company is registered as a **joint stock company**.	यह कंपनी, **संयुक्त पूंजी कंपनी** के रूप में पंजीकृत है।
82.	joint supervision	(n) - संयुक्त पर्यवेक्षण	A **joint supervision** of the ongoing project has been conducted and the report has been submitted for the	जारी परियोजना का **संयुक्त पर्यवेक्षण** किया गया है और इससे संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

S. No.	**Words**	**Hindi Synonyms**	**Usages in English**	**Usages in Hindi**
			same.	
83.	joint tenants	(n) – 1. संयुक्त किराएदार 2. संयुक्त काश्तकार	1. The rent agreement has been signed by the **joint tenants**. 2. Several representations have been received by the Revenue Department regarding the problems of the **joint tenants**.	1. **संयुक्त किरायेदारों** ने किराया करार पर हस्ताक्षर किए हैं। 2. **संयुक्त काश्तकारों** की समस्याओं के संबंध में राजस्व विभाग को कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।
84.	joint venture	(n) - संयुक्त नवोद्यम, संयुक्त उद्यम	The project is under discussion as a possible **joint venture** between the two Central Agencies.	दोनों केंद्रीय एजेंसियों के बीच एक संभावित **संयुक्त उद्यम** के रूप में इस परियोजना पर चर्चा चल रही है।
85.	jointly	(adv) - संयुक्त रुप से	All the administrative decisions are being **jointly** taken by both the companies.	सभी प्रशासनिक फैसले दोनों कंपनियों द्वारा **संयुक्त रूप से** लिए जा रहे हैं।
86.	jointly and severally	(adv) - संयुक्त और पृथक् रुप से	The tenants are **jointly and severally** liable for payment of the rent.	किराएदार **संयुक्त रूप से और पृथक** रूप से किराए के भुगतान के लिए उत्तरदायी हैं।
87.	journal	(n) – 1. दैनिकी*, रोजनामचा 2. पत्रिका*, जरनल	1. For nearly three months the search team had been keeping a **journal** of its travels. 2. All the results are published in the departmental **journal**.	1. लगभग तीन महीनों तक खोज टीम अपनी यात्रा की **रोजनामचा** रख रही थी। 2. सभी परिणाम विभागीय **पत्रिका** में प्रकाशित किए जाते हैं।
88.	journalism	(n) – **पत्रकारिता***	The company has been the target of investigative **journalism**.	कंपनी खोजी **पत्रकारिता** के निशाने पर रही है।
89.	journalist	(n) - पत्रकार	Two **journalists** have been reported missing from the valley.	घाटी से दो **पत्रकारों** के लापता होने की सूचना मिली है।
90.	journey	(n) – 1. यात्रा* (v) - 2. **यात्रा करना**	1. The bill should be submitted within one month from the date of return **journey**. 2. The ship **journeyed** for three months.	1. बिल वापसी **यात्रा** की तारीख से एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। 2. जहाज ने तीन महीने तक **यात्रा की**।
91.	journey time	(n) - यात्रा समय	The **journey time**	फार्म में **यात्रा-समय** का उल्लेख

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			should be mentioned in the form.	किया जाना चाहिए।
92.	jubilee	(n) – जयंती*	The institution is celebrating its golden **jubilee**.	संस्थान अपनी स्वर्ण **जयंती** मना रहा है।
93.	judge	(n) –1. **न्यायाधीश** 2. **निर्णायक** (v) –3. **आकलन करना** 4. **अनुमान लगाना** 5. **निर्णय देना**, **निर्णय करना**	1. The **judge** sentenced the accused to two months in prison. 2. The **judges'** decision is final in this regard. 3. The tour was **judged** to have been a great success. 4. It's difficult to **judge** how long the journey will take. 5. The officer was asked to **judge** the debate competition.	1. **न्यायाधीश** ने अभियुक्त को दो महीने कारावास की सजा सुनाई। 2. इस संबंध में **निर्णायकों** का निर्णय अंतिम है। 3. दौरे का एक बड़ी सफलता के रूप में **आकलन किया** गया। 4. यह **अनुमान लगाना** मुश्किल है कि इस यात्रा में कितना समय लगेगा। 5. अधिकारी को वाद-विवाद प्रतियोगिता का **निर्णय करने** के लिए कहा गया था।
94.	judgement	(n) - 1. निर्णय 2. **मत**, **राय***	1. The **judgement** will be given tomorrow. 2. The spokesperson has refused to make a **judgement** about the situation.	1. **निर्णय** कल सुनाया जाएगा। 2. प्रवक्ता ने स्थिति के बारे में कोई **राय** देने से मना कर दिया है।
95.	judicial	(adj) - न्यायिक, अदालती	The office would like to go through proper **judicial** procedures in this matter.	कार्यालय इस मामले में उचित **न्यायिक** प्रक्रिया अपनाना चाहता है।
96.	judicial activism	(n) - न्यायिक सक्रियता*	***Judicial activism*** earned a human face in *India* by liberalizing access to justice.	न्याय तक सबकी पहुंच सुगम करने के माध्यम से भारत में **न्यायिक सक्रियता** को मानवीय चेहरा मिला।
97.	judicial authority	(n) - 1. न्यायिक प्राधिकारी 2. न्यायिक प्राधिकार	1. A consultation with a **judicial authority** will be appropriate in this case. 2. The question is subject to judicial authority.	1. इस मामले में किसी **न्यायिक प्राधिकारी** के साथ परामर्श करना उचित होगा। 2. यह प्रश्न न्यायिक प्राधिकार के अधीन है।
98.	judicial custody	(n) - न्यायिक हिरासत	The accused has been sent to two days **judicial custody**.	अभियुक्त को दो दिन की **न्यायिक हिरासत** में भेजा गया है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
99.	judicial inquiry	(n) - न्यायिक जांच*, अदालती जांच*	The Supreme Court ordered a **judicial inquiry** into the deaths in police custody.	उच्चतम न्यायालय ने पुलिस हिरासत में हुई मौतों की **न्यायिक जांच** का आदेश दिया।
100.	judicial lockup	(n) - न्यायिक हवालात	The Judge has sent the accused to the **judicial lockup**.	न्यायाधीश ने अभियुक्त को **न्यायिक हवालात** में भेजा है।
101.	judicial notice	(n) - न्यायिक अवेक्षा	Facts for which a court will take ***judicial notice*** are specified in Section 57.	धारा 57 में ऐसे तथ्य निर्दिष्ट हैं जिसके लिए अदालत **न्यायिक अवेक्षा** लेगा।
102.	judicial power	(n) - न्यायिक शक्ति*	The Governor enjoys certain ***judicial powers***.	राज्यपाल को निर्दिष्ट **न्यायिक शक्तियां** प्राप्त हैं।
103.	judicial process	(n) - न्यायिक प्रकिया*	The employee's guilt or innocence will be decided by the **judicial process**.	कर्मचारी के दोषी या निर्दोष होने के संबंध में **न्यायिक प्रक्रिया** द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
104.	judicial restraint	(n) - **न्यायिक नियंत्रण**, **न्यायिक संयम**	The members have expressed different views about the practice of ***judicial restraint***.	सदस्यों ने **न्यायिक संयम** बरतने के बारे में अलग-अलग विचार व्यक्त किया है।
105.	judicial review	(n) - **न्यायिक समीक्षा***	A judicial review has been sought for in this regard.	इस संबंध में **न्यायिक समीक्षा** की मांग की गई है।
106.	judicial separation	(n) - न्यायिक अलगाव	The wife of the employee has presented a petition praying for a decree of ***judicial separation***.	कर्मचारी की पत्नी ने **न्यायिक अलगाव** की डिक्री के लिए याचिका प्रस्तुत की है।
107.	judicial service	(n) - न्यायिक सेवा*	Union Public Service Commission has invited applications for recruitment to 64 vacant posts in ***Judicial Services.***	संघ लोक सेवा आयोग ने **न्यायिक सेवा** में 64 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं।
108.	judicial system	(n) - **न्यायिक प्रणाली***	In *India*, we have an independent and integrated ***judicial system***.	भारत में, हमारे पास स्वतंत्र और एकीकृत **न्यायिक प्रणाली** है।
109.	judiciary	(n) – न्यायपालिका*	There are various levels of **judiciary** in India.	भारत में **न्यायपालिका** के विभिन्न स्तर हैं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
110.	judicious	(adj) – 1. **विवेकपूर्ण**, विवेकसम्मत 2. न्यायसम्मत	It would be **judicious** to complete the project within the given time-frame.	निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस परियोजना को पूरा करना **विवेकपूर्ण** होगा।
111.	judiciously	(adv) – **विवेकपूर्ण तरीके से**	The chemical fertilisers should be used **judiciously** to maintain the quality of soil.	मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का **विवेकपूर्ण तरीके से** उपयोग किया जाना चाहिए।
112.	junction	(n) – **संगम**, **जंक्शन**	The venue of the programme is near the **junction** of the Ashoka Road and the Parliament Street.	कार्यक्रम का आयोजन स्थल, अशोक रोड और संसद मार्ग के **संगम** के पास स्थित है।
113.	juncture	(n) - **मोड़**	The debate has reached a crucial **juncture**.	बहस एक महत्वपूर्ण **मोड़** पर पहुंच गई है।
114.	junior	(n) – 1. (पदनाम) कनिष्ठ 2. (वेतनमान आदि) अवर	1. The candidate has joined as **Junior** Translator in the CSOLS. 2. The amendment proposal in **junior** scale is under consideration	1. उम्मीदवार ने केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में **कनिष्ठ** अनुवादक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। 2. **अवर**-वेतनमान में संशोधन के प्रस्ताव विचाराधीन है।
115.	junior administrative grade	(n) - कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	The ISTM conducts various training programmes for the officers of **junior administrative grade**.	आईएसटीएम **कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड** के अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।
116.	Junior Commissioned Officer (JCO)	(n) - जूनियर कमीशन्ड अफसर	Ten **Junior Commissioned Officers** have been posted in the regiment.	रेजिमेंट में दस **जूनियर कमीशंड अफसर** तैनात किए गए हैं।
117.	junior clerk	(n) - कनिष्ठ लिपिक	The **junior clerks** may be posted in the typing pool.	**कनिष्ठ लिपिकों** को टंकण अनुभाग में तैनात किया जाए।
118.	junior grade	(n) - कनिष्ठ ग्रेड	The **junior grade** officers have been deputed for training.	**कनिष्ठ ग्रेड** अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है।
119.	junior in rank	(n) - ओहदे में कनिष्ठ	Being **junior in rank**, the employee has been transferred to the branch office.	**ओहदे में कनिष्ठ** होने के कारण, कर्मचारी को शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है।
120.	juniority	(n) – कनिष्ठता*	The **juniority** has	सेवा में कार्यग्रहण के आधार पर

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			been decided on the basis of joining in the service by the employee concerned.	संबंधित कर्मचारी की **कनिष्ठता** के बारे में निर्णय लिया गया है।
121.	junior library	(n) - बाल पुस्तकालय	Books have been purchased for the **junior library**.	**बाल पुस्तकालय** के लिए पुस्तकें खरीदी गई हैं।
122.	junior most	(adj) - कनिष्ठतम	The **junior most** officer has been posted in the administration section.	प्रशासन अनुभाग में **कनिष्ठतम** अधिकारी को तैनात किया गया है।
123.	junior scale	(n) - अवर वेतनमान, कनिष्ठ वेतनमान	The proposal for merging the **junior scales** is under consideration.	**कनिष्ठ वेतनमानों** के विलय का प्रस्ताव विचाराधीन है।
124.	jurisdiction	(n) - **अधिकार क्षेत्र**, **क्षेत्राधिकार**, अधिकारिता*	The matter does not come under the **jurisdiction** of this office.	यह मामला इस कार्यालय के **अधिकार क्षेत्र** में नहीं आता है।
125.	jurisprudence	(n) – **न्यायशास्त्र**, **विधिशास्त्र**	The committee has emphasized for a need of certain changes in the modern **jurisprudence**.	समिति ने आधुनिक **न्यायशास्त्र** में कुछ परिवर्तन की जरूरत पर बल दिया है।
126.	jurist	(n) - विधिवेत्ता	The Lower Court **Jurist** said the boy will have a hearing in Juvenile Court.	निचली अदालत के **विधिवेत्ता** ने कहा कि लड़के की सुनवाई किशोर न्यायालय में होगी।
127.	jury	(n) - **निर्णायक मंडल**, जूरी*	There was a consensus among the members of the **jury** in this matter.	इस मामले में, **निर्णायक मंडल** के सदस्यों के बीच आम सहमति थी।
128.	just	(adj) – 1. **न्यायसंगत**, उचित (adv) – 2. **केवल**, **सिर्फ**, **मात्र**	1. It was a **just** decision. 2. It was **just** an ordinary case.	1. यह **न्यायसंगत** निर्णय था। 2. यह **केवल** एक साधारण मामला था।
129.	justice	(n) - 1. न्याय 2. न्यायमूर्ति	1. The workers are demanding equal rights and **justice**. 2. Justice R. M. Lodha, the senior most judge of the Supreme Court, was sworn in as the 41st *Chief*	1. श्रमिक समान अधिकार और **न्याय** की मांग कर रहे हैं। 2. उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, **न्यायमूर्ति** आर.एम. लोढ़ा ने भारत के 41 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

S. No.	**Words**	**Hindi Synonyms**	**Usages in English**	**Usages in Hindi**
			Justice *of India.*	
130.	justiciable	(adj) - न्याय, न्याय के विचार योग्य	This case of inter-se-seniority is a **justiciable** dispute.	परस्पर-वरिष्ठता का यह मामला **न्याय** के विचार योग्य विवाद है।
131.	justifiable	(adj) – 1. **उचित**, न्यायोचित 2. समर्थनीय	The proposal of the austerity measures is **justifiable** on the grounds of financial necessity.	मितव्ययिता उपायों का प्रस्ताव वित्तीय आवश्यकता के आधार पर **उचित** है।
132.	justification	(n) - **औचित्य**	There is no **justification** for such misrepresentation.	इस तरह की गलत बयानी का कोई **औचित्य** नहीं है।
133.	justified	(adj) – **न्यायसंगत**, **न्यायोचित**	The report contains self-explanatory and **justified** facts.	रिपोर्ट में स्वतःस्पष्ट और **न्यायसंगत** तथ्य हैं।
134.	juvenile	(n) - किशोर	**Juvenile** and minor in legal terms are used in different context.	कानूनी दृष्टि से '**किशोर**' और 'नाबालिग' शब्द अलग संदर्भ में प्रयोग किए जाते हैं।
135.	juvenile convict	(n) - **दोषी किशोर**, सिद्धदोष किशोर	The **juvenile convict** has been sentenced to three years at a reform centre.	**दोषी किशोर** को तीन साल के लिए सुधार केंद्र में रखने की सजा सुनाई गई है।
136.	juvenile court	(n) - किशोर न्यायालय	The ***juvenile court*** today found the youngest accused guilty of rape and murder.	**किशोर न्यायालय** ने सबसे कम उम्र के आरोपी को बलात्कार और हत्या का दोषी पाया।
137.	juvenile delinquency	(n) - **किशोर अपराध**, किशोर अपचारिता*	**Juvenile delinquency** is a big breading centre of criminals.	**किशोर अपराध** से ही आगे चलकर बड़े अपराधी पैदा होते हैं।
138.	juvenile offender	(n) - किशोर अपराधी	The number of **juvenile offenders** in the city registered a jump in this year.	इस वर्ष, शहर में **किशोर अपराधियों** की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई।

K

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
1.	kangaroo court	(n) - **जन अदालत**	The **kangaroo court** of the extremist group convicted the hostages and killed them.	उग्रवादी संगठन की **जन अदालत** ने बंधकों को दोषी ठहराया और उन्हें मार डाला।
2.	keen	(adj) - 1. उत्सुक 2. **प्रतिस्पर्धी** 3. **कड़ा, सख्त** 4. **कुशाग्र, तीक्ष्ण** बुद्धि 5. अत्यधिक, **प्रबल**	1. The government is **keen** for peace talks to start again. 2. The company hopes its **keen** pricing policy will increase sales. 3. There is expected to be a **keen** fight in the local elections. 4. The scientist is a man of **keen** intellect. 5. The economist has been a **keen** supporter of the open economy.	1. सरकार फिर से शांति वार्ता शुरू करने के लिए **उत्सुक** है। 2. कंपनी को आशा है कि उसकी **प्रतिस्पर्धी** मूल्य निर्धारण नीति के कारण बिक्री में वृद्धि होगी। 3. स्थानीय चुनावों में **कड़ा** मुकाबला होने की आशा है। 4. वैज्ञानिक **कुशाग्र** हैं। 5. अर्थशास्त्री खुली अर्थव्यवस्था के **प्रबल** समर्थक रहे हैं।
3.	Keep (away, from)	(v) - 1.**पूरा करना, निबाहना** 2. **रखना** 3. **तैयार करना** 4. **संभालकर रखना** 5. **ध्यान रखना पालन करना** 6. **बनाए रखना** 7. **वापस लौटाना**	1. The supplier has failed to **keep** the deadline for supply. 2. **Keep** the files in a safe place. 3. **Keep** a record of the meeting. 4. The library decided to **keep** the old books instead of selling them. 5. **Keep** to the speed limits. 6. Costs must be **kept** to a minimum. 7. The police put up barriers to **keep** the crowds back.	1. आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय-सीमा में आपूर्ति **पूरा करने** में नाकाम हुआ है। 2. फ़ाइलें किसी सुरक्षित जगह में **रखें**। 3. बैठक का रिकॉर्ड **तैयार करें।** 4. पुस्तकालय ने पुरानी किताबें बेचने की बजाय **संभालकर रखने** का फैसला किया। 5. गति सीमा का **ध्यान रखें**। 6. लागत को कम से कम **बनाए रखनी** चाहिए। 7. पुलिस ने भीड़ को **वापस लौटाने** के लिए अवरोध लगाया।
4.	keep-out pricing	(n) - **लागत से कम मूल्य निर्धारण**	The **keep-out pricing** by the large companies is harmful for smaller competitors.	बड़ी कंपनियों द्वारा **लागत से कम मूल्य निर्धारण** छोटे प्रतियोगियों के लिए हानिकारक है।
5.	keeper	(n) - **रक्षक**	Only the **keeper** was allowed in the animal cages.	पशु के पिंजड़ों में केवल **उनके रक्षक** को जाने की अनुमति है।
6.	keeping	(n)-1. **देख-रेख, देख-**	1. The office left the	1. कार्यालय ने स्टाफ-कार की **देख-**

		भाल 2. **अनुरक्षण, रख-रखाव** 3. **भरण-पोषण** 4. **अधिकार**	staff car in the caretaker's **keeping**. 2. The office building is in good keeping. 3. The orphanage has been paid for the children's **keeping**. 4. The office entrusted the warden's **keeping** for the hostel.	**रेख** का काम केयरटेकर को सौंपा है। 2. कार्यालय भवन का **रख-रखाव** अच्छा है। 3. बच्चों के **भरण-पोषण** के लिए अनाथालय को धन दिया गया है। 4. कार्यालय ने हॉस्टल को वार्डन के **अधिकार** में सौंपा।
7.	keepsake	(n) - **निशानी**, **स्मृति-चिह्न**	The office has kept the Rajbhasha Shield as a **keepsake** of its achievement.	कार्यालय ने अपनी उपलब्धि के **स्मृति-चिह्न** के रूप में राजभाषा शील्ड रखी है।
8.	kernel	(n) - **सार**	The **kernel** of the message is that peace process should not be disrupted.	संदेश का **सार** यह है कि शांति प्रक्रिया को बाधित नहीं किया जाना चाहिए।
9.	key	(n) - 1. कुंजी 2. **उपाय** 3. **महत्वपूर्ण (बात)** (adj) - 4. आधारभूत, मूल 5. मुख्य (v) - 6. **परिवर्तन करना** 7. **घटना-बढ़ना**	1. Press the 'ESCAPE' **key** to exit from a programme. 2. The economic support is the **key** to the success of the project. 3. The **key** is, how long can the Reserve Bank control the inflation rate? 4. The cabinet has made some **key** changes in the export policy. 5. The **key** person of the rescue team is responsible for this event. 6. The daycare hours of the crèche are **keyed** to the needs of working parents. 7. Industrial Dearness Allowance is **keyed** to the rate of inflation.	1. किसी प्रोग्राम से बाहर निकलने के लिए 'ESCAPE' **कुंजी** दबाएं। 2. आर्थिक सहायता इस परियोजना की सफलता का **उपाय** है। 3. **महत्वपूर्ण बात** यह है कि केंद्रीय बैंक कब तक मुद्रास्फीति की दर को नियंत्रित कर पाता है? 4. मंत्रिमंडल ने निर्यात नीति में कुछ **आधारभूत** परिवर्तन किए हैं। 5. इस घटना के लिए बचाव दल का **मुख्य** व्यक्ति जिम्मेदार है। 6. शिशु सदन के कार्य-समय में कामकाजी माता-पिता की जरूरतों के अनुसार **परिवर्तन किए जाते हैं**। 7. औद्योगिक महंगाई भत्ता मुद्रास्फीति की दर के अनुसार **घटता-बढ़ता** है।
10.	keyhole journalism	(n) - क्षुद्र **पत्रकारिता**, ताक-झाक पत्रकारिता	The hospital has been the target of **keyhole journalism**.	अस्पताल को **क्षुद्र पत्रकारिता** का निशाना बनाया गया है।
11.	key industry	(n) - **बुनियादी उद्योग**, आधारभूत उद्योग	We need to develop **key industries** in rural areas too.	हमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी **बुनियादी उद्योगों** को विकसित करने की जरूरत है।

12.	key map	(n) - मूल नक्शा	The **key map** of the town planning is being reviewed by the expert committee.	विशेषज्ञ समिति नगर योजना के **मूल नक्शे** की समीक्षा कर रही है।
13.	keynote	(v) - **बीज वक्तव्य**	The event is usually **keynoted** by the Director General.	सामान्यत: इस अवसर पर महानिदेशक **बीज वक्तव्य** देते हैं।
14.	keynote address	(n) - **बीज भाषण**, आधार व्याख्यान	In his **keynote address**, the Chairman emphasized on the need for a dynamic work culture in the organization.	अध्यक्ष ने अपने **बीज भाषण** में, संगठन में गतिशील कार्य संस्कृति की आवश्यकता पर बल दिया।
15.	keynote speaker	(n) - **मुख्य वक्ता**	The **keynote speaker** elaborated the theme of the seminar.	**मुख्य वक्ता** ने संगोष्ठी की विषय-वस्तु को सविस्तार प्रस्तुत किया।
16.	key personnel	(n) - **मुख्य कार्मिक**	Being **key personnel** of the project, the officer always helped others.	परियोजना में **मुख्य कार्मिक** होने के नाते, अधिकारी ने हमेशा दूसरों की मदद की।
17.	key plan	(n) - **मुख्य योजना**	The **key plan** of the company is to reduce the production costs.	कंपनी की **मुख्य योजना** उत्पादन लागत कम करना है।
18.	key post	(n) - मुख्य पद	Despite holding the **key-post** in the organization, the officer never used the staff car.	संगठन में मुख्य पद पर होते हुए भी अधिकारी ने स्टाफ कार का कभी उपयोग नहीं किया।
19.	key role	(n) - **मुख्य भूमिका**	UNO played the **key role** in reaching the peace agreement.	संयुक्त राष्ट्र संघ ने शांति समझौते पर पहुंचने में **मुख्य भूमिका** निभाई।
20.	key stone	(n) - **मूल आधार, मूल तत्व**	Keeping inflation low should be the **keystone** of the economic policy.	मुद्रास्फीति को कम रखना आर्थिक नीति का **मूल आधार** होना चाहिए।
21.	key witness	(n) - **मुख्य गवाह**	The police officer is expected to be the **key witness** at the trial.	मुकदमे में पुलिस अधिकारी के **मुख्य गवाह** होने की आशा है।
22.	keyword	(n) - **संकेत-शब्द**, **मुख्य शब्द**	One can find the site by entering the **keyword**.	कोई व्यक्ति **संकेत-शब्द** प्रविष्ट करके साइट पर जा सकता हैं।
23.	kickback	(n) - **रिश्वत**, उत्कोच, **घूस**	The officer was accused of receiving a **kickback** from the supplier company.	अधिकारी पर आपूर्तिकर्ता कंपनी से **रिश्वत** लेने का आरोप लगाया गया था।
24.	kick start	(v) - **तेज़ी लाना**	The attempt to **kick-start** the economy	अर्थव्यवस्था में **तेज़ी लाने** का

			has failed.	प्रयास विफल हो गया है।
25.	kidnap	(v) - **अपहरण करना**	Two tourists have been **kidnapped** by the terrorists.	आतंकवादियों ने दो पर्यटकों का **अपहरण किया** है।
26.	kidnapper	(n)- **अपहरणकर्ता, अपहर्त्ता**	The **kidnappers** are demanding a ransom of Rs.10 lac.	**अपहरणकर्ता** 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग कर रहे हैं।
27.	kidnapping	(n) - **अपहरण**, व्यपहरण	Two youngsters have been arrested and charged with **kidnapping**.	दो युवाओं को गिरफ्तार किया गया है और उन पर **अपहरण** का आरोप लगाया गया है।
28.	kind	(n) - 1. **प्रकार 2. वस्तु** (adj) - 3. **उदार, दयालु** 4. **हितकर, अच्छा**	1. This **kind** of question often rises in the discussion. 2. Donation is also accepted in **kind**. 3. He is a very **kind** and helpful officer. 4. His **kind** deed will be remembered for ever.	1. इस **प्रकार** का सवाल चर्चा में अक्सर उठता है। 2. **वस्तु** के रूप में भी दान स्वीकार किया जाता है। 3. वे बहुत **दयालु** और मददगार अधिकारी हैं। 4. उनके **अच्छे** कार्य को हमेशा याद किया जाएगा।
29.	kindly	(adj) - 1. **अनुकूल, उदार** (adv) - 2. **कृपया**	1. The officer has adopted a **kindly** approach to the problem. 2. **Kindly** look into this matter and do a needful.	1. अधिकारी ने समस्या के प्रति **अनुकूल** दृष्टिकोण अपनाया है। 2. **कृपया** इस मामले को देखें और आवश्यक कार्रवाई करें।
30.	king	(n) - **नरेश, राजा**	The **King** of Bhutan was the chief guest of the Republic Day Parade.	भूटान **नरेश** गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे।
31.	kingdom	(n) - 1. **जगत** 2. **राज्य**	1. According to a study, the food cycle of the animal **kingdom** has been affected by the deforestation. 2. The **kingdom** has witnessed several democratic movements.	1. एक अध्ययन के अनुसार, वनों की कटाई से प्राणि **जगत** का भोजन चक्र प्रभावित हुआ है। 2. **राज्य** कई लोकतांत्रिक आंदोलनों का गवाह रहा है।
32.	king pin	(n) - 1. **मुख्य स्तंभ** 2. **सरगना**	1. He is the **kingpin** of the whole team. 2. A mafia **kingpin** has been arrested.	1. वह पूरी टीम का **मुख्य स्तंभ** है। 2. एक माफिया **सरगना** को गिरफ्तार किया गया है।
33.	kit	(n) - **किट*, उपकरण समूह**	The trainees prepared their **kits** for inspection.	प्रशिक्षार्थियों ने निरीक्षण के लिए अपनी-अपनी **किट** तैयार कीं।
34.	kite	(v) - 1. **जालसाज़ी करना** 2. **तेजी से**	1. The offender **kited** many cheques. 2. The	1. अपराधी ने कई चेकों की **जालसाज़ी की**। 2. वस्तुओं की

		बढ़ना 3. **बहुत ऊँची उड़ान भरना**	prices of commodities continue to **kite**. 3. The trainee pilot **kited** for a long time.	कीमतें **तेजी से बढ़ रही** हैं। 3. प्रशिक्षु पायलट ने लंबे समय तक **बहुत ऊँची उड़ान भरी**।
35.	kith and kin	(n) - निकट संबंधी	Such an officer may not be a member of the interview board whose **kith and kin** is a candidate.	ऐसे अधिकारी साक्षात्कार बोर्ड का सदस्य नहीं हो सकते हैं जिनका कोई **निकट संबंधी** उम्मीदवार हो।
36.	know-how	(n) - तकनीकी जानकारी	No other company had the technical **know-how** to deal with such type of industrial disaster.	किसी अन्य कंपनी के पास इस प्रकार की औद्योगिक आपदा से निपटने के लिए **तकनीकी जानकारी** नहीं थी।
37.	knowingly	(adv) - जानबूझकर	The employee was accused of **knowingly** submission of a false certificate to the office.	कर्मचारी पर **जानबूझकर** कार्यालय को झूठे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया था।
38.	knowledge	(n) - 1. **ज्ञान** 2. **जानकारी**	1. There will be a paper on General **Knowledge** in the entrance examination. 2. The employee acted with the full **knowledge** of his superiors.	1. प्रवेश परीक्षा में सामान्य **ज्ञान** का एक प्रश्नपत्र होगा। 2. कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की पूरी **जानकारी** में कार्य किया।
39.	knowledge base	(n) - **ज्ञान-आधार**	The **knowledge base** needs to be broadened before further edition of the manual.	नियम- पुस्तक के अगले संस्करण से पहले **ज्ञान-आधार** को व्यापक बनाने की आवश्यकता है।
40.	knowledge level	(n) - **ज्ञान-स्तर**	A workshop has been organized to increase the **knowledge level** of the candidates.	उम्मीदवारों के **ज्ञान-स्तर** को बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है।
41.	knowledge-based system	(n) - **ज्ञान आधारित प्रणाली या तंत्र**	The project is an example of a large **knowledge-based system**.	यह परियोजना व्यापक **ज्ञान आधारित प्रणाली** का उदाहरण है।
42.	knowledgeable	(adj) - सुविज्ञ, जानकार	The company needs skilled and **knowledgeable** technicians.	कंपनी को कुशल और **जानकार** तकनीशियनों की आवश्यकता है।
43.	known	(adj) -1. **ज्ञात** 2. **विख्यात**, **जाना-माना** 3.**जाना-पहचाना,**	1. The data have been collected from the **known** sources. 2.	1. आंकड़ें **ज्ञात** स्रोतों से एकत्रित किए गए हैं। 2. **विख्यात** वैज्ञानिक प्रोफेसर

		सुपरिचित	The ‘Bharat Ratna’ has been awarded to the **known** scientist Professor C.N.R. Rao. 3. The police have arrested the **known** drug dealer.	सीएनआर राव को 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 3. पुलिस ने नशीली दवाओं के **जाने-पहचाने** व्यापारी को गिरफ्तार किया है।

L

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	label	(n) - परची, लेबल	All the products are **labeled** with comprehensive instructions.	सभी उत्पादों पर व्यापक निर्देश देते हुए **परची** लगाई गई है।
2.	laboratory	(n) - प्रयोगशाला*	The seized drugs were sent for chemical examination in government **laboratory**.	जब्त की गई दवाओं को सरकारी **प्रयोगशाला** में रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा गया।
3.	labour	(n) - 1. श्रम 2. **मजदूर,** श्रमिक वर्ग 3. **प्रसव** 4. **श्रमदान**	1. The company has been blacklisted on account of non-compliance of the **labour** law. 2. There is restriction on engaging casual **labour** in the Govt. Departments. 3. Due to stressful lifestyle women tend to develop complications during labour. 4. Villagers **laboured** a road in the village at their own initiative.	1. **श्रम** कानून का पालन न करने के कारण कंपनी का नाम काली सूची में डाल दिया गया है। 2. सरकारी विभागों में अनियत **मजदूर** रखने पर प्रतिबंध है। 3. तनावपूर्ण जीवन शैली के कारण महिलाओं को प्रसव के दौरान समस्याएं आती हैं। 4. ग्रामीणों ने अपनी पहल से **श्रम दान** कर सड़क का निर्माण किया ।
4.	labour appellate tribunal	(n) - श्रम अपील अधिकरण	Bank will approach to the **Labour Appellate Tribunal**.	बैंक **श्रम अपील अधिकरण** के समक्ष अपना मामला प्रस्तुत करेगा ।
5.	labour charges	(n) - 1. मजदूरी * 2. श्रम प्रभार	Increase in **labour charges** results in increase in production cost.	श्रम प्रभार में वृद्धि के परिणामस्वरूप **उत्पादन लागत** बढ़ जाती है।
6.	labour cost	(n) - **मजदूरी लागत**, श्रम लागत	The company wants to keep down **labour costs**.	कंपनी **मजदूरी लागत** को कम रखना चाहती है।
7.	labour court	(n) - श्रम न्यायालय	The case is filed in **labour court**.	मामला **श्रम न्यायालय** में फाइल किया गया है।
8.	labour dispute	(n) - श्रम विवाद	The strike in the company was the outcome of **labour dispute**.	कंपनी में हड़ताल **श्रम विवाद** के कारण हुई।
9.	labourer	(n) - श्रमिक,	The rates of daily wages for skilled and	कुशल और अकुशल श्रमिकों की

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		मजदूर	unskilled **labourers** have been revised.	दैनिक मजदूरी की दरें संशोधित की गई हैं।
10.	labour intensive industry	(n) - श्रम प्रधान उद्योग	Despite the importance of **labour-intensive industries** in generating employment, the quantification of crucial issues like employment, productivity and wages have not been well researched.	रोजगार प्रदान करने में **श्रम प्रधान उद्योगों** के महत्व के बावजूद, महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी पर वृहद रूप से शोध नहीं किया गया है।
11.	labourious	(adj) - 1. परिश्रमी, मेहनती 2. कठिन	1. **Laborious** employees need to be encouraged. 2. After successful completion of **labourious** training, the president presented the honours to the officer trainees of the Indian Police Service.	1. **परिश्रमी** कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। 2. **कठिन** प्रशिक्षण के बाद, राष्ट्रपति जी ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं को सम्मान प्रदान किया।
12.	labour laws	(n) - **श्रम कानून**, श्रम विधि	A foreign investor while making investment in India has to make itself aware of the complex **labour laws** in India.	भारत में निवेश कर रहे विदेशी निवेशकों को भारत के जटिल **श्रम कानूनों** के बारे में जानकारी होनी चाहिए।
13.	labour legislation	(n) - 1. श्रम विधान 2. श्रम विधिनिर्माण	The main objective of **labour legislations** is preservation of the health, safety and welfare of workers.	**श्रम विधान** का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण का संरक्षण है।
14.	labour output-ratio	(n) - श्रम उत्पादन अनुपात	For a small business improving **labour output-ratio** means improving gross revenues and profits.	छोटे व्यवसाय के लिए **श्रम उत्पादन अनुपात** में सुधार का अर्थ है, सकल राजस्व और लाभ में सुधार।
15.	labour relations	(n) - मालिक-मजदूर संबंध	Governments set the framework for **labour relations** through legislation.	सरकार ने विधान द्वारा मालिक-मजदूर संबंध की रुपरेखा बनाई।
16.	labour room	(n) - प्रसूति कक्ष	The **labour room** of	जिला अस्पताल के **प्रसूति कक्ष**

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			District Hospital is fully equipped with latest facilities.	में आधुनिक सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध हैं।
17.	labour saving device	(n) - **श्रम कम करने के साधन**, श्रम बचत युक्ति	Work can be done expeditiously by **labour saving device.**	**श्रम कम करने के साधनों** के प्रयोग से काम तेजी से किया जा सकता है।
18.	labour saving measures	(n) - **श्रम कम करने के उपाय**, **मजदूरी कम करने के उपाय,** श्रम बचत उपाय	Multinational companies use **labour saving measures** extensively.	बहुराष्ट्रीय कंपनियां व्यापक रूप से **श्रम कम करने के उपायों** का प्रयोग करती हैं।
19.	labour turnover	(n) - श्रमिक आवर्त	**Labour turnover** is a major problem of economies across globe.	विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं में **श्रमिक आवर्त** एक प्रमुख समस्या है।
20.	labour union	(n) - **श्रमिक संघ,** मजदूर संघ	**Labour Union** has called for two days strike.	**श्रमिक संघ** ने दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है।
21.	labour welfare	(n) - **मजदूर कल्याण, कामगार कल्याण,** श्रम कल्याण, श्रमिक कल्याण	The government has taken many steps for **labour welfare**.	सरकार ने **कामगार कल्याण** के लिए कई कदम उठाए हैं।
22.	labour welfare fund	(n) - **मजदूर कल्याण निधि, कामगार कल्याण निधि,** श्रमिक कल्याण निधि	New management has substantially increased the amount of **labour welfare fund**.	नए प्रबंधन ने **मजदूर कल्याण निधि** की राशि में काफी वृद्धि की है।
23.	lack of incentive	(n) - प्रोत्साहन का अभाव	Production has stagnated due to **lack of incentive**.	**प्रोत्साहन के अभाव** के कारण उत्पादन एक बिंदु पर आकर ठहर गया है।
24.	lack of integrity	(n) - सत्यनिष्ठा का अभाव	The employee was suspended due to **lack of integrity**.	कर्मचारी को **सत्यनिष्ठा के अभाव** के कारण निलम्बित कर दिया गया।
25.	lack of knowledge	(n) - ज्ञान का अभाव	He could not be made head of the finance department due to **lack of knowledge** of financial affairs.	वित्तीय मामलों के **ज्ञान के अभाव** के कारण उसे वित्त विभाग का प्रमुख नहीं बनाया जा सकता।
26.	ladder	(n) - 1. सोपान 2. सीढ़ी	His academic achievements helped him in climbing the **ladder** of promotion.	उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों ने उसे पदोन्नति के **सोपान** चढ़ने में सहायता की।

S. No.	**Words**	**Hindi Meaning**	**Usage in English**	**Usage in Hindi**
27.	lame excuse	(n) - झूठा बहाना	His illness is **lame excuse** for not coming to the office.	उसकी बीमारी कार्यालय न आने का झूठा बहाना है।
28.	land acquisition	(n) - **भू- अर्जन,** भूमि-अर्जन	The government has amended **land acquisition act**.	सरकार ने **भू-अर्जन अधिनियम** में संशोधन किए हैं।
29.	landed cost	(n) - उतराई तक लागत	**Landed cost** is always more than the basic cost of the goods.	**उतराई तक लागत** हमेशा माल की मूल लागत से अधिक होता है।
30.	landed property	(n) - भू-संपत्ति	Price of the **landed property** has escalated substantially.	दिल्ली में **भू-संपत्ति** के दाम अत्यधिक बढ़ गए हैं।
31.	landslide	(n) - भू-स्खलन	Much property has been damaged in recent **landslide** in Jammu.	जम्मू में हाल ही में भू-स्खलन से बहुत संपत्ति का नुकसान हो गया है।
32.	land holder	(n) - भूमिधारी	The government has announced many incentive schemes for **land holders**.	सरकार ने भूमिधारी के लिए बहुत सी प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की है।
33.	landless labourer	(n) - भूमिहीन मजदूर	In many states government has given land rights to **landless labourers**.	कई राज्यों में सरकार ने भूमिहीन मजदूरों को भूमि अधिकार दिया है।
34.	landlord	(n) - 1. भू-स्वामी 2. मकान मालिक	Rent is paid to **landlord** on monthly basis.	मकान मालिक को किराया मासिक आधार पर दिया जाता है ।
35.	land mark	(n) - 1. **निशान,** सीमा चिह्न 2. **महत्वपूर्ण घटना** (adj) - 3. **ऐतिहासिक, महत्वपूर्ण**	1. **Land mark** in the way of reaching the station is not clear. 2. The discovery of penicillin was a **landmark** in the history of medicine. 3. The Supreme court decision about women's right was a **landmark**.	1. स्टेशन पहुंचने के रास्ते का **निशान** स्पष्ट नहीं थे। 2. औषध के क्षेत्र में पेंसुलीन का आविष्कार **महत्वपूर्ण घटना** थी। 3. महिला अधिकारों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का यह एक **ऐतिहासिक** निर्णय था।
36.	land mortgage bank	(n) - भूमि बंधक बैंक	The government has started many **land mortgage banks** in rural areas.	सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में कई **भूमि बंधक बैंक** शुरू किए हैं।
37.	landowner	(n) - भू-स्वामी	Panchayat is the **landowner** of the	पंचायत सामुदायिक भूमि की **भू-**

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			community land.	**स्वामी** होती है।
38.	land reclamation	(n) - भूमि उद्धार	The state government's special drive has resulted in **land reclamations** in large area.	राज्य सरकार के विशेष अभियान के परिणामस्वरूप बहुत बड़े क्षेत्र में **भूमि उद्धार** का काम किया है।
39.	land record	(n) - **भूमि-रिकार्ड**, **भूमि-अभिलेख**, भू-अभिलेख	**Land records** are available in the district office.	**भूमि रिकार्ड** जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं।
40.	land reform	(n) - भूमि सुधार	**Land reforms** have resulted in higher productivity of food grains.	**भूमि सुधारों** से खाद्यानों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।
41.	land revenue	(n) - भू-राजस्व, मालगुजारी	Income from **land revenue** is a significant part of government's income.	**भू-राजस्व** से प्राप्त आय सरकार की आय का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
42.	land settlement	(n) - बंदोबस्त, भू-व्यवस्थापन	**Land settlement** is very aspect of land reforms.	**भू-व्यवस्थापन** भूमि सुधार का महत्वपूर्ण पहलू है।
43.	landslide victory	(n) - भारी विजय	It was a **landslide victory** for local candidate.	स्थानीय उम्मीदवार के लिए यह **भारी विजय** थी।
44.	land tenure	(n) - भू-धृति	Providing **land tenure** for small period results into low productivity.	कम समय की भू-धृति के परिणामस्वरूप उत्पादन में कमी आती है।
45.	Land use certificate	(n) - भूमि उपयोग प्रमाणपत्र	**Landuse certificate** can only be issued by competent authority in District office.	**भूमि उपयोग प्रमाणपत्र** जिला कार्यालय में केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही ज़ारी किया जा सकता है।
46.	Land use change	(n) - भूमि उपयोग परिवर्तन	In certain cases, **land use change** for commercial reasons is not permissible.	कुछ मामलों में व्यावसायिक कारणों के लिए **भूमि उपयोग परिवर्तन** की अनुमति नहीं है।
47.	language	(n) - भाषा	He has good command over Sanskrit **Language**.	उसका संस्कृत **भाषा** पर अच्छा अधिकार है।
48.	lapse	(n) -1. **पश्चात** 2. **भूल, गलती** (v) - 3. **समाप्त होना,** बीत जाना, व्यपगत होना	1. He has come back from deputation after a **lapse** of 3 years. 2. Not giving due honour to guest was a **lapse** on the part of	1. वह प्रतिनियुक्ति सेवा के 3 वर्ष **पश्चात** लौटा है। 2. विशिष्ट अतिथि का उचित सत्कार न किया जाना नयाचार अधिकारी की **भूल** थी। 3. उसकी

<u>S. No.</u>	<u>Words</u>	<u>Hindi Meaning</u>	<u>Usage in English</u>	<u>Usage in Hindi</u>
			Protocol Officer. 3. Her membership of the library has **lapsed**.	पुस्तकालय की सदस्यता समाप्त हो गई है।
49.	lapse of sanction	(n) -1. मंजूरी का समय, समाप्त होना 2. मंजूरी का व्यपगत होना	**Lapse of sanction** has forced office to issue fresh sanction for this expenditure.	**मंजूरी का समय समाप्त** हो जाने के कारण कार्यालय को इस व्यय हेतु नए सिरे से मंजूरी निकालनी पड़ी।
50.	lapse of deposit	(n) - **जमा की समाप्ति**, जमा का व्यपगमन	Policies are at risk due to **lapsing of deposit**.	**जमा की समाप्ति** होने के कारण पोलिसियां जोखिम में हैं।
51.	lap top	(n) - लैप टॉप	Working on **Laptop** is a convenient as it is moveable.	लैप टॉप पर काम करना सुविधाजनक है क्योंकि इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है।
52.	large scale	(n) - **बड़े पैमाने पर**, बड़ा पैमाना	These goods are cheap as the production on a **large scale**.	**बड़े पैमाने** पर उत्पादन के कारण ये वस्तुएं सस्ती हैं।
53.	last date	(n) - अंतिम तिथि	Today is the **last date** of submission of tender.	आज निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि** है।
54.	lasting	(adj) - स्थायी	These reforms will bring **lasting** benefits.	इन सुधारों से **स्थायी** लाभ प्राप्त होंगे।
55.	lastly	(adv) - **अन्त में**, आखिर में, अंततः	**Lastly**, the Director thanks all the staff for their co-operation.	**अन्त में**, निदेशक महोदय ने सभी कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।
56.	last payment	(n) - अंतिम भुगतान	Documents will be returned after three months of the **last payment**.	**अंतिम भुगतान** के 3 माह बाद दस्तावेज लौटाए जायेगें।
57.	late	(adv) - 1. विलंब से, देरी से (adj) - 2. स्वर्गीय	(adv)- The harvest was **late** this year because of the rain. 2. The Rajendra Bhawan Trust was established, in the memory of **late** Dr. Rajendra Prasad the First President of the Indian Republic.	(adv)- वर्षा के कारण इस वर्ष फसल की कटाई **देरी से** हुई। 2. राजेन्द्र भवन ट्रस्ट की स्थापना भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति **स्वर्गीय** डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की स्मृति में की गई थी।
58.	late attendance	(n) - विलंब-उपस्थिति	Biometric Based	कई कार्यालयों में बॉयोमीट्रिक

S. No.	**Words**	**Hindi Meaning**	**Usage in English**	**Usage in Hindi**
			Attendance Monitoring System (BBAMS) has been introduced in many offices to check the **late attendance** problem in employees.	आधारित उपस्थिति निगरानी प्रणाली (बीबीएएमएस) कर्मचारियों में **विलंब-उपस्थिति** की समस्या से निपटने के लिए शुरू किया गया है।
59.	late duty	(n) - **देर तक कार्य,** अधिसमय ड्यूटी	Extra allowance is availed for **late duty**.	**देर तक कार्य** के लिए अतिरिक्त भत्ता मिलता है।
60.	lately	(adv) - हाल ही में	The Director has **lately** returned from tour.	निदेशक महोदय **हाल ही में** दौरे से लौटे हैं।
61.	late payment	(n) - देरी से भुगतान	**Late Payment** of Service Tax attracts Penalty @18% p.a.	सेवा कर का **देरी से भुगतान** करने पर प्रतिवर्ष 18% की दर से शास्ति लगाई जाती है।
62.	lateral entry	(n) - पार्श्विक प्रवेश	PCS officers are allowed **lateral entry** in civil services after completion of required eligibility criteria.	राज्य सेवा के अधिकारियों को अपेक्षित अर्हता पूरी करने पर सिविल सेवा में **पार्श्विक प्रवेश** दिया जाता है।
63.	lateral relations	(n) - पार्श्विक संबंध	It is the ***lateral relations*** *that power* the *business* forward.	**पार्श्विक संबंध** किसी व्यवसाय को आगे ले जाते हैं।
64.	lateral support	(n) - **पार्श्व आधार,** पार्श्व-समर्थन	The wall is weak and requires **lateral support**.	दीवार कमजोर है और इसे **पार्श्व आधार** की आवश्यकता है।
65.	lateral transfer	(n) - पार्श्व अंतरण	The JS in the Department of Agriculture and Cooperation is appointment as Mission Director under the Department of Agriculture and Cooperation on **lateral transfer** basis.	कृषि और सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव की **पार्श्व अंतरण** आधार पर कृषि और सहकारिता विभाग के अधीन मिशन निदेशक के रूप में नियुक्ति हुई है।
66.	latest	(adj)- नवीनतम, अधुनातन	This product is based on **latest techniques.**	यह उत्पाद **नवीनतम** तकनीक पर आधारित है।
67.	latitude	(n) - छूट, ढील	Employees should have some **latitude** in organizing their work.	अपने कार्य को सुनिश्चित रूप से करने के लिए कर्मचारियों को कुछ **छूट** दी जा सकती है।

S. No.	**Words**	**Hindi Meaning**	**Usage in English**	**Usage in Hindi**
68.	laudable	(adj) - प्रशंसनीय	He has **laudable** suggestions for improving housing conditions.	उसके पास आवास की उन्नति के लिए **प्रशंसनीय** संकल्पनाएं हैं।
69.	launch	(n)-1. **विमोचन**, **लोकार्पण**, प्रमोचन, शुभारंभ (योजना), अवतरण (जहाज) 2. प्रक्षेपण (v) - 3. प्रारंभ करना	1. The new book was **launched** in a grand ceremony. 2. A test satellite was **launched** from Sriharikota. (v)- The police have **launched** an investigation into the incident.	1. नई पुस्तक का **लोकार्पण** एक भव्य समारोह में किया गया। 2. परीक्षण उपग्रह का **प्रक्षेपण** श्रीहरिकोटा से किया गया। (v)- पुलिस ने घटना की जांच **प्रारंभ कर** दी है।
70.	laundry allowance	(n) - धुलाई भत्ता	Personnel of the *Armed Forces* get **laundry allowance**.	सशस्त्र बलों के कर्मियों को **धुलाई भत्ता** मिलता है।
71.	lavatory	(n) - शौचालय	One more **lavatory** is needed at bus station.	बस अड्डे पर एक और **शौचालय** की आवश्यकता है।
72.	law	(n) - विधि, कानून	Suicide is a criminal offence according to Indian **law**.	भारतीय **विधि** के अनुसार आत्माहत्या एक आपराधिक कृत्य है।
73.	law abiding	(adj) - विधि-पालक, कानून का पालन करने वाला	**Law-abiding** persons need to be encouraged.	**कानून का पालन करने वाले** व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना चाहिए।
74.	law and order	(n) - **विधि-व्यवस्था,** कानून और व्यवस्था	It is the responsibility of the state government to maintain **law and order**.	**विधि-व्यवस्था** बनाए रखने का दायित्व राज्य सरकार का है।
75.	law breaker	(n) - कानून तोड़ने वाला	**Law breakers** should be punished.	**क़ानून तोड़ने वालों** को सजा मिलनी चाहिए।
76.	law court (court of law)	(n) - **अदालत**, न्यायालय	The department resorted to the **law court** to resolve the seniority matter.	विभाग ने वरिष्ठता मामले को हल करने के लिए **अदालत** का सहारा लिया।
77.	law enforcing agency	(n) - विधि-प्रवर्तन अभिकरण	The police acted on a tip-off by officers from **law enforcing agency**.	पुलिस ने **विधि-प्रवर्तन अभिकरण** के अधिकारियों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर कार्य किया।
78.	lawful	(adj) - विधिसम्मत, **विधिमान्य, कानूनी**	The Army said that his detention at the border had been **lawful**.	सेना ने सीमा पर उसकी नजरबंदी को **विधिमान्य** करार दिया।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
79.	lawful custody	(n) - 1.विधिसम्मत अभिभावक 2. विधिसम्मत अभिरक्षा	1. The father took the child from the mother's **lawful custody**. 2. The Supreme Court has held that persons in **lawful custody** cannot contest elections.	1. पिता ने मां की **वैध अभिरक्षा** से बच्चे को ले लिया। 2. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि **विधिसम्मत अभिरक्षा** में रह रहा व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता।
80.	lawful guardian	(n) - विधिसम्मत संरक्षक	The mother is equally **lawful guardian** of child as father.	माँ भी पिता के समान ही बच्चे की विधिसम्मत संरक्षक है।
81.	lawsuit	(n) - **मुकदमा**, वाद	A total of 157 **lawsuits** were filed on behalf of train accident victims.	रेल दुर्घटना के शिकार लोगों की ओर से कुल 157 **मुकदमें** दायर किए गए।
82.	lawyer	(n) - वकील	Prosecution and defense **lawyers** will deliver closing arguments next week.	अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के **वकील** अगले सप्ताह समापन तर्क देंगे।
83.	laxity	(n) - **छूट**, शिथिलता	In this financial year some **laxity** is given to the tax payers.	इस वित्तीय वर्ष में करदाताओं को कुछ **छूट** दी गयी है।
84.	lay before	(n) - पेश करना, सामने रखना, प्रस्तुत करना	The Advocate **laid** the evidence **before** the Judge.	अधिवक्ता ने न्यायाधीश के **सामने** सबूत **रखे**।
85.	layoff	(n) - कामबंदी	The decision of **layoff** of labour union will be challenged by the company.	कंपनी मजदूर संघ के **कामबन्दी** के निर्णय को चुनौती देगी।
86.	layout	(n) - अभिन्यास, नक्शा	All the flats in the colony have the same **layout**.	कालोनी के सभी फ्लैटों का **नक्शा** एक समान है।
87.	lazy	(adj) - सुस्त, आलसी	**Lazy** and incompetent police officers are letting the public down.	**आलसी** और अक्षम पुलिस अधिकारियों ने लोगों को निराश किया है।
88.	leader	(n) - 1. नेता, नायक 2. अग्रणी, प्रमुख 3. अग्रलेख	1. The **leader** of a union is invited for talks. 2. This company is a world **leader** in manufacturing electrical goods. 3.	1. यूनियन के **नेता** को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। 2. यह कंपनी बिजली के सामान बनाने वाली कंपनियों में **अग्रणी** है। 3. आज समाचार पत्र ने अपने संपादकीय अग्रलेख में

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			Today the newspaper has featured elections in its editorial **leader** column.	चुनाव पर चर्चा की है।
89.	leadership quality	(n) - नेतृत्व गुण	The meeting was successful because of the **leadership quality** of the manager.	प्रबंधक के **नेतृत्व गुणों** के कारण बैठक सफल रही।
90.	leading article	(n) - अग्रलेख	Topic of today's **leading article** of the newspaper is elections.	आज के समाचार पत्र के अग्रलेख का विषय चुनाव है।
91.	leaflet	(n) - पत्रक, पर्ची	Training officer handed out **leaflets** on translation.	प्रशिक्षण अधिकारी ने अनुवाद पर पत्रक वितरित की।
92.	leak	(v) - 1. **भेद खोलना**, भेद बताना 2. रिसना	1. The report's findings have been **leaked**. 2. A gas **leak** caused the explosion.	1. रिपोर्ट के निष्कर्षों का **भेद खोला** गया। 2. गैस **रिसने** से विस्फोट हुआ।
93.	leakage	(n) - 1. रिसाव 2. अनाधिकारिक प्रकटन 3. लीकेज (v) - 4. रिसना	1. **Leakage** of toxic waste into the sea is a main cause of pollution. 2. Disciplinary action was taken for **leakage** of confidential information by the employee. 3. There is a **leakage** in the pipe.	1. प्रदूषण का मुख्य कारण समुद्र में विषाक्त कचरे का **रिसाव** है। 2. कर्मचारी द्वारा गोपनीय सूचना के **अनाधिकारिक प्रकटन** के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। 3. पाइप में **लीकेज** है ।
94.	leap frogging	(n) - उछाल	The price of the shares **leaped frogged** during boom period.	आर्थिक तेजी के दौरान शेयरों की कीमत में **उछाल** आया।
95.	learning	(n) - 1. सीखना, अधिगम 2. विद्वत्ता	His writings reflect his immense learning.	उनके लेखन से उनकी विद्वता परिलक्षित होती है।
96.	lease	(n) - 1. पट्टा (v) - 2. पट्टे पर देना	Under the terms of the lease, office has to pay maintenance charges.	पट्टे की शर्त के अनुसार, कार्यालय को रखरखाव शुल्क का भुगतान करना होगा।
97.	leave	(n)- 1. छुट्टी 2. अनुमति 3. इजाजत	**Leave** is being declared in all the	कल सभी कार्यालयों में **छुट्टी** घोषित की गई है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		(विधि) 4. छोड़ना	offices tomorrow.	
98.	leave encashment	(n) - छुट्टी का नकद भुगतान, छुट्टी नकदीकरण	All employees demanded **leave** encashment.	सभी कर्मचारियों ने **छुट्टी नकदीकरण** की माँग की।
99.	leave not due	(n) - अर्जन-शोध्य छुट्टी	He could not go as his **leave was not due**.	**अनर्जित छुट्टी** की वजह से वो नहीं जा सका।
231.	regular	(adj)- नियमित	All adhoc employees have to be replaced by regular employees at the earliest.	सभी तदर्थ कर्मचारियों के स्थान पर यथाशीघ्र **नियमित** कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे।
232.	regular cadre	(n) नियमित संवर्ग	Exemption is generally permitted in respect of posts where creation of a regular cadre is not feasible.	सामान्यतः ऐसे पदों के संबंध में छूट की अनुमति दी जाती है जहां **नियमित संवर्ग** बनाना संभव नहीं हैं।
233.	regular income	(n) नियमित आय	The primary objective of this scheme is to provide a *regular income* to the investor.	इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य निवेशक को **नियमित आय** प्रदान करना है।
234.	regularization	(n) -	The department has	विभाग ने अनियत मजदूरों के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		नियमितीकरण, **नियमन**	initiated regularization process for Casual Labourers.	**नियमितीकरण** की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।
235.	regular promotion	(n) नियमित पदोन्नति	The officer will be considered for regular promotion as and when the normal vacancies in the grade arise.	जब भी ग्रेड में सामान्य रिक्तियां उत्पन्न होंगी, **नियमित पदोन्नति** के लिए अधिकारी के बारे में विचार किया जाएगा।
236.	regular service	(n) नियमित सेवा	Only the regular service in the grade is to be counted for determination of qualifying service.	अर्हक सेवा के निर्धारण के लिए ग्रेड में केवल **नियमित सेवा** को ही गिना जाएगा।
237.	regularity	(n) - **नियमितता**	1. Climate change is disrupting the regularity of the seasons. 2. The Government has appreciated the regularity of this office in taking required action.	1. जलवायु परिवर्तन मौसम की **नियमितता** को भंग कर रहा है। 2. सरकार ने अपेक्षित कार्रवाई करने में इस कार्यालय की **नियमितता** की प्रशंसा की है।
238.	regularly	(adv) - **नियमित रूप से**	Meetings are held regularly to discuss the progress of the project.	परियोजना की प्रगति पर चर्चा करने के लिए **नियमित रूप से** बैठकें की जाती हैं।
239.	regulation	(n) - विनियम	Under the new regulations, spending on office equipment will be strictly controlled.	नए **विनियमों** के अधीन सरकारी उपकरणों पर खर्च को सख्ती से नियंत्रित किया जाएगा।
240.	rehabilitation	(n) – 1. पुनर्वास 2. पुन:स्थापना, **सुधार**	The displaced people will be allotted land under the rehabilitation programme.	विस्थापित लोगों को **पुनर्वास** कार्यक्रम के अधीन भूमि आबंटित की जाएगी।
241.	rehearsal	पूर्वाभ्यास, अभ्यास	The Government has made elaborate arrangements for rehearsal of Republic Day Parade.	सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड के **पूर्वाभ्यास** के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।
242.	reimburse	(v) प्रतिपूर्ति करना, **अदा करना**	The entire amount shall be reimbursed as per entitlement.	संपूर्ण राशि की **प्रतिपूर्ति** हकदारी के अनुसार की जाएगी।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
243.	reimbursement	(n) प्रतिपूर्ति, **अदायगी**	Reimbursement of medical examination fee will not be allowed to the candidates who are found unfit.	अयोग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षा शुल्क की **प्रतिपूर्ति** नहीं की जाएगी।
244.	reimbursement benefits	(n) प्रतिपूर्ति हितलाभ, **प्रतिपूर्ति लाभ**	The employees will be entitled for reimbursement benefits as per prescribed rules.	कर्मचारी निर्धारित नियमों के अनुसार **प्रतिपूर्ति लाभ** के लिए हकदार होंगे।
245.	reinstate	(v) - बहाल करना, पुन:स्थापित करना	When a Government servant is reinstated in service the authority competent to order the reinstatement shall make a specific order in this regard.	जब किसी सरकारी कर्मचारी को सेवा में **बहाल किया** जाना हो तो **बहाली** आदेश देने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में विशेष आदेश जारी किया जाएगा।
246.	reinstatement	(n)- बहाली, पुन:स्थापना **पुनर्नियोजन**	The reinstatement order will be issued by the competent authority.	सक्षम प्राधिकारी द्वारा **बहाली** आदेश जारी किया जाएगा।
247.	reiterate	(v) - दोहराना, फिर कहना, **पुनः कहना**	1. If the DPC reiterates its earlier recommendations giving reasons therefore, the matter should be placed before the Minister for his decision. 2. It is once again reiterated that all the provisions of the aforesaid rules in the matter of suspension of Government employees should be followed strictly.	1. यदि विभागीय पदोन्नति समिति कारण देते हुए अपनी पूर्ववर्ती सिफारिशें **दोहराती** है तो यह मामला मंत्री के समक्ष उनके निर्णय के लिए रखा जाएगा। 2. यह एक बार **पुनःकहा** जाता है कि सरकारी कर्मचारियों के निलंबन के मामले में पूर्वोक्त नियमों के सभी उपबंधों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।
248.	reject	(v) - अस्वीकार करना, निकाल देना	The proposal was rejected outright.	यह प्रस्ताव पूरी तरह से **अस्वीकार** कर दिया गया था।
249.	rejection	(n)-1. अस्वीकृति, अस्वीकार	1. His proposal met with unanimous rejection.	1. उसका प्रस्ताव एकमत से अस्वीकृत हो गया|

S. No.	**Words**	**Hindi Synonyms**	**Usages in English**	**Usages in Hindi**
		2. अग्रहण (विधि), **नामंजूरी**	2. The proposal met with unanimous rejection.	2. अनुरोध **अस्वीकार** करने का आधार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विधिवत दर्ज किया जाएगा|
250.	rejection memo	(n)- अस्वीकृति ज्ञापन, अस्वीकृति पत्र	A copy of the rejection memo issued to the employee will be also placed in his personal file.	कर्मचारी को जारी **अस्वीकृति पत्र** की एक प्रति उसकी निजी फाइल में भी लगाई जाएगी।
251.	rejoinder	(n) - प्रत्युत्तर	Copy of the rejoinder received from appellant was forwarded to the Head Office.	अपीलकर्ता से प्राप्त **प्रत्युत्तर** की प्रति मुख्यालय भेजी गई।
252.	relative	(n)- संबंधी, नातेदार (adj)- सापेक्ष	(n)- It may be ensured that a close relative of an officer is not posted under his direct charge. (adj)- The relative seniority between a promotee and a direct recruit shall be determined by the year of appointment or promotion of each in the post.	(n)- यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी अधिकारी के निकट **संबंधी** को उनके सीधे प्रभार में तैनात नहीं किया जाता है। (adj)- पदोन्नत और सीधी भर्ती से नियुक्त कर्मचारी के बीच **सापेक्ष** वरिष्ठता का निर्धारण पद में प्रत्येक की नियुक्ति या पदोन्नति के वर्ष द्वारा की जाएगी।
253.	relative valuation	(n)- सापेक्ष मूल्यांकन	The corporation has issued order for relative valuation of his assets.	निगम ने उसकी परिसंपत्ति का **सापेक्ष मूल्यांकन** करने के लिए आदेश जारी किया है।
254.	relaxation	(n)- शिथिलता, रियायत, ढील, विश्रांति, शिथिलीकरण,शिथिलन,	Relaxation of age limits is ordinarily made only where the Recruitment Rules provide for such relaxation.	आयु सीमा में **शिथिलता** सामान्यतः वहीं दी जाएगी जहां भर्ती नियमों में ऐसे **शिथिलन** के लिए प्रावधान हो।
255.	relaxation of rules	(n) - नियम शिथिलन, नियमों में ढील,	All cases involving requests for relaxation of rules for reimbursement of full	पूर्ण व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु **नियमों में छूट** देने के अनुरोध से संबंधित सभी मामले सक्षम

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			expenditure shall be referred to the competent authority.	प्राधिकारी को भेजे जाएंगे।
256.	release	(n)- 1. निर्मोचन, लोकार्पण 2. निर्मुक्ति, रिहाई, छुटकारा (v)- 1. (धन) दे देना 2. जारी करना	(n)- 1. The Sahitya Academy organizes book release functions from time to time. (v)- 1. The employee shall utilize the fund for the purpose for which it has been released. 2. Whenever it is proposed to release official information to the press, the department concerned will consult the information officer in advance.	(n)-1.साहित्य अकादमी समय-समय पर पुस्तक **लोकार्पण** समारोह का आयोजन करती है। (v)- 1. कर्मचारी निधि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए करेगा जिसके लिए यह **दी गई** है। 2. जब भी प्रेस को सरकारी सूचना **जारी करने** का प्रस्ताव किया जाए तो संबंधित विभाग पहले सूचना अधिकारी से परामर्श करेगा।
257.	release date	(n) - लोकार्पण-तिथि, निर्मोचन तिथि	The release date of the book will be decided later.	पुस्तक की **लोकार्पण-तिथि** बाद में निर्धारित की जाएगी।
258.	relevant	(adj) - सुसंगत, संगत	A copy of the relevant rule is enclosed for ready reference	तत्काल संदर्भ के लिए **संगत** नियमों की एक प्रति संलग्न की गई है।
259.	relevant papers	(adj) - सुसंगत कागज, **संगत कागज**	The relevant papers related to the case should be kept in safe custody.	मामले से संबंधित **संगत कागजात** सुरक्षित अभिरक्षा में रखे जाने चाहिए।
260.	reliable	(adj)- विश्वसनीय, भरोसेमंद	This information has been received from reliable source.	यह सूचना **विश्वसनीय** स्रोतों से प्राप्त की गई है।
261.	reliance	(n) – 1. भरोसा, विश्वास 2. अवलंब, **निर्भरता**	Government has decided expansion of irrigation facilities to cut reliance on monsoon.	सरकार ने मानसून पर **निर्भरता** कम करने के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का निर्णय लिया है।
262.	relic(s)	(n) - 1. पुरावशेष	Relics of historical importance were	प्रदर्शनी में ऐतिहासिक महत्व के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		2. (पवित्र) अवशेष	displayed in the exhibition.	**पुरावशेष** प्रदर्शित किए गए।
263.	relief	(n)-1. राहत 2. भार-मोचक 3. अनुतोष (विधि)	Government grants dearness relief periodically to its employees.	सरकार अपने कर्मचारियों को समय - समय पर महंगाई **राहत** प्रदान करती है।
264.	relief and rehabilitation	(n) - राहत और पुनर्वास	Government servants actively contributed for the relief and rehabilitation of the disaster affected people.	सरकारी कर्मचारियों ने आपदा प्रभावित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए सक्रिय रूप से योगदान दिया।
265.	relief list	(n) - 1. भार-मोचक सूची 2. राहत सूची	A relief list will be prepared by the concerned ministry.	संबंधित मंत्रालय भार-मोचक सूची तैयार करेगा।
266.	relief works	(n) - राहत कार्य	Relief works were undertaken on priority basis in the flood affected areas.	बाढ़ ग्रस्त इलाकों में **राहत कार्य** अग्रता आधार पर किया गया ।
267.	relieve	(v) - भारमुक्त करना	All the departments relieve their employee for the deputation post of highr grade pay.	सभी विभाग उच्चतर ग्रेड वेतन के प्रतिनियुक्ति पद हेतु अपने कर्मचारी को **भारमुक्त** करते हैं।
268.	reliever	(n) – **एवजी** भार-मोचक	The employee can be relieved only after the reliever has taken over the charge.	**एवजी** के कार्यभार ग्रहण करने पर ही कर्मचारी को भारमुक्त किया जा सकता है।
269.	religious	(adj) - धार्मिक	The Constitution of India prohibits any discrimination on religious grounds.	भारत का संविधान **धार्मिक** आधार पर भेदभाव का प्रतिषेध करता है।
270.	religious endowment	(n)- धार्मिक अक्षयनिधि, धर्मदाय	Religious endowment is a property or fund, dedicated for a religious or charitable purpose.	**धार्मिक अक्षयनिधि** धार्मिक या धर्मार्थ प्रयोजन के लिए समर्पित संपत्ति या निधि होती है।
271.	religious trust	(n) - धार्मिक न्यास	The income of religious trusts is exempted from income tax.	**धार्मिक न्यास** की आय को आयकर से छूट प्राप्त है।
272.	relinquishment	(n)- त्याग, छोड़ना	If a relinquishment is made in favour of a	यदि **त्याग** ऐसे व्यक्ति के पक्ष में

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			person who is not a co-owner, the transaction shall be treated as a sale.	किया जाता है जो सहस्वामी नहीं है, तो लेन – देन को बिक्री माना जाएगा।
273.	relinquishment of charge	(n)- कार्यभार-त्याग	The joining time shall commence from the dale of relinquishment of charge of the previous post.	कार्यभार ग्रहण अवधि पूर्व पद से **कार्यभार – त्याग** की तारीख से प्रारंभ होगी।
274.	relocation	(n) - पुन:स्थानन	CGHS is managing the shortage of Manpower by relocation of staff as per requirements.	सीजीएचएस जनशक्ति की कमी को स्टाफ के यथावश्यक **पुनःस्थानन** द्वारा व्यस्थित कर रहा है।
275.	reluctance	(n) - अनिच्छा	The office has shown reluctance in implementing the recommendations of the restructuring committee	कार्यालय ने पुनर्गठन समिति की सिफारिशों को लागू करने में **अनिच्छा** प्रदर्शित की है।
276.	remains	(n) - अवशेष	Some archaeological remains have been found in the excavation.	खुदाई में कुछ पुरातात्विक **अवशेष** प्राप्त हुए हैं।
277.	remand	(n)- प्रतिप्रेषण, रिमांड (v)- **भेजना, प्रतिप्रेषित करना, वापस भेजना**	(n)-Both accused are in police remand. (v)- The Appellete Court rejected the settlement and remanded the case to the District Court.	(n)- दोनों अभियुक्त पुलिस **रिमांड** में हैं। (v)- अपील न्यायालय ने समझौता अस्वीकार कर दिया और मामला जिला न्यायालय को **प्रतिप्रेषित कर** दिया।
278.	remark	(n) - अभ्युक्ति, टिप्पणी	1. Where adverse remark is made in A.P.A.R of an employee, the same may invariably be communicated to the employee concerned. 2. The Reviewing Officer is free to make his remarks on the points not even	1. जहां किसी कर्मचारी के ए.पी.ए.आर में प्रतिकूल **टिप्पणी** दर्ज की जाती है, संबंधित कर्मचारी को इसके बारे में अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए। 2.पुनर्विलोकन अधिकारी रिपोर्टकर्ता अधिकारी द्वारा उल्लेख न किए बिंदुओं पर भी

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			mentioned by the Reporting Officer.	अपनी **अभ्युक्ति** देने के लिए स्वतंत्र है।
279.	remark column	(n) - अभ्युक्ति कॉलम, टिप्पणी कॉलम	Movement of files received from other departments/sections will be noted in the remarks column of the section diary.	अन्य विभागों/अनुभागों से प्राप्त फाइलों की आवा-जाही अनुभाग डायरी के **टिप्पणी कॉलम** में दर्ज की जाएगी।
280.	remedial	(adj) - **सुधारात्मक,** उपचारी	1. The building needs urgent remedial work to make it safe. 2. The Chairman shall take appropriate remedial steps to dispose of the matter.	1. भवन को सुरक्षित बनाने के लिए इसमें **सुधारात्मक** कार्य करने की तत्काल आवश्यकता है। 2. मामले का समाधान करने के लिए अध्यक्ष उपयुक्त **सुधारात्मक** कदम उठाएंगे।
281.	remedial action	(n) - **सुधारात्मक कार्रवाई***, उपचारी* कार्रवाई*	The disciplinary authority is required to identify the cases of indiscipline and take appropriate remedial action.	अनुशासनिक प्राधिकारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अनुशासनहीनता के मामलों की पहचान करे और उपयुक्त **सुधारात्मक कार्रवाई** करे ।
282.	remedial measures	(n) - **सुधारात्मक उपाय,** उपचारी उपाय,	The department shall take remedial measures to strengthen the control system.	विभाग नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए **सुधारात्मक उपाय** करेगा।
283.	(n) - remedial transfer	(n) - 1. **सुधारात्मक अंतरण,** उपचारी स्थानांतरण 2. उपचारी अंतरण,	The order of the remedial transfer of some employees has been issued by the office.	कार्यालय द्वारा कुछ कर्मचारियों के **उपचारी स्थानांतरण** के आदेश जारी किए गए हैं।
284.	remedy	(v) - **सुधार करना,** (n) - **सुधार,** उपाय, उपचार,	1. A great deal of efforts have made internally to remedy the situation. 2. The association was advised to seek legal remedy.	1.स्थिति में **सुधार करने** के लिए आंतरिक तौर पर काफी प्रयास किए गए हैं। 2.एसोसिएशन को विधिक **उपाय** करने की सलाह दी गई।
285.	reminder	(n) - अनुस्मारक,	If no response is received from the	यदि ज्ञापन भेजने के 1.5. दिनों

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		स्मरण-पत्र	employee within 1.5. days of sending the memorandum, a reminder will be sent.	के भीतर कर्मचारी से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो **अनुस्मारक** भेजा जाएगा।
286.	remission	(n) - 1. **छूट*** **2. कमी*** 3. परिहार (विधि) 4. माफी*	1. The university has granted partial remission of fees for overseas students. 2. The prisoner was granted six months' remission for his good behavior. 3. There is neither any remission nor cessation of the liability. 4. Remission of Land revenue shall be granted in accordance with the provisions made in this regard.	1. विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए शुल्क में आंशिक **माफी** प्रदान की है। 2.कैदी की सजा में अच्छे व्यवहार के कारण छह महीने की **माफी** दी गई । 3. दायित्व का न **परिहार** होता है और न ही समाप्ति। 4. भूमि राजस्व **माफी** इस संबंध में बनाए गए प्रावधानों के अनुसार दी जाएगी।
287.	remission of revenue	**(n) -** राजस्व की माफी	Remissions of revenue allowed before collection are to be treated as reduction of demands.	संग्रहण से पहले दी गई **राजस्व की माफी** को मांग में कमी माना जाएगा।
288.	remit	(v) - 1. प्रेषण करना, भेजना 2. माफ करना, छोड़ना	1.The court has remitted the matter to the agency for reconsideration. 2.The employee is required to remit the instalments within the prescribed period. 3.If any punishment appears to a superior authority to be unjust or excessive, such authority may cancel or remit the punishment.	1.न्यायालय ने मामला पुनर्विचार के लिए एजेंसी को **भेजा** है। 2. कर्मचारी को किस्तें निर्धारित समय के भीतर **प्रेषित** करनी होंगी। 3.यदि वरिष्ठ प्राधिकारी को दंड अन्यायपूर्ण या अधिक लगता है, तो ऐसा प्राधिकारी दंड को रद्द या **माफ** कर सकता है।
289.	remittance	(n) - 1. प्रेषण, भेजना 2. धन प्रेषण	1. Please return the completed form with your remittance.	1.कृपया फार्म पूरा भर कर **प्रेषण** सहित लौटाएं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		3. प्रेषित धन, भेजी गई रकम*	2. The cost of the remittance, if any, shall be borne by the employer. 3. The remittance of foreign currency is arranged through designated Public Sector Commercial Banks and Reserve Bank of India.	2.**प्रेषण** की लागत,यदि कोई हो, नियोजक द्वारा वहन की जाएगी। 3.विदेशी मुद्रा के **प्रेषण** की व्यवस्था सार्वजनिक क्षेत्र के नामित वाणिज्यिक बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से की जाती है।
290.	remittance facilities	(n) - धन प्रेषण सुविधाएं*, प्रेषण सुविधाएं*	A copy of contract shall be sent to Reserve Bank of India to provide necessary remittance facilities to the employee.	कर्मचारी को आवश्यक **प्रेषण सुविधाएं** प्रदान करने के लिए संविदा की एक प्रति भारतीय रिजर्व बैंक को भेजी जाएगी।
291.	remittance register	(n) - प्रेषण रजिस्टर	The Treasury Officer will also sign the Remittance Register of the Institution and return the same to the Institution concerned.	संस्था के **प्रेषण रजिस्टर** पर खजाना अधिकारी भी हस्ताक्षर करेगा और इसे संबंधित संस्था को वापस लौटाएगा।
292.	remittee	(n) - प्रेषिती, पाने वाला	It shall be ensured that the transferred funds reach the account of the right remittee.	यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतरित निधि सही प्रेषिती के खाते में पहुंचे।
293.	remitter	(n) - प्रेषक, भेजने वाला	One copy of the challans along with the remittance register will be returned to the remitter.	चालान की एक प्रति प्रेषण रजिस्टर सहित **प्रेषक** को लौटा दी जाएगी।
294.	remote	(adj) - 1. दूरस्थ, सुदूर 2. परोक्ष 3. रिमोट	The Government servant who is posted in a remote locality shall be entitled to remote locality allowance.	**दूरस्थ** स्थान में तैनात सरकारी कर्मचारी दूरस्थ स्थान भत्ते के लिए हकदार होगा।
295.	remote control	(n) - सुदूर नियंत्रण	Now-a-days most of the electronic appliances are being operated by remote	आजकल अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को **सुदूर नियंत्रण तकनीक** द्वारा प्रचालित किया

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			control technique.	जा रहा है।
296.	removal	(n) - 1. हटाया जाना, निष्कासन (v) - 2. **दूर करना**, अपसारण	Orders of removal or dismissal shall not be issued retrospectively. 2. The committee shall examine the nature of the anomaly and suggest measures for its removal.	1. **हटाए जाने** या बर्खास्तगी के आदेश पूर्वप्रभाव से जारी नहीं किए जाएंगे। 2. समिति विसंगति के स्वरूप की जांच करेगी और इसे **दूर करने** के उपाय सुझाएगी।
297.	remuneration	(n) - पारिश्रमिक, मेहनताना	The remuneration to the supervisors will be disbursed at the end of each day of duty.	पर्यवेक्षकों को **पारिश्रमिक** प्रत्येक कार्य दिवस की समाप्ति पर वितरित किया जाएगा।
298.	render	(v) - 1. देना, प्रस्तुत करना 2. अर्पित करना 3. बनाना 4. रूपांतर करना, अनुवाद करना 5. प्रदर्शित करना	1. If a Government servant is found misusing his official position, he would render himself liable for disciplinary action. 2. The office is bound to render proper account books to the audit party on demand. 3. Ministry of Law and Justice is concerned with rendering legal advice on various issues to the Central Government.	1. यदि कोई सरकारी कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो वह अनुशासनिक कार्रवाई के लिए स्वयं को उत्तरदायी **बना देगा**। 2. मांगे जाने पर कार्यालय लेखापरीक्षा दल को उचित लेखा-बहियां **प्रस्तुत करने** के लिए बाध्य है। 3. विधि और न्याय मंत्रालय का कार्य केंद्र सरकार को विभिन्न विषयों पर विधिक सलाह **देना** है।
299.	renewal	(n) - नवीकरण	Renewal of machinery requires huge investment.	मशीनरी के **नवीकरण** के लिए काफी निवेश की आवश्यकता होती है।
300.	renewal of demand	(n) - मांग का नवीकरण, मांग दुहराना	Prescribed procedure will be followed for renewal of demand.	**मांग के नवीकरण** के लिए निर्धारित पद्धति का पालन किया जाएगा।
301.	renounce	(v) - त्याग करना,	1.The shareholder will have the right to	1.शेयरधारक को, उसे दिए गए

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		त्यागना, छोड़ देना	renounce the shares offered to him in favour of other persons. 2.It shall be the duty of every citizen of india …….to renounce practices derogatory to the dignity of women.	शेयरों का किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में **त्याग करने** का अधिकार होगा। 2. भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह …… महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध प्रथाओं का **त्याग करे** ।
302.	renovation	(n) - **नवीनीकरण,** नवीयन,	Only the contractors listed in the panel are eligible for submitting tenders for renovation work.	पैनल में सूचीबद्ध संविदाकार ही **नवीयन** कार्य हेतु निविदाएं प्रस्तुत करने के लिए पात्र होंगे।
303.	rent	(n) - 1. किराया, भाड़ा 2. लगान	1.Rents due from Government servants occupying Government buildings shall be recovered by deduction from their salary.	1.सरकारी भवनों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों से देय **किराए** की वसूली उनके वेतन से कटौती करके की जाएगी।
304.	rented space	(adj) - **किराए का स्थान,** किराए पर लिया गया स्थान	The department shall use the rented space as a guest house.	विभाग **किराए के स्थान** का उपयोग अतिथि गृह के रूप में करेगा।
305.	reopening	(n) - 1. पुन:आरंभ (v) - 2. **दोबारा/पुनः खोलना,**	1. Demand from local residents has resulted into reopening of the S.B.I. Bank Branch. 2. Prior approval of the competent authority should be obtained before reopening the case.	1. स्थानीय निवासियों की मांग के परिणाम स्वरूप भारतीय स्टेट बैंक की शाखा **पुनः खोली** गई। 2.मामले को **पुनः खोलने** के लिए सक्षम प्राधिकारी का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है।
306.	reorganization	(n) - पुनर्गठन	Government has appointed the Administrative Reforms Commission to make recommendations for reform and reorganization.	सरकार ने सुधार और **पुनर्गठन** हेतु सिफारिशें करने के लिए प्रशासनिक सुधार आयोग नियुक्त किया है।
307.	reorientation	(n) - **पुनः**	The office regularly	कार्यालय कर्मचारियों और

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		अभिविन्यास, पुनः अभिमुखीकरण, पुनरभिविन्यास,	organizes reorientation programme for employees and officers.	अधिकारियों के लिए नियमित रूप से **पुनःअभिमुखीकरण** कार्यक्रम आयोजित करता है।
308.	repair	**(n) - मरम्मत***, **सुधार (v) - मरम्मत करना, सुधार करना**	1. The bridge will remain closed until essential repair work has been carried out. 2. Any goods repaired or replaced by the supplier shall be delivered at the buyer's premises without costs to the buyer.	1.आवश्यक **मरम्मत** कार्य किए जाने तक पुल बंद रहेगा। 2. आपूर्तिकार द्वारा **मरम्मत किए गए** या बदले गए सामान की सुपुर्दगी क्रेता के परिसर में निःशुल्क की जाएगी।
309.	repairable	(adj) - **सुधार योग्य,** मरम्मत-योग्य	A separate register of repairable/ unserviceable furniture shall be maintained to account for the repairable and unserviceable items.	**सुधार-योग्य** और बेकार मदों का लेखा-जोखा रखने के लिए मरम्मत-योग्य/बेकार फर्नीचर का अलग रजिस्टर रखा जाएगा।
310.	repatriate	(v) - **स्वदेश वापस करना, वापस भेजना** संप्रत्यावर्तित करना,	If the services of the deputationist are no longer required, he will be repatriated to his parent department even before completion of his sanctioned period of deputation.	यदि किसी प्रतिनियुक्त कर्मचारी की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उसे उसकी प्रतिनियुक्ति की स्वीकृत अवधि पूरी होने से पहले भी उसके मूल विभाग को **वापस भेज** दिया जाएगा।
311.	repatriation	(n) - संप्रत्यावर्तन	The cases of repatriation from central deputation in respect of officers who are proceeding on foreign assignment may be decided by the competent authority.	विदेश सेवा पर जाने वाले अधिकारियों के संबंध में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से, **संप्रत्यावर्तन** के मामलों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
312.	repatriation of services	(n) - सेवाओं का संप्रत्यावर्तन	The cases of repatriation of services shall be decided in	**सेवाओं के संप्रत्यावर्तन** के मामलों पर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			accordance with the rule.	
313.	repay	(v) - 1. चुकाना 2. ऋण शोधन करना 3. लौटाना, वापस करना	It will be open to Government servants to repay the loan in a shorter period if they so desire.	सरकारी कर्मचारी,यदि वे ऐसा चाहते हैं, यह ऋण अपेक्षाकृत कम अवधि में **चुका सकते** हैं।
314.	repayable	(adj) - 1. शोध्य 2. प्रतिदेय	The amount of advance will be repayable in accordance with the rules of the Fund.	अग्रिम की राशि निधि के नियमों के अनुसार **प्रतिदेय** होगी।
315.	repayment of advance	(n) - अग्रिम की चुकौती*	The repayment of advance shall be effected from the month following the month of disbursement of the advance.	**अग्रिम की चुकौती** अग्रिम दिए जाने के माह के अगले माह से प्रभावी होगी।
316.	repayment of loan	(n) - ऋण चुकौती*	In no case, the period of time for the repayment of loans shall be extended .	**ऋण की चुकौती** की समयावधि किसी भी स्थिति में बढ़ाई नहीं जाएगी।
317.	repeal	(n) - निरसन; (v) - निरस्त करना	The verdict has repealed the judgment of the lower court.	इस फैसले ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया है।
318.	repeat order	(n) - **पुनःआदेश**, पुनरादेश	The repeat order proposed should be placed within one year from the date of the original order.	प्रस्तावित **पुनःआदेश** मूल आदेश की तारीख से एक वर्ष के भीतर दिया जाना चाहिए।
319.	repetition	(n) - **दोहराव**, **पुनरावृत्ति***, आवृत्ति *	That authority may withhold the appeal, if it is a repetition of any appeal already decided.	यदि अपील पहले से निर्णीत किसी अपील की **पुनरावृत्ति** है तो प्राधिकारी इसे रोक सकता है।
320.	repetitive work	(adv) - बारंबारी कार्य,	1.Processing of repetitive work shall be done in the manner earlier prescribed. 2.Repetitive work reduces job satisfaction.	1. **बारंबारी कार्यों** पर कार्रवाई पूर्व निर्धारित रीति से की जाएगी। 2. **बारंबारी कार्य**, कार्य संतुष्टि को कम कर देता है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
321.	replace	(v) - **बदलना,** प्रतिस्थापित करना,	Any goods repaired or replaced by the supplier shall be delivered at the buyers premises without costs to the buyer.	आपूर्तिकार द्वारा मरम्मत किए गए या **बदले गए** सामान की सुपुर्दगी क्रेता के परिसर में निःशुल्क की जाएगी।
322.	replacement	(n) - 1. प्रतिस्थापन 2. एवजी*	1. In any case, the replacement or modification of the notes which have already been recorded on a file should not be permitted. 2.It was difficult for the office to find a replacement for the officer.	1. किसी भी मामले में, ऐसी टिप्पणियों के **प्रतिस्थापन** या आशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी जिन्हें पहले ही फाइल में रिकॉर्ड किया जा चुका है। 2. अधिकारी का **एवजी** ढूंढने में कार्यालय को कठिनाई हो रही थी।
323.	replacement fund	(n) - प्रतिस्थापन निधि*	The office was granted replacement fund.	कार्यालय को **प्रतिस्थापन निधि** मंजूर की गई।
324.	replenishment	(n) - पुनःपूर्ति*	Regular research is undertaken to understand the community attitude towards groundwater replenishment	भूमिगत जल की **पुनःपूर्ति** के प्रति समुदाय की प्रवृत्ति जानने के लिए नियमित अनुसंधान किया जाता है।
325.	report	(n) - 1. प्रतिवेदन 2. रपट* 3. रिपोर्ट*	1. The committee has submitted its report to the government. 2. As stated earlier in the Report, the Commission is not considering restructuring of individual cadres.	1.समिति ने सरकार को अपना **प्रतिवेदन** प्रस्तुत कर दिया है। 2.जैसा **रिपोर्ट** में पहले कहा गया है, आयोग अलग-अलग संवर्गों के पुनर्गठन पर विचार नहीं कर रहा है।
326.	repository	(n) - **भंडार,** निधान संग्रह	Scientists agree that the state's vast underground reposito ries of water are still clean.	वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि राज्य के जल के विशाल भूमिगत **भंडार** अभी भी स्वच्छ हैं।
327.	representation	(n) - 1. प्रतिनिधित्व 2. अभ्यावेदन	1. Meetings of youths were held in various parts of the country to ensure larger	1. युवाओं का अधिक संख्या में **प्रतिनिधित्व** सुनिश्चित करने के लिए देश के विभिन्न भागों में

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			representation. 2. Existing instructions clearly provide that representations on service matters should be forwarded through proper channel.	युवाओं की बैठकें की गईं। 2. मौजूदा नियमों में स्पष्ट व्यवस्था है कि सेवा मामलों से संबंधित **अभ्यावेदन** उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए।
328.	representative	(n) - प्रतिनिधि	It will be ensured that the representatives attending the meeting are officers who can take decisions on behalf of their departments.	यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बैठक में भाग लेने वाले ऐसे **प्रतिनिधि** अधिकारी हों, जो अपने विभाग की ओर से निर्णय ले सकें।
329.	reprimand	(v) - 1. **फटकार लगाना** (n) - 2. फटकार, धिग्दंड (विधि) -	1. The military court reprimanded him for failing to do his duty. 2. If a warning/reprimand is issued in writing, a copy of it should be placed in the personal file of the officer concerned.	1. सैनिक न्यायालय ने उसे अपने कर्तव्यपालन में असफल रहने के लिए **फटकार लगाई**। 2.यदि चेतावनी/**फटकार** लिखित रूप में जारी की जाती है, तो इसकी एक प्रति संबंधित कर्मचारी की निजी फाइल में लगाई जानी चाहिए।
330.	reprint	(v) – 1. **पुनः मुद्रित करना** (n) – 2. **पुनः मुद्रण**, पुनर्मुद्रण	1.The section shall furnish details of manuals revised/ reprinted during the year. 2.This is the fifth reprint of the book.	1.विभाग वर्ष के दौरान संशोधित/**पुनःमुद्रित** नियम-पुस्तकों का विवरण प्रस्तुत करेगा। 2. यह पुस्तक का पांचवां **पुनःमुद्रण** है।
331.	reprisal	(n) - प्रतिशोध	Reprisal of any kind against customers or employees will not be tolerated.	ग्राहकों या कर्मचारियों के खिलाफ किसी भी तरह का प्रतिशोध सहन नहीं किया जाएगा।
332.	reproduction	(n) - 1. **पुनः प्रस्तुतीकरण, पुनः उत्पादन,** पुनरुत्पादन 2.	1.Unauthorized reproduction of this publication is strictly forbidden. 2. Each winner shall receive	1. इस प्रकाशन के अनधिकृत **पुनः प्रस्तुतीकरण** की सख्त मनाही है। 2.प्रत्येक विजेता इस मूर्ति की **प्रतिकृति** प्राप्त करेगा।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		प्रतिलिपि*, प्रतिकृति* 3. जनन	reproduction of the sculpture.	
333.	republic day	(n) - गणतंत्र दिवस	Republic Day is celebrated every year on 26 January.	**गणतंत्र दिवस** हर वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है।
334.	repudiation	(n) - निराकरण	1. The breach may be treated as a repudiation of contract. 2. In the event of repudiation of claim, the insurance company shall communicate the reasons for the same in writing.	1. भंग को संविदा का **निराकरण** के रूप में माना जाएगा। 2. दावे के **निराकरण** के मामले में, बीमा कंपनी इसके कारणों को लिखित में सूचित करेगी।
335.	repugnant	(n) - विरुद्ध	This decision will not be repugnant to the provisions of the Central Civil Services Rules in any way.	यह निर्णय किसी भी तरह से केंद्रीय सिविल सेवा नियमावली के प्रावधानों के **विरुद्ध** नहीं होगा।
336.	repurchase	(v) - पुनःक्रय, वापस खरीद*	1. The repurchase price is determined when the bond is issued. 2.The repurchase agreement will be signed by both the parties.	**1.** बंधपत्र जारी करते समय **पुनःक्रय** कीमत का निर्धारण किया जाता है। **2.पुनःक्रय** करार पर दोनों पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।
337.	reputation	(n) - **प्रतिष्ठा***, प्रसिद्धि*, ख्याति*	Suspension may cause a lasting damage to Government servant's reputation even if suspension is ultimately revoked.	निलंबन सरकारी सेवक की **प्रतिष्ठा** को गंभीर क्षति पहुंचाता है भले ही अंततः निलंबन रद्द कर दिया जाए।
338.	requirement	(n) - **आवश्यकता***, अपेक्षा *	To keep the staff requirement at minimum, only multi-skilled functionaries were taken.	स्टाफ की **आवश्यकता** न्यूनतम रखने के लिए बहु-कौशल प्राप्त कर्मचारियों को लिया गया ।
339.	requisite	(adj) - अपेक्षित	The Department is requested to take requisite action immediately in a	विभाग से अनुरोध है कि वह सिफारिशों का पालन करने के लिए समयबद्ध रीति से **अपेक्षित**

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			time-bound manner to comply with the recommendations.	कार्रवाई करे।
340.	requisite information	(n) - अपेक्षित सूचना, अपेक्षित जानकारी	All Ministries/Departments are requested to furnish the requisite information as mentioned in the above para so that further action may be initiated.	सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त पैरा में उल्लिखित **अपेक्षित सूचना** प्रस्तुत करें ताकि आगे की कार्रवाई आरंभ की जा सके।
341.	requisites	(n) - 1. **अपेक्षाएं,** अपेक्षित वस्तुएं* 2. अपेक्षित गुण	Proper notice and requisite quorum etc. are some of prime requisites of a valid meeting.	उचित नोटिस और अपेक्षित कोरम आदि वैध बैठक की कुछ मुख्य **अपेक्षाएं** हैं।
342.	requisition	(v) - **मांग करना, अधिग्रहण करना** (n) - 1. मांग* 2. अधिग्रहण	1. No file will be issued to other sections except against written requisition. 2. The school was requisitioned as a military hospital.	1.लिखित **मांग** के बिना कोई फाइल दूसरे अनुभाग को जारी नहीं दी जाएगी। 2. विद्यालय को मिलिटरी अस्पताल के रूप में **अधिगृहीत** किया गया था।
343.	requisition form	(n) - मांग फार्म	The requisition of goods shall be made in the prescribed requisition form.	निर्धारित **मांग फार्म** में ही वस्तुओं की मांग की जाएगी।
344.	requisition slip	(n) - मांग-पर्ची	The requisition slip will be kept in the place of the file issued.	**मांग-पर्ची** जारी की गई फाइल के स्थान पर रखी जाएगी।
345.	resale notice	(n) - पुन:बिक्री सूचना	The office shall display resale notice on the notice board.	कार्यालय सूचनापट्ट पर **पुनः बिक्री सूचना** प्रदर्शित करेगा।
346.	rescind	(v) - विखंडन करना	1. Any order made by the competent authority shall continue to be in force until it is altered, rescinded or amended. 2. If the contract is rescinded, the full	1.सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया कोई आदेश तब तक लागू रहेगा जब तक कि इसे परिवर्तित, **विखंडित** या आशोधित नहीं किया जाता । 2.यदि संविदा **विखंडित** की जाती है तो संविदा के अधीन वसूली

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			security deposit recoverable under the contract stands forfeited.	योग्य संपूर्ण प्रतिभूति जमा समपहृत हो जाएगी।
347.	rescue	(v) - **बचाना,** छुड़ाना (n) - बचाव, उद्धार	1. Helicopters rescued nearly 2.0 people from flood affected area. 2. The rescue operation proved successful. 3. The bank rescued the company from bankruptcy.	1. हेलीकॉप्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लगभग 2.0 लोगों को **बचाया**। 2. **बचाव** अभियान सफल रहा। 3. बैंक ने कंपनी को दिवालिया होने से **बचा लिया**।
348.	rescue home	(n) - उद्धार गृह	The governor visited the rescue home.	राज्यपाल ने **उद्धार गृह** का निरीक्षण किया।
349.	rescue team	(n) - बचाव दल	The rescue team arrived at the scene two hours later.	**बचाव दल** घटना स्थल पर दो घंटे बाद पहुंचा।
350.	research work	(n) - अनुसंधान कार्य, शोध कार्य	The research work will be carried out by the experts.	**अनुसंधान कार्य** विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।
351.	resentment	(n) - रोष, नाराजगी*, अप्रसन्नता*	The feeling of resentment among employees needs to be addressed.	कर्मचारियों की **नाराजगी** को दूर करना की आवश्यक है।
352.	reservation	(n) - 1. आरक्षण 2. (सम्मति का) - विधारण	The quota for reservation of seats will be filled up in a phased manner.	सीटों के **आरक्षण** का कोटा चरणबद्ध रीति से भरा जाएगा।
353.	reservation fee	(n) - आरक्षण शुल्क	The ministry has proposed a hike in the reservation fee.	मंत्रालय ने **आरक्षण शुल्क** में वृद्धि करने का प्रस्ताव किया है।
354.	reservation of posts	(n) - पदों का आरक्षण	The reservation of posts should be made separately for each of the aforesaid categories.	पूर्वोक्त प्रत्येक श्रेणी के लिए **पदों का आरक्षण** अलग से किया जाना चाहिए।
355.	reserve	(n) - 1. रिजर्व, आरक्षिति 2. (v) - आरक्षित करना 3.	1.A revised leave reserve scheme was sanctioned by the Government in 1.95.5.	1. सरकार ने 1.95.5. में संशोधित छुट्टी **रिजर्व** स्कीम को स्वीकृति दी।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		(निर्णय) सुरक्षित रखना	2. The post shall be reserved as per reservation policy of the government. 3. The court reserved the judgement.	2. सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार पद **आरक्षित किए** जाएंगे। 3. न्यायालय ने निर्णय **सुरक्षित रखा**।
356.	reserved accommodation	(n) - **आरक्षित आवास**, आरक्षित स्थान	If reserved accommodation is left vacant by the officer, the payment of House rent allowance will be held in abeyance till necessary clarification.	यदि **आरक्षित आवास** अधिकारी द्वारा खाली छोड़ दिया जाता है तो गृह किराए भत्ते का भुगतान आवश्यक स्पष्टीकरण तक स्थगित रखा जाएगा।
357.	reserved constituency	(n) - आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र	Persons belonging to general category cannot contest election from the reserved constituencies.	सामान्य श्रेणी से संबंधित व्यक्ति **आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र** से चुनाव नहीं लड़ सकते ।
358.	reserve price	(n) - आरक्षित कीमत	The reserve price shall be kept in a sealed cover and will be opened after opening of the bids.	**आरक्षित कीमत** मुहरबंद लिफाफे में रखी जाएगी और बोली खोलने के बाद ही खोली जाएगी।
359.	reserve stock	(n) - आरक्षित माल, आरक्षित स्टॉक	The reserve stock shall be maintained in the manner prescribed in the rules.	**आरक्षित स्टॉक** का रखरखाव नियमों में निर्धारित रीति से किया जाएगा।
360.	reservist	(n) - रिजर्व सैनिक	These benefits shall also be due to military reservist.	ये लाभ मिलिटरी **रिजर्व सैनिक** को भी देय होंगे।
361.	resettlement	(n) - 1. पुनर्वास 2. पुन:स्थापन 3. पुन:व्यवस्थापना*	The Government made special arrangements for the resettlement of displaced population.	सरकार ने विस्थापित आबादी के **पुनर्वास** के लिए विशेष प्रबंध किए।
362.	reshuffle	(v) - फेरबदल	The prime minister told reporters that he plans to reshuffle his entire cabinet.	प्रधानमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि वह संपूर्ण कैबिनेट में **फेरबदल** की योजना बना रहे हैं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
363.	residence	(n) - निवास, आवास	Please state your occupation and place of residence.	कृपया अपने व्यवसाय और **निवास** स्थान का उल्लेख करें।
364.	residence permit	(n) - आवास अनुज्ञा-पत्र, **आवास परमिट**	The residents will have to obtain residence permit from the appropriate authority.	निवासियों को समुचित प्राधिकारी से **आवास परमिट** प्राप्त करना होगा।
365.	resident	(n) - 1.निवासी 2. (पदनाम) स्थानिक	1. Only such persons as are resident of a constituency and registered as a voter can cast their votes.	1.केवल ऐसे व्यक्ति जो किसी निर्वाचन क्षेत्र के **निवासी** हैं और वोटर के रूप में पंजीकृत हैं, अपना मत डाल सकते हैं।
366.	resident medical officer	(n) - रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी	Resident medical officers play key role in patient care.	**रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी** रोगी की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
367.	residential accommodation	(n) - **आवासीय स्थान, निवास स्थान,** आवासीय व्यवस्था*, आवास व्यवस्था*	Directorate of Estates, Ministry of Urban Development is responsible for allocation of residential accommodation to central government officers.	संपदा निदेशालय, शहरी विकास मंत्रालय केंद्र सरकार के कर्मचारियों को **आवासीय स्थान** के आबंटन के लिए उत्तरदायी है।
368.	residential address	(n) - **घर का पता,** आवासीय पता	The establishment section shall maintain a list of residential addresses and contact phone numbers of the staff.	स्थापना अनुभाग कर्मचारियों के **घर के पते** और फोन नंबर की सूची रखेगा।
369.	residential quarter	(n) - **आवासीय मकान**, आवासीय क्वार्टर	The employee may apply for allotment of residential quarter in the prescribed form.	कर्मचारी **आवासीय मकान** के आबंटन के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन कर सकता है।
370.	residential telephone	(n) - **घर का फोन**, आवासीय टेलीफोन	The facility of residential telephone shall be provided to the entitled categories of Government employees.	सरकारी कर्मचारियों की हकदार श्रेणियों को **घर के फोन** की सुविधा प्रदान की जाएगी।
371.	residual	(adj) - **शेष, बाकी**, अवशिष्ट	Residual income is often an important component of	**शेष** आय प्रायः ऋण प्राप्त करने का महत्वपूर्ण घटक है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			securing a loan.	
372.	residual unemployment	(n) - अवशिष्ट बेरोजगारी*	Many efforts are being made on part of the government to solve the problem of residual unemployment.	**अवशिष्ट बेरोजगारी** की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार की ओर से अनेक प्रयास किए जा रहे है।
373.	residuary	(adj) - अवशिष्ट ,**शेष**	Residuary financial powers in respect of the Directorates specified above will vest with the Director General(Admn.) - .	ऊपर विनिर्दिष्ट निदेशालयों के संबंध में **शेष** वित्तीय शक्तियां महानिदेशक (प्रशासन) - में निहित होंगी।
374.	residuary pension	(n) - अवशिष्ट पेंशन*, **शेष पेंशन***	The Accounts Officer shall also indicate the date from which the payment of the residuary pension shall commence.	लेखा अधिकारी उस तारीख का उल्लेख भी करेगा जब से **शेष पेंशन** का भुगतान आरंभ किया जाएगा।
375.	residuary power	(n) - अवशिष्ट* शक्ति, **शेष शक्ति**	All residuary powers which are not specifically assigned to any of the officers shall vest in t he Board.	जो **शेष शक्तियां** किसी अधिकारी को विनिर्दिष्ट रूप से समुदेशित नहीं की गई हैं वे सभी बोर्ड में निहित होंगी।
376.	residue	(n) - अवशिष्ट, अवशेष	1. The Department of health is creating awareness about the risk of chemical residues in food products. 2. The residue of the property was divided equally among his children.	1.स्वास्थ्य विभाग खाद्य पदार्थों में रासायनिक **अवशिष्ट** के जोखिम के बारे में जागरूकता पैदा कर रहा है। 2.**अवशिष्ट** संपत्ति संतानों में समान रूप से विभाजित की गई।
377.	resignation	(n) - त्यागपत्र	When a Government servant tenders resignation, the appointing authority in respect of the service or post is the authority competent to accept the resignation.	किसी सरकारी कर्मचारी के **त्यागपत्र** देने की स्थिति में उस सेवा या पद का नियुक्ति प्राधिकारी **त्यागपत्र** स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।
378.	resist	(v) - प्रतिरोध करना	The employees strongly resisted the	कर्मचारियों ने मजदूरी दरों में

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			proposal for reduction in wage rates.	कटौती के प्रस्ताव का दृढ़ता से **प्रतिरोध** किया।
379.	resolution	(n) - 1. **समाधान, 2.** संकल्प	1.The government is pressing for an early resolution of the hostage crisis. 2.The resolution was passed by a two-thirds majority.	1. सरकार बंधक संकट के शीघ्र **समाधान** के लिए दबाव बना रही है। 2. **संकल्प** दो तिहाई बहुमत से पारित हुआ।
380.	resort	(n) - 1. **उपाय, सहारा** 2. सैरगाह* (v) - 3. आश्रय लेना 4. पुन:छँटाई करना	1. Economic sanctions will be used only as a last resort. 2. Instances have come to the notice of Government where employees resorted to violence for redress of grievances. 3. A resort is a place where people spend their holidays.	1.आर्थिक प्रतिबंधों का प्रयोग अंतिम **उपाय** के रूप में ही किया जाएगा। 2. सरकार के ध्यान में ऐसी कई घटनाएं आई हैं जिनमें कर्मचारियों ने शिकायतों का समाधान किए जाने के लिए हिंसा का **सहारा** लिया। 3. **सैरगाह** वह स्थान है जहां लोग अपनी छुट्टियां बिताते हैं।
381.	resorting	(v) - **पुनः छंटाई**	The resorting work shall take at least two more days.	**पुनःछंटाई** कार्य में कम से कम दो दिन और लगेंगे।
382.	resource	(n) - संसाधन, साधन	1. Our country is rich in natural resources. 2. Only limited resources are available to the police.	1. हमारा देश प्राकृतिक **संसाधनों** में समृद्ध है। 2.पुलिस के पास केवल सीमित **साधन** उपलब्ध हैं।
383.	resourceful	(adj) - **उपायकुशल,** साधन-संपन्न	1. The work shall be assigned to employees who are resourceful. 2. Being resourceful the company can arrange the programme.	1.यह कार्य **उपायकुशल** कर्मचारियों को सौंपा जाएगा। 2.**साधन-संपन्न** होने के कारण कंपनी कार्यक्रम की व्यवस्था कर सकती है।
384.	resource person	(n) - **स्रोत व्यक्ति,** संसाधक,	The office shall engage resource persons for timely	परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए कार्यालय **स्रोत**

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			completion of the project.	**व्यक्तियों** को नियुक्त करेगा।
385.	respectfully	(adv) - **आदरपूर्वक, सम्मानपूर्वक,** सादर,	The National flag respectfully hoisted on National festivals.	राष्ट्रीय झंडा राष्ट्रीय त्यौहारों पर **आदरपूर्वक** फहराया जाता है।
386.	respectively	(adv) - क्रमानुसार, क्रमश:	The diploma and advanced diploma require two and three years of study, respectively.	डिप्लोमा और एडवांस डिप्लोमा के लिए क्रमशः दो और तीन वर्ष का अध्ययन अपेक्षित होता है।
387.	respondent	(n) - प्रत्यर्थी	We are of the opinion that the respondent has committed professional misconduct.	हमारी राय है कि **प्रत्यर्थी** ने व्यावसायिक कदाचार किया है।
388.	response	(n) - 1. उत्तर, प्रत्युत्तर 2. प्रतिक्रिया* 3. अनुक्रिया*	1. The analysis of responses to the questionnaire is given at the end of report. 2. Public prosecutor presented facts in response of alleged partisan attitude. 3. The exhibition has received a positive response from visitors.	1.प्रश्नावली के **उत्तरों** का विश्लेषण रिपोर्ट के अंत में दिया गया है। 2.लोक अभियोजक ने कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के **प्रत्युत्तर** में तथ्य प्रस्तुत किए। 3.प्रदर्शनी के बारे में आगंतुकों की सकारात्मक **प्रतिक्रिया** प्राप्त हुई है।
389.	responsibility	(n) - उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी*	We all have a responsibility to protect the environment.	पर्यावरण की सुरक्षा हम सबका **उत्तरदायित्व** है।
390.	responsible	(n) - उत्तरदायी, (adj) - जिम्मेदार	1.The Railway Board is responsible for laying down and enforcing safety standards for the Indian Railways. 2.A responsive administration should always come forward to help the victims.	1.रेलवे बोर्ड भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा मानक निर्धारित करने और उन्हें लागू करने के लिए **जिम्मेदार** है। 2.**उत्तरदायी** प्रशासन को पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।
391.	responsive	(n) - **प्रतिक्रियाशील,** अनुक्रियाशील,	1. Ministry is responsive to the demand of the	1.मंत्रालय लोगों की मांग के प्रति **प्रतिक्रियाशील** है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		अनुक्रियात्मक	people. The Ministry is also concerned with the process of evolving a responsive, people-oriented and modern administration.	2.मंत्रालय का सरोकार **अनुक्रियाशील**, जनोन्मुख और आधुनिक प्रशासन विकसित करने की प्रक्रिया से भी है।
392.	rest house	(n) - विश्राम गृह	Public representatives/Ministers as well as staff and officers of Govt. can avail the facility of the Rest Houses at concessional rates during Govt. tours.	जनप्रतिनिधि / मंत्री तथा सरकारी कर्मचारी और अधिकारी सरकारी दौरे के समय रियायती दरों पर **विश्राम गृह** की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
393.	restitution	(n) - 1. प्रत्यास्थापन 2. हानिपूर्ति* 3. प्रत्यानयन 4. वापसी*	The trustees are taking steps to seek restitution of funds through Court.	न्यासी न्यायालय के माध्यम से निधि की **वापसी** के लिए कदम उठा रहे हैं।
394.	restoration	(n) - 1. पुन: स्थापना 2. जीर्णोद्धार	Defence Forces have proposed that the period of restoration of pension should be reduced to 1.2. years.	रक्षा बलों ने पेंशन **पुनःस्थापन** की अवधि घटाकर 1.2. वर्ष करने का प्रस्ताव किया है।
395.	restore	(v) - 1. पुन: स्थापना करना, फिर से चालू करना 2. जीर्णोद्धार करना 3. पुनःउद्धार करना	1. The measures are intended to restore public confidence in the economy. 2. The government is making all efforts to restore the economy to full strength. 3. The commuted portion of pension shall be restored on completion of fifteen years.	1. इन उपायों का उद्देश्य अर्थव्यवस्था में जनता का विश्वास **पुनःस्थापित** करना है। 2.सरकार अर्थव्यवस्था को इसके पूर्ण स्तर तक **पुनः स्थापित** करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। 3.पेंशन का संराशीकृत भाग पंद्रह वर्ष पूरे होने पर **पुनः स्थापित** किया जाएगा।
396.	restraint	(n) - 1. अवरोध 2. नियंत्रण 3. संयम	1. The government has imposed restraints on corporate mergers. 2. The government has withdrawn	1. सरकार ने कॉरपोरेट विलय पर **अवरोध** लगाया है। 2. सरकार ने कुछ उत्पादों के निर्यात से **नियंत्रण** हटा लिया है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			restraints on export of some products. 3. The police was praised for the restraint it displayed in handling the demonstrators.	3.प्रदर्शनकारियों से निपटने में पुलिस द्वारा दिखाए गए **संयम** की प्रशंसा की गई।
397.	restricted	(adj) - 1. प्रतिबंधित 2. सीमित	1. The Government servant is restricted to attend meetings of restricted outfits. 2. NPA should be restricted only to the Doctors occupying posts for which minimum qualifications of a medical degree is prescribed.	1. सरकारी कर्मचारी पर प्रतिबंधित संगठनों की बैठकों में भाग लेने पर **प्रतिबंध** है। 2. प्रैक्टिसबंदी भत्ता केवल ऐसे पदों पर तैनात चिकित्सकों तक **सीमित** किया जाना चाहिए जिन पदों पर न्यूनतम अर्हता मेडिकल डिग्री निर्धारित की गई है।
398.	restricted leave	(n) - प्रतिबंधित छुट्टी*	Central Government employees are entitled to avail of two restricted leaves in a year.	केन्द्र सरकार के कर्मचारी वर्ष में दो **प्रतिबंधित छुट्टियां** लेने के हकदार हैं।
399.	restriction	(n) - प्रतिबंध, रोक*	1. The associations have demanded for lifting the restriction on deputation allowance completely. 2. The committee imposed new financial restrictions on private companies.	1.कुछ एसोसिएशनों ने प्रतिनियुक्ति भत्ते पर से पूर्ण रूप से **प्रतिबंध** हटाने की मांग की है। 2. समिति ने निजी कंपनियों पर नए वित्तीय **प्रतिबंध** लगाए।
61.	satisfy	(n)- 1 संतुष्ट करना 2 **पूरा करना, समाधान करना**	1. The proposed plan may satisfy everyone 2. The new education system may satisfy the needs of all children.	1. प्रस्तावित योजना हर किसी को संतुष्ट कर सकती है। 2. नई शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों की जरूरतों को **पूरा** कर सकती है।
62.	saving	(adj)- 1. **बचत 2.**	1. Energy-saving	1. ऊर्जा **बचत** उपकरणों का

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		व्यावृत्ति (परिहार, बचाव)	equipments may be used. 2. All the recruiting rules have a saving clause.	उपयोग किया जाए। 2. भर्ती नियमों में व्यावृत्ति खंड होता है ।
63.	saving(s)	(n)- बचत	The customer may invest their saving(s) only after going through all the conditions of the policy.	ग्राहक पॉलिसी की सभी शर्तों को पढने के बाद ही अपनी बचत का निवेश करें।
64.	saving(s) account	(n)- बचत खाता	SBI provides insurance on the saving (s) accounts.	भारतीय स्टेंट बैक बचत खातों पर बीमा प्रदान करता है।
65.	saving clause	(n)- व्यावृत्ति खंड (परिहार, बचाव)	On account of the saving clause, the law will be in force in the given circumstance.	व्यावृत्ति **खंड** के कारण, यह कानून इस विशेष परिस्थिति में लागू रहेगा।
66.	saving bank	(n)- बचत बैंक	The amount of salary may be credited in the saving bank accounts of the officers.	वेतन की राशि अधिकारियों के बचत बैंक खातों में जमा की जाए।
67.	savings scheme	(n)- बचत योजना	Some savings schemes provide tax exemption also.	कुछ बचत योजनाएं कर में छूट भी देती हैं।
68.	scale	(n)- 1 **स्तर,** माप, मापक्रम 2 पैमाना, मापनी 3 वेतनमान	1.On a global scale, 75% of energy is generated from fossil fuels. 2. The customer may grade the service on a scale from 1 to 5(from lower to higher. 3. The pay scale of the translators has been upgraded.	1. वैश्विक **स्तर** पर 75% ऊर्जा जीवाश्म ईंधन से उत्पन्न की जाती है। 2. ग्राहक 1-5(कम से उच्च) के पैमाने पर सेवा की गुणवत्ता के अनुसार ग्रेड दे सकते हैं। 3. अनुवादकों के वेतनमान उन्नत किए गए हैं।
69.	scale of pay	(n)- वेतनमान	The pay of the newly recruited employee will be fixed at the minimum of the scale of the pay.	नए भर्ती कर्मचारी का वेतन वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर नियत किया जाएगा।
70.	scarcity	(n)-न्यूनता,कमी,	The crops have failed due to scarcity of	वर्षा की कमी के कारण फसलें

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अभाव,दुर्लभता	rain.	नष्ट हो गई है।
71.	scarcity area	(n)- अभावग्रस्त क्षेत्र	Poverty and malnutrition are more perceptible in a scarcity area.	अभावग्रस्त क्षेत्र में गरीबी और कुपोषण अधिक दिखाई देता है।
72.	scarcity of resources	(n)- संसाधनों की कमी, संसाधनों का अभाव	The scarcity of resources has slowed the growth of rural areas.	संसाधनों की कमी ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की गति को धीमा कर दिया है।
73.	scavenging	(n)- अपमार्जन, सफाई	Manual scavenging is prohibited in India.	भारत में हाथ से मैले की सफाई प्रतिबंधित है।
74.	scavenger	(n)- अपमार्जक,**सफाईकर्मी**	Scavengers play an important role in the ecosystem.	**सफाईकर्मी** पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
75.	scenario	(n)- परिदृश्य	In an adverse industrial scenario, the factory has been closed down.	प्रतिकूल औद्योगिक परिदृश्य के चलते कारखाने को बंद कर दिया गया है।
76.	schedule	(n)- 1.अनुसूची **2. तय समय,नियत समय** **3. कार्यक्रम सारणी** **4. समय सारणी** **5.(कार्यक्रम) निर्धारित करना,तय करना** **6. सूची में शामिल करना**	1. Maithili has been included in the 8th schedule of the constitution of India. 2. The construction work of the new bridge has been finished one year ahead of schedule. 3. The channel's schedules are filled with educational programmes. 4. The train schedule is subject to change in July. 5. The meeting is scheduled for Monday afternoon. 6. These items are scheduled as items of export.	1. मैथिलि भारत के संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल की गई है। 2. नया पुल बनाने का काम **तय समय** से एक वर्ष पहले ही पूरा हो गया है। 3. चैनल की **कार्यक्रम-सारणी** शैक्षिक कार्यक्रमों से भरी हुई है। 4 ट्रेन की **समय सारणी** जुलाई में बदल सकती है । 5 . बैठक सोमवार दोपहर के लिए **निर्धारित** है । 6 . इन मदों को निर्यात-मद की **सूची में शामिल किया जाता** है।
77.	scheduled bank	(n)- अनुसूचित बैंक	The scheduled banks fulfill the criteria laid down in the RBI	अनुसूचित बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम , 1934 में

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			Act,1934.	निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं।
78.	scheduled caste	(n)- अनुसूचित जाति	The scheduled castes have been given reservation in the government jobs.	अनुसूचित जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है।
79.	scheduled tribe	(n)- अनुसूचित जनजाति	The Ministry of Tribal Affairs implements various schemes for the scheduled tribes.	जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विभिन्न योजनाएं लागू करता है।
80.	schedule of demands	(n)- **मांग-सूची**, मांग-अनुसूची	The *schedule of demand* may be referred to for production and supply.	उत्पादन और आपूर्ति के लिए **मांग-सूची** देखें ।
81.	schedule of supply	(n)- **आपूर्ति सूची**, पूर्ति-अनुसूची	The schedule of supply may be verified with the schedule of demand.	**आपूर्ति-सूची** को मांग-सूची के साथ मिला कर सत्यापित किया जाए।
82.	scholar	(n)- 1 विद्वान 2 छात्र	1. The library attracts hundreds of scholars. 2. The research scholars are granted all facilities in the campus.	1. इस पुस्तकालय में सैकड़ों विद्वान आते हैं । 2 . शोध छात्रों को इस परिसर में सभी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।
83.	scholarship	(n)- 1 छात्रवृत्ति 2 विद्वत्ता	1. The scholarships have been granted on the basis of merit. 2. Both of the teachers are well known for their scholarship.	1. छात्रवृत्तियां योग्यता के आधार पर प्रदान की गई हैं। 2. ये दोनों शिक्षक अपनी विद्वत्ता के लिए जाने जाते हैं।
84.	school	(n)- **1.विद्यालय** **2. विद्यापीठ** **3. शाखा** **4. शैली**	1. The schools have been provided adequate facilities to improve education. 2. The school of humanities and social sciences runs this course. 3. One school of thought suggests that competition motivates the children.	1 शिक्षा में सुधार के लिए विद्यालयों को पर्याप्त सुविधाएं दी गई हैं। 2 मानविकी और सामाज विज्ञान **विद्यापीठ** यह पाठ्यक्रम चलाता है। 3 एक **विचारशाखा** के अनुसार, प्रतियोगिता से बच्चों को प्रेरणा मिलती है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			4. The Dutch school of painting was famous in the seventeenth century.	4. डच **शैली** की चित्रकला सत्रहवीं सदी में प्रसिद्ध थी।
85.	school leaving certificate	(n)- विद्यालय परित्याग प्रमाणपत्र, विद्यालय त्याग प्रमाणपत्र, शाला-त्याग प्रमाणपत्र,	The school leaving certificate is to be submitted in original for admission into the college.	कॉलेज में प्रवेश के लिए विद्यालय त्याग प्रमाणपत्र मूल रूप में प्रस्तुत किया जाना है।
86.	school session	(n)- विद्यालय-सत्र	The school session ends in June.	विद्यालय-सत्र जून में समाप्त हो जाता है।
87.	scientific management	(n)- वैज्ञानिक प्रबंधन	The scientific management of food grains is essential for food security.	खाद्यान्न का वैज्ञानिक प्रबंधन खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है।
88.	scientific post	(n)- वैज्ञानिक पद	The time scale is applicable to scientific posts in some departments.	कुछ विभागों में वैज्ञानिक पदों के लिए समय वेतनमान लागू है।
89.	scientist	(n)- वैज्ञानिक, विज्ञानी	The department has advertised two posts of scientists.	विभाग ने वैज्ञानिकों के दो पद विज्ञापित किए हैं।
90.	score	(n)- **1.** स्कोर, प्राप्तांक (n)-**2. अंक मिलना, स्कोर करना**	**The final score** was 5-4 in the match. 2. Each correct answer will score two points.	1. मैच में अंतिम स्कोर 5-4 था । 2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो **अंक मिलेंगे**।
91.	score board	(n)- **स्कोर बोर्ड,** अंक पटल	The score board reads 565 runs for 5.	**स्कोर बोर्ड** पर ‘5 विकेट के नुकसान पर 565 रन’ दिखाया जा रहा है।
92.	score card	(n)- अंक पत्रक	The score card of the performance of the department is very impressive.	विभाग के निष्पादन का अंक पत्रक बहुत प्रभावशाली है।
93.	score out	(n)- **हटा देना,** काट देना	The names of the two candidates were scored out on the list.	सूची से दो उम्मीदवारों के नाम हटा दिए गए ।
94.	scorer	(n)- **1.**गणक 2. **अंक पाने वाला, स्कोर करने वाला**	1. The scorer gave a full detail of the innings. 2. The highest scorer in the test exam will	1. गणक ने पारी का पूर्ण विवरण दिया । 2. टेस्ट परीक्षा में सर्वोच्च **अंक पाने वाले** को नकद पुरस्कार

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			be granted cash prize.	दिया जाएगा ।
95.	scout	(n)- 1 बालचर, स्काउट 2 गुप्तचर (v)- **3. खोज करना, तलाश करना**	1. The students were trained as scouts. 2. The BSF sent two men out in front as scouts. 3. A team of four was sent to scout for a nuclear test site in the desert area.	1. छात्रों को स्काउट के रूप में प्रशिक्षित किया गया| 2. बीएसएफ ने दो सिपाहियों को गुप्तचर के रूप में सीमा पर भेजा। 3. चार सदस्यों के एक दल को मरुभूमि में परमाणु परीक्षण स्थल की **खोज करने** के लिए भेजा गया ।
96.	scouting	(n)- 1 ढूंढना, खोज, तलाश 2 गुप्तचरी	1. The Security Officers went for scouting the stadium before the event. 2. The task force was also trained in scouting.	1. सुरक्षा अधिकारी कार्यक्रम से पहले स्टेडियम की तलाशी लेने के लिए गए। 2. कार्य बल को गुप्तचरी में भी प्रशिक्षित किया गया।
97.	screening	(n)- 1 **जांच,** छानबीन, जांच-परख 2 **चयन करना,** छांटना 3 पर्दे पर दिखाना	1. The timely screening of cancer helps in cure. 2. The preliminary test was organized for screening the candidates for the interview. 3. The Censor Board of India suggested some editing before the screening of the film in India.	1. कैंसर की सामयिक जांच से इसके इलाज में सुविधा मिलती है। 2. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का **चयन करने वास्ते** प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई। 3. भारतीय सेंसर बोर्ड ने फिल्म को भारत में दिखाने से पहले कतिपय संपादन का सुझाव दिया है।
98.	script	(n)- 1 आलेख 2 लिपि (v)- **3. दर्ज करना**	1.The script of the play on Indian freedom movement is based on historical facts. 2. Hindi is written in Devnagari script. 3. India scripted a	1.भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित इस नाटक का आलेख ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। 2. हिंदी देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। 3. भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर एक दिवसीय क्रिकेट में ऐतिहासिक

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			historic victory in one day cricket over Australia.	जीत **दर्ज की**।
99.	scrutiny	(n)- **जांच***, संवीक्षा*, छानबीन*	The documents should be available for public scrutiny.	दस्तावेज सार्वजनिक **जांच** के लिए उपलब्ध होना चाहिए।
100.	seal	(n)- **1.** मुहर*, मुद्रा* (v)- 2. **सीलबंद करना,** सील करना 3. **मुहर लगाना**	1. The letter bore the Principal's seal. 2. The clerk may register the details of the letter before sealing the same in the envelop. 3. The letter is signed and sealed.	1. पत्र में प्राचार्य की मुहर लगी है। 2. लिपिक पत्र को लिफाफे में **सीलबंद करने** से पहले उससे संबंधित विवरण रजिस्टर में दर्ज कर लें। 3. पत्र हस्ताक्षरित है और इस पर **मुहर लगी** है।
101.	sealed	(adj)- 1.मुहरबंद	The postman has delivered a sealed packet.	डाकिये ने एक मुहरबंद पैकेट दिया है।
102.	sealed tender	(n)- मुहरबंद निविदा*	Sealed tenders are invited from registered suppliers for 50 Laser Jet printers.	50 लेजर जेट प्रिंटरों के लिए पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
103.	search	(n)- **1.** **खोज***, तलाशी*, तलाश (v)-2. **खोज करना,** तलाश करना	1. The search for a cure goes on. 2.Relief workers are still searching for the victims.	1. उपचार की **खोज** की जा रही है। 2. राहत कर्मचारी अब भी पीड़ितों की **खोज कर** रहे हैं।
104.	search operation	(n)- **खोज अभियान***, तलाशी कार्रवाई*	The search operation is going on for the missing in the calamity.	आपदा में लापता लोगों के लिए **खोज अभियान** चल रहा है।
105.	seasonal unemployment	(n)- मौसमी बेरोजगारी*	The problem of seasonal unemployment has been solved in the state by engaging the workforce in suitable works.	राज्य में कार्यबल को उपयुक्त काम देकर मौसमी बेरोजगारी की समस्या का हल किया गया है।
106.	seconder	(n)- **अनुमोदक,**	The seconder of the	**अनुमोदक** ने प्रस्ताव के संबंध में

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अनुप्रस्तावक	proposal advanced some important arguments.	कुछ महत्वपूर्ण तर्क दिए।
107.	secondary	(n)- 1 **कम,** गौण 2 द्वितीयक 3 माध्यमिक	1. This issue is of secondary importance. 2. The diseases broke out as the secondary effects of the flood. 3. The results of the government secondary schools have been outstanding this year.	1. यह मुद्दा **कम** महत्व का है। 2. बीमारियां बाढ़ के द्वितीयक प्रभाव के रूप में फैलीं। 3. सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के परिणाम इस साल शानदार रहे हैं।
108.	second class	(n)- द्वितीय श्रेणी*, दूसरी श्रेणी*	The train fares of the second class have been increased.	द्वितीय श्रेणी के रेल किराए में वृद्धि की गई है।
109.	secret	(adj)-1.गुप्त (n)- **2. रहस्य,** गुप्त बात	1. Details of the proposals remain secret. 2. The disciplinary action has been started against the officer for revealing secrets.	1.प्रस्तावों के विवरण गुप्त हैं| 2. **रहस्य** का खुलासा करने के कारण अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।
110.	secretarial	(n)- **सचिवीय,** सचिवालयी, लिपिकीय	1. It is needed to have adequate staff to accomplish the secretarial work.	**सचिवीय** कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की जरूरत है।
111.	secret ballot	(n)- गुप्त मतदान	The voters have cast their votes through secret ballots.	मतदाताओं ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने वोट डाले हैं।
112.	secret instruction	(n)- गुप्त अनुदेश	The secret instructions have been issued to the intelligence agencies.	खुफिया एजेंसियों को गुप्त अनुदेश जारी किए गए हैं।
113.	section	(n)- 1. अनुभाग 2. वर्ग 3. धारा 4. **खंड,** काट	1. This section deals with the matter of research and policy. 2. The government has devised new schemes for the welfare of the weaker section of the society.	1. कार्यालय का यह अनुभाग अनुसंधान और नीति के मामले से संबंधित कार्य करता है। 2. सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए नई योजनाएं तैयार की है। 3. राजभाषा अधिनियम, 1963

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		(v)- **काटना**	3. It is mandatory to implement the section 3(3) of the Official Languages Act,1963. 4. This section of the road is still closed. (v)- A few frontier areas were sectioned off to make a joint capital of the two states.	की धारा 3(3) को लागू करना अनिवार्य है। 4. सड़क का यह **खंड** अभी भी बंद है। (v)- कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों को **काटकर** दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बनाई गई।
114.	sector	(n)- 1. सेक्टर, क्षेत्रक 2. **समुदाय, वर्ग**	1. The manufacturing sector has registered high growth. 2. The state government has run these schemes for the welfare of the poorest sectors of society.	1. विनिर्माण क्षेत्र में उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। 2. राज्य सरकार ने समाज के सबसे गरीब **समुदायों** के कल्याण के लिए इन योजनाओं को चलाया है।
115.	secular	(adj)-**1.** धर्मनिरपेक्ष, पंथनिरपेक्ष, 2. **लौकिक, सांसारिक**	1. India is a secular state. 2. There is a fine balance of both secular and sacred aspects of human life in Indian culture.	1. भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है। 2. भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के **लौकिक** और पारलौकिक दोनों पहलुओं का सुंदर संतुलन है।
116.	secularism	(n)- धर्मनिरपेक्षता*, पंथनिरपेक्षता*	Secularism has ever been a special feature of Indian society.	धर्मनिरपेक्षता सदैव भारतीय समाज की एक खास विशेषता रही है।
117.	security	(n)- 1 प्रतिभूति* 2 सुरक्षा*	1. The banks may pledge the land as security for giving loans. 2. Strict security measures are in force in the capital.	1. बैंक ऋण देने के लिए प्रतिभूति के रूप में भूमि के दस्तावेज स्वीकार कर सकते हैं। 2. राजधानी में सुरक्षा के सख्त उपाय किए गए हैं।
118.	security deposit	प्रतिभूति जमा*	The security deposit is mandatory for granting loan.	प्रतिभूति जमा ऋण प्रदान करने हेतु अनिवार्य है।
119.	security instruction	(n)- सुरक्षा अनुदेश	The Police has strictly followed the	पुलिस ने सुरक्षा अनुदेशों का

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			security instructions.	सख्ती से पालन किया है।
120.	security measure	(n)- सुरक्षा उपाय	Adequate security measures have been adopted for the oath-taking ceremony of the Chief Minister.	मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।
121.	seize	(v)- 1. **अधिकार में लेना**, अभिग्रहण करना 2. **जब्त करना** **3. पकड़ना, भुनाना** **4. समाप्त होना**	1. The NATO forces have seized control of the country. 2. The police has seized a number of firearms. 3. The party has seized the political opportunity. 4. On account of efficient system, all the problems are now seized to be.	1. नाटो सेना ने उस देश को अपने **अधिकार में ले लिया** है। 2.पुलिस ने बड़ी मात्रा में आग्नेयास्त्र जब्त किया है। 3. पार्टी ने राजनीतिक अवसर को भुनाया है। 4. कुशल प्रणाली के कारण, सभी समस्याएं समाप्त हो चुकी है।
122.	select committee	(n)- **चयन समिति***, प्रवर समिति*	The select committee has devised a new system of training.	चयन समिति ने प्रशिक्षण की एक नई प्रणाली तैयार की है।
123.	Select list	(n)- चयन सूची*	The select list has been finalized on the basis of merit.	चयन सूची मेधा के आधार पर तैयार की गई है।
124.	selection	(n)- चयन	The official has been promoted on the basis of selection from SSC in the Departmental Examination.	कर्मचारी को एसएससी द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा में चयन के आधार पर पदोन्नत किया गया है।
125.	selection board	(n)- **चयन बोर्ड**, चयन मंडल	The selection board has selected the best candidates.	**चयन बोर्ड** ने सबसे अच्छे उम्मीदवारों का चयन किया है।
126.	selection committee	(n)- चयन समिति*	The selection committee was unanimous in the selection of the captain.	चयन समिति कप्तान के चयन के संबंध में एकमत थी।
127.	selection grade	(n)- चयन ग्रेड	The Department has decided to create *Selection grade* to avoid stagnation in the same post.	विभाग ने एक ही पद पर जड़ता से बचने के लिए चयन ग्रेड बनाने का निर्णय लिया है।
128.	selection post	(n)- चयन पद	The *selection post* is	चयन पद योग्यता के आधार पर

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			filled up on the basis of merit.	भरा जाता है।
129.	selection procedure	(n)- चयन प्रक्रिया*	The selection procedure has been made transparent.	चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है।
130.	selection test	(n)- चयन परीक्षा*	The candidate has been declared successful in the selection test.	इस उम्मीदवार को चयन परीक्षा में सफल घोषित किया गया है।
131.	self-acquired	(adj)- **स्व-अर्जित,** स्वार्जित,	The officer must give the declaration of the self- acquired property.	अधिकारी को **स्व-अर्जित** संपत्ति की घोषणा अवश्य करनी चाहिए|
132.	self-appraisal	(n)- **निजी मूल्यांकन,** स्वमूल्यांकन	The official may fill in the column of self-appraisal in the Annual Performance Report.	कर्मचारी वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट में **स्वमूल्यांकन** का स्तंभ भरें।
133.	self-declared	(adj)- **स्व घोषित,** स्व-घोषित	The self-declared property of the leader shows his humble life.	नेता द्वारा **स्व-घोषित** संपत्ति से उनके सादा जीवन का पता चलता है।
134.	self-confidence	(n)- आत्म-विश्वास	The self-confidence of the officer helped him control the odd situation.	अधिकारी के आत्मविश्वास ने उसे विषम स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की।
135.	self-contained note	(n)- स्वत:पूर्ण टिप्पणी*	It is a self-contained note which deals with the matter in complete detail.	यह स्वत:पूर्ण टिप्पणी है जिसमें इस विषय का संपूर्ण विवरण है।
136.	self-defence	(n)- **अपनी रक्षा***, आत्मरक्षा*	The judge allowed the accused to speak in self-defence.	न्यायाधीश ने अभियुक्त को **अपनी रक्षा** में बात कहने की अनुमति दी।
137.	self-employment	(n)- **अपना रोजगार***, स्वरोजगार*	The scheme is run to help the unemployed youth for self-employment.	यह योजना बेरोजगार युवाओं को **अपना रोजगार** प्राप्त करने में उनकी सहायता करने के लिए चलाई जाती है।
138.	self-esteem	(n)- आत्म-सम्मान	The self-esteem of a person may not be attacked.	व्यक्ति के आत्म-सम्मान पर हमला न किया जाए।
139.	self-explanatory	(n)- स्वत:स्पष्ट	The proposal of cadre restructuring is self-explanatory.	कैडर पुनर्गठन का प्रस्ताव स्वत:स्पष्ट है।
140.	self-government	(n)- स्वशासन	The self-government	स्वशासन पंचायती राज प्रणाली

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			may be established by the Panchayati Raj system.	द्वारा स्थापित किया जा सकता है।
141.	self-interest	(n)- **अपना हित, निजी हित,** आत्महित, निजी लाभ	The official has been charged of acting in self-interest.	अधिकारी पर **अपने हित** में कार्य करने का आरोप लगाया गया है।
142.	self-reliance	(n)- आत्मनिर्भरता*, आत्मविश्वास	The continuous successes of PSLV have brought self-reliance for ISRO.	पीएसएलवी की निरंतर सफलता से इसरो में आत्मनिर्भरता आई है।
143.	selling agent	(n)- विक्रय अभिकर्ता, बिक्री एजेन्ट	The company has asked the selling agents to showcase the original product.	कंपनी ने बिक्री एजेंटों को मूल उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए कहा है।
144.	semester	(n)- **सत्र** , सत्रक, सेमेस्टर	The first semester of this course starts in July.	इस कोर्स का पहला **सत्र** जुलाई में शुरू होता है।
145.	semi-autonomous	(adj)- अर्द्ध-स्वायत्त	The semi-autonomous institution may also follow these guidelines for admission into nursery class.	अर्द्ध-स्वायत्त संस्थाएं भी नर्सरी कक्षा में प्रवेश के इन दिशानिर्देशों का पालन करें|
146.	seminar	(n)- **विचार सभा***, **विचार गोष्ठी,** संगोष्ठी*	The Department has very recently organized a seminar on the Official Language Implementation Policy.	इस विभाग ने बहुत हाल ही में राजभाषा कार्यान्वयन नीति पर एक **विचार सभा** का आयोजन किया है।
147.	semi-rural	(n)- अर्द्ध -ग्रामीण	Banks may find vast opportunities in semi-rural India.	बैंक अर्द्ध-ग्रामीण भारत में व्यापक अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
148.	semi-skilled	(n)- अर्द्ध-कुशल	The semi-skilled workers have been given training for more gainful employments.	अर्द्ध-कुशल श्रमिकों को अधिक लाभकारी रोजगारों के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।
149.	senate	(n)- **विद्वत परिषद्**, सेनेट*	The senate has decided to revise the syllabi for different discipline in the	**विद्वत परिषद्** ने विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन का फैसला किया है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			university.	
150.	sender	(n)- **भेजनेवाला**,प्रेषक	The sender must writ their name and address on the letter.	पत्र **भेजनेवाला** को उस पर अपने नाम और पते अवश्य लिखने चाहिए।
151.	senior	(adj)- वरिष्ठ, ज्येष्ठ	The Official was senior to all his colleagues in the group 'C' category in the office.	कर्मचारी कार्यालय में समूह 'ग' श्रेणी के अपने सभी सहयोगियों में वरिष्ठ था।
152.	senior administrative grade	(n)- वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	The post of Joint Secretary is in senior administrative grade.	संयुक्त सचिव का पद वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड का पद है।
153.	senior grade	(n)- वरिष्ठ ग्रेड	The official may apply for the post in senior grade.	कर्मचारी वरिष्ठ ग्रेड के पद के लिए आवेदन कर सकता है।
154.	seniority	(n)- वरिष्ठता*	The promotion of the employees will be on seniority basis as per the rules.	कर्मचारियों की पदोन्नति नियमों के अनुसार वरिष्ठता के आधार पर होगी।
155.	seniority-cum-fitness	(n)- वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता*	The Departmental promotion for these posts may be on seniority-cum-fitness basis.	इन पदों के लिए विभागीय पदोन्नति वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के आधार पर हो सकती है।
156.	seniormost	(n)- वरिष्ठतम	The seniormost officer may be appointed as the Manager in the company.	वरिष्ठतम अधिकारी को कंपनी में प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।
157.	sensational	(n)- सनसनीखेज	The world champions suffered a sensational defeat.	विश्व चैंपियन को एक सनसनीखेज हार का सामना करना पड़ा।
158.	sensitive	(n)- संवेदनशील	The school must be sensitive to students' needs.	विद्यालय को छात्रों की आवश्यकताओं के प्रति निश्चय ही संवेदनशील होना चाहिए।
159.	sentence	(n)- 1 दंड 2 **सजा,** दंडादेश (v)- **सजा सुनाना, सजा देना**	(n)- 1. The offences carry a maximum sentence of 3 years. 2. The court has passed the sentence in this case today. (v)- The court	(n)-1. इन अपराधों के लिए अधिकतम 3 साल की सजा हो सकती है। 2. अदालत ने इस मामले में आज **सजा** सुनाई है। (v)-अदालत ने अपराधी को पांच

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			sentenced the convict to five years imprisonment.	साल के कारावास की **सजा सुनाई।**
160.	separated family	(n)- विलग परिवार	The separated families after partition have been given visas to visit their kith and kin.	विभाजन के बाद विलग परिवारों को अपने परिजनों से मिलने जाने हेतु वीजा दिया गया है।
161.	sequence	(n)- **क्रम**, अनुक्रम		
162.	serialization	(n)- **क्रमबद्धता***, क्रमण	The on line serialization of reports of different years gives complete information of the Department's activities. .	इस विभाग के अलग - अलग वर्षों की रिपोर्टों की ऑन लाइन **क्रमबद्धता** से इसकी गतिविधियों की पूरी जानकारी मिलती है।
163.	serial number	(n)- क्रम संख्या	The items mentioned against the serial numbers 1-5 are hereby approved.	क्रम संख्या 1-5 में उल्लिखित मदें एतद्द्वारा अनुमोदित की जाती हैं।
164.	series	(n)- **शृंखला,** माला, श्रेणी	India have won the triangular cricket series.	भारत ने त्रिकोणीय क्रिकेट शृंखला जीत ली है।
165.	servant	(n)- सेवक, नौकर	The government servants are not allowed to take part in political activities.	सरकारी कर्मचारियों को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं है।
166.	service	(n)- 1. सेवा, नौकरी 2. व्यवस्था **3. काम में आना,** सेवाई 4. तामील (विधि) **5. सर्विस (कराना)**	1.The officer has completed 10 years of service in the grade. 2. The foreign deligates were impressed with good services at the tour. 3 These computers gave the department very good service. 4 The official has to appear in the court after the service of summons on him in this case. 5. The office car may be taken for a service	1. अधिकारी ने इस ग्रेड में 10 वर्षों की सेवा पूरी कर ली है। 2. विदेशी प्रतिनिधि दौरे पर अच्छी व्यवस्था से प्रभावित थे । 3 ये कंप्यूटर विभाग के बहुत काम आए। 4 इस मामले में अधिकारी को समन तामील किए जाने के बाद उसे अदालत में पेश होना आवश्यक है। 5. सरकारी कार को समुचित रखरखाव के लिए **सर्विस** के लिए

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			for proper maintenance.	ले जाया जाए।
167.	service charges	(n)- **सेवा प्रभार**	The bank may deduct service carge for ATM facility.	बैंक एटीएम सुविधा के लिए सेवा प्रभार की कटौती कर सकता है।
168.	service cost	(n)- **सेवा लागत**	The department shall bear the service cost of arrangement of the seminar.	विभाग संगोष्ठी की व्यवस्था की सेवा लागत वहन करेगा ।
169.	service life	(n)- **1. सेवा अवधि, सेवा काल** **2. उपयोग-अवधि, उपयोग काल**	1. During its service life the warship has been very useful to the Navy. 2. The service life of the photo copiers purchased for the office is 10 years.	1. अपनी सेवा जीवन के दौरान यह युद्धपोत नौसेना के लिए बहुत उपयोगी रहा है। 2. कार्यालय के लिए खरीदी गई फोटो कापियर की **उपयोग-अवधि** 10 साल है।
170.	service postage stamp	(n)- **सरकारी डाक टिकट**	The official letters should bear the service postage stamps of proper value.	सरकारी पत्रों पर उचित मूल्य की सरकारी डाक टिकटें होनी चाहिए|
171.	services	(n)- **1.सैनिक सेवा*** **2. सुविधा केंद्र**	1. Many cadets from NCC went straight into the services. 2. The tourist bus may reach the next services at 5 PM.	1. एनसीसी के कई कैडेटों ने सीधे सैनिक सेवाओं में कार्यभार ग्रहण किए। 2. पर्यटन बस 5:00 बजे अपराह्न में अगले **सुविधा केंद्र** तक पहुंच सकती है।
172.	serviceable items	(n)- 1.**उपयोगी मदें, उपयोज्य मदें** **2. काम आने योग्य वस्तुएं**	1.The details of the serviceable items may be kept by the store keeper. 2.The serviceable items may be repaired to good use of the office.	1. **उपयोगी मदों** का विवरण भंडारपाल द्वारा रखा जाए। 2. **काम आने योग्य वस्तुओं की** कार्यालय के उपयोग के लिए मरम्मत की जाए।
173.	service book	(n)- सेवा-पुस्तिका	The leave account of the official may be recorded in the service book of the official.	कर्मचारी का छुट्टी खाता उसकी सेवा-पुस्तिका के साथ रखा जाए।
174.	service conditions	(n)- सेवा-शर्तें	The service conditions are	सेवा शर्तें नियुक्ति प्रस्ताव में

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			mentioned in the offer of appointment.	उल्लिखित हैं।
175.	service contract	(n)- सेवा संविदा	The service contract of the guest teacher shall continue till regular appointment.	अतिथि शिक्षक की सेवा संविदा नियमित नियुक्ति होने तक जारी रहेगी।
176.	service privileges	**(n)- सेवा - विशेषाधिकार**	The Defense personnels enjoy certain service privileges under the Army Act,1950.	रक्षा कार्मिकों को सेना अधिनियम, 1950 के अंतर्गत कतिपय **सेवा- विशेषाधिकार** प्राप्त हैं।
177.	service rules	(n)- सेवा नियम	The central civil service rules applicalble to the central government employees.	केंद्रीय सिविल सेवा नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू हैं।
178.	service sheet	(n)- सेवा-पत्र	The amount to make good for the damage of the service property was recovered from the guilty official.	सेवा संपत्ति के नुकसान की पूर्ति के लिए राशि दोषी अधिकारी से वसूल की गई|
179.	service of summon	(n)-समन तामील	After the service of summon, the official has to appear in the court.	समन तामील होने के बाद कर्मचारी को अदालत में पेश होना है।
180.	service verification	(n)- सेवा सत्यापन	The service verification of the official in the service book may be done on annual basis.	कर्मचारी की सेवा का सत्यापन सेवा पुस्तिका में प्रतिवर्ष किया जाए।
181.	session	(n)- 1. सत्र 2. अधिवेशन	1. The new session of the university starts in July. 2. The government wants to table the bill in the present session of the parliament.	1. विश्वविद्यालय का नया सत्र जुलाई में शुरू होता है। 2. सरकार संसद के वर्तमान अधिवेशन में इस बिल को लाना चाहती है।
182.	set	(adj)-1. **स्थित,** विन्यस्त 2. **नियत, निश्चित, निर्धारित, स्थिर**	(adj)- 1.The institute is set in 25 acres of beautiful grounds. 2. Investors can buy shares at a set price . (n)-Under the scheme,	(adj)- 1. यह संस्थान 25 एकड़ सुंदर भूमि में **स्थित** है। 2. निवेशक **निश्चत मूल्य** पर शेयर खरीद सकते हैं। (n)-इस योजना के तहत 10 वीं

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		(n)-4. **प्रति, सेट** 5. समुच्चय (v)- **नियत करना, निश्चित करना, निर्धारित करना, स्थिर करना**, ठीक करना, व्यवस्थित करना	one set of textbooks is provided to each of the students up to class X. (v)- A date will be set for a future meeting .	कक्षा तक प्रत्येक छात्र को पाठ्य पुस्तकों का एक **सेट** दिया जाता है। (v)- आगामी बैठक के लिए तारीख **निर्धारित** की जाएगी।
183.	set adrift	(pv)- **(पानी में) बहा देना, बह जाना, खोल कर छोड़ देना**	Due to heavy storm, a number of boats of fishermen were set adrift.	भारी तूफान के कारण मछुआरों की कई नौकाएं **बह** गईं।
184.	set apart	(pv)-**अलग करना, पृथक करना**	The high efficiency and credibility of the company sets it apart from the rest.	कंपनी की उच्च दक्षता और विश्वसनीयता इसे औरों से **अलग करती** है।
185.	set aside	(pv)-1 **परे रखना**, अलग रखना, अलग करना 2. **चिह्नित करना** 3. **रद्द करना**, अपास्त करना	1. Both the nations worked for peace setting aside their differences. 2. The government has set aside adequate fund for education. 3. The high court has set aside the judgment of the lower court.	1. दोनों ही देशों ने अपने मतभेदों को परे रख कर शांति के लिए प्रयास किए। 2. सरकार ने शिक्षा के लिए पर्याप्त निधि **चिह्नित की** है। 3. उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को **रद्द कर** दिया है।
186.	set forth	(pv)- **उल्लेख करना, उप वर्णित करना**	The arguments set forth in the note are well founded.	नोट में **उल्लिखित** तर्क न्यायसंगत हैं।
187.	set in	(pv)- **प्रारंभ करना, शुरू करना**	The debate on this bill was set in motion by the Leader of Opposition.	विपक्ष के नेता द्वारा इस बिल पर चर्चा **शुरू की** गई।
188.	set off	(pv)- **1. शुरू होना, शुरू करना, प्रवृत्त करना**	1. The inflation set off a new round of pay demands. 2. The person who set off the bomb has	1. मुद्रास्फीति से वेतन की मांग का एक नया दौर **शुरु हो गया** है। 2. बम **विस्फोट करने** वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		2. **विस्फोट करना, लगाना** **3. प्रस्थान करना** **4. मुजरा करना,**	been arrested. 3. The Indian cricket team have set off today for Australia tour. 4. The pay of the employee should be set off against the pay advance.	है। 3. भारतीय क्रिकेट टीम ने आज ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए **प्रस्थान किया।** 4. कर्मचारी का वेतन उसके द्वारा लिए गए वेतन अग्रिम में मुजरा किया जाए।
189.	set out	(pv)-**1.(कारण, विचार, तथ्य आदि) उल्लेख करना,** **2. प्रस्थान करना, यात्रा शुरू करना**	1.The officer has set out the reasons for giving approval to the project. 2. The Indian deligation set out for New York today.	1. अधिकारी ने परियोजना को अनुमोदन देने के कारणों का **उल्लेख** किया है। 2. भारतीय प्रतिनिधिमंडल आज न्यूयॉर्क के लिए **प्रस्थान किया।**
190.	set up	**(pv)- 1. गठित करना** **2.स्थापित करना**	1.The Seventh Central Pay Commission has been set up. 2. A joint veture has been *set up for* solar power generation.	1. सातवें केंद्रीय वेतन आयोग का **गठन** किया गया है। 2. सौर विद्युत उत्पादन के लिए एक संयुक्त उद्यम **स्थापित किया** गया है।
191.	setback	(n)- **गतिरोध, रुकावट*, धक्का**, झटका	The breakdown in talk may be a setback to the peace process.	वार्ता टूटने से शांति प्रक्रिया में **गतिरोध** आ सकता है।
192.	setter	(n)- **प्रवर्तक, स्थापक,** विन्यासक, सेटर	Tihar has been the trend setters of reforms for the jails.	तिहाड़ जेलों के सुधार के संबंध में प्रवृत्ति **प्रवर्तक** कहा है।
193.	setup / set-up	**(np)- व्यवस्था*, ढांचा, संगठन**	In a democratic set up differences are resolved by discussion.	लोकतांत्रिक **व्यवस्था** में मतभेद चर्चा से हल किए जाते हैं।
194.	settlement	(n)- 1. बंदोबस्त 2. निपटारा 3. समझौता, व्यवस्थापन	1.Under the Permanent Settlement, revenue to be raised from the land was fixed. 2. Both the countries agreed for the	1.स्थाई बंदोबस्त के अंतर्गत जमीन से प्राप्त किया जाने वाला राजस्व तय किया गया। 2. दोनों देश सीमा विवाद के निपटारे के लिए सहमत हुए। 3. संयुक्त राष्ट्र संघ ने दोनों देशों

<u>S.N.</u>	<u>Words</u>	<u>Meanings</u>	<u>Usage in English</u>	<u>Usage in Hindi</u>
		4. बस्ती	settlement of the boarder dispute. 3. The UNO has asked the two nations to negotiate a peace settlement. 4. The excavation has proved an iron age settlement on the cite.	से शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए कहा है। 4. उत्खनन से इस स्थान पर लौह युगीन बस्ती के प्रमाण मिले हैं।
195.	settling allowance	(n)- व्यवस्थापन भत्ता	All the transferred employees have been granted settling allowance.	सभी स्थानांतरित कर्मचारियों को व्यवस्थापन भत्ता प्रदान किया गया है।
196.	set-top-box	(n)- **सेट टॉप बॉक्स**	As per the guidelines of TRAI, customers may get the set top boxes from the cable TV operators.	ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुसार ग्राहक केबल टीवी ऑपरेटरों से **सेट टॉप बॉक्स** प्राप्त कर सकते हैं।
197.	several	(adj)- **अनेक, कई**	The Ministry has launched several schemes for the welfare of the Scheduled Tribes.	मंत्रालय ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु **कई** योजनाएं शुरू की हैं।
198.	severally	(adv)- पृथक्-पृथक्, अलग-अलग	All the tenenants may give the rents either jointly or severally.	सभी किराएदार संयुक्तरुप से या अलग-अलग किराए दे सकते हैं।
199.	severance	(n)- 1 **तोड़ना,** पृथक्करण, विच्छेद 2 **काम से हटाना,** विभाजन (विधि)	1.The dispute over the island led to severance of all diplomatic ties between the two countries. 2. The company served the notice of severance upon five employees.	1. द्वीप पर विवाद के कारण दोनों देशों ने अपने सभी राजनयिक संबंध **तोड़** लिए। 2. कंपनी ने पांच कर्मचारियों को **काम से हटाने** के नोटिस दिए।
200.	severance of relations	(n)- **संबंध टूटना, संबंध तोड़ना,** संबंध-विच्छेद	The ideological difference of the two parties resulted in severance of their relations.	दोनों दलों के बीच वैचारिक मतभेद के कारण उनके आपसी **संबंध टूट गए।**
201.	severance pay	(n)- **विच्छेद वेतन,** पृथक्करण- वेतन	The company gave 16 weeks' severance pay to the retrenched workers.	कंपनी ने छंटनीग्रस्त कामगारों को 16 सप्ताह का **विच्छेद वेतन** दिया।
202.	severe action	(n)- कठोर कार्रवाई*	Severe action may be	कर्मचारी द्वारा अवज्ञा किए

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			taken against the official for his act of insubordination .	जाने के कारण उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।
203.	severe punishment	(n)- **कठोर दंड, कड़ी सजा***	Severe punishment may be awarded to the courrupt officials.	भ्रष्ट कर्मचारी को **कड़ी सजा** दी जाए।
204.	sewage	(n)- **मलजल,गंदा पानी,** वाहित मल	The factory has dumped thousands of gallons of sewage into the river.	कारखाने ने नदी में हजाड़ों गैलन **मलजल** बहा दिए हैं।
205.	sex determination	(n)- लिंग निर्धारण	Sex determination of the foetus is a punishable offence.	भ्रूण का लिंग निर्धारण दंडनीय अपराध है।
206.	sex discrimination	(n)- लिंग भेदभाव	Sex discrimination is major problem on the way of women empowerment.	लिंग भेदभाव महिला सशक्तीकरण के रास्ते में प्रमुख समस्या है।
207.	sexual harassment	(n)- यौन उत्पीड़न	The police make take the case of sexual harassment very seriously.	पुलिस यौन उत्पीड़न के मामले को बहुत गंभीरता से ले।
208.	shambles	(n)- **जर्जर, चरमाराई हुई स्थिति***, **अस्तव्यस्त** *, **दुविधाभरी स्थिति***	Due to civil war, the economy of the country was in a shambles.	गृहयुद्ध के कारण देश की अर्थव्यवस्था **जर्जर** थी।
209.	share	(n)- अंश, शेयर, भाग (v)-1.**साथ उपस्थित होना, शामिल होना,** भागी होना, साझी होना 2. बंटवारा करना, **साझा करना, (हिस्सा) बांटना,** भाग पाना	(n)- For some months the share price of the company remained fairly static. (v)- **1**. Both the scholars shared the stage in the seminar. 2. The two states may share the water of the river as per the order of the court.	(n)- कंपनी की शेयर-कीमत कुछ महीनों के लिए काफी स्थिर बनी रही। (v)- **1**. संगोष्ठी में दोनों विद्वान मंच पर एक **साथ उपस्थित** थे। 2. दोनों राज्य अदालत के आदेश के अनुसार नदी के पानी का बंटवारा करें।
210.	share certificate	(n)- शेयर प्रमाणपत्र	The company has issued share certificates to the registered holders of shares.	कंपनी ने पंजीकृत शेयर धारकों को शेयर प्रमाणपत्र जारी किए हैं।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
211.	shareholder	(n)-**शेयर धारक**, शेयरधारी	Most of the shareholders have sold out their shares in the company.	अधिकांश **शेयरधारकों** ने कंपनी में अपने शेयरों को बेच दिया है।
212.	shift	(n)- **पाली,** पारी	The night shift in the factory starts at 8 PM.	कारखाने में रात की पारी 8:00 बजे रात में शुरू होती है।
213.	shifting	(n)- **स्थानांतरण,** स्थान परिवर्तन	The shifting of the office into the new building is to be completed soon.	कार्यालय का नए भवन में **स्थानांतरण** शीघ्र ही पूरा किया जाना है।
214.	shifting cultivation	(n)- **झूम खेती, परिवर्ती खेती**	Shifting cultivation is in practice in the north-east region.	पूर्वोत्तर क्षेत्र में **झूम खेती** की जाती है।
215.	shifting population	(n)- **स्थानांतरित आबादी**	There have been demogaphic chages in the city due to shifting population.	**स्थानांतरित आबादी** के कारण शहर की जनसंख्या में बदलाव हुआ है।
216.	shifting of tax	(n)- **कर-अंतरण**	Under shifting of tax, the taxpayer escapes the burden of tax.	**कर-अंतरण** के तहत करदाता टैक्स के बोझ से बच निकलता है।
217.	shipping	(n)- 1.जहाजरानी, नौपरिवहन 2. **भेजना**	1.The sewz canal is open to shipping. 2.The company has arranged for shipping of its goods to foreign countries.	1. स्वेज नहर **नौपरिवहन** के लिए खुला है। 2. कंपनी ने अपना माल विदेशों में **भेजने** की व्यवस्था की है।
218.	shipment	(n)- **लदान, लदाई**	The cost of shipment of the personal effects of the officer shall be reimbursed.	अधिकारी के निजी सामान के **लदान** की लागत की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
219.	shortage	(n)- कमी*, अभाव	Due to shortage of rain, crops have failed in some parts of the country.	वर्षा की कमी के कारण देश के कुछ हिस्सों में फसल नष्ट हो गई है।
220.	short leave	(n)- अल्पावधि छुट्टी*	Short leave for two hours may be granted by the company to the staff for urgent work.	कर्मचारियों को जरूरी काम के लिए कंपनी द्वारा दो घंटे की अल्पावधि छुट्टी दी जा सकती है।
221.	sick industry	(n)- **बीमार उद्योग,** रुग्ण उद्योग,	The government has devised a plan to support the sick	सरकार ने **बीमार उद्योगों** को समर्थन देने के लिए एक योजना

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अलाभकारी उद्योग	industries.	बनाई है।
222.	sick leave	(n)- अस्वस्थता छुट्टी, बीमारी की छुट्टी	The medical certificate must be produced for the sanction of sick leave.	अस्वस्थता छुट्टी की स्वीकृति हेतु चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
223.	sick report	(n)- अस्वस्थता रिपोर्ट	The sick report may be issued by the doctor.	अस्वस्थता रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा जारी की जा सकती है।
224.	sick unit	(n)- **बीमार इकाई**, अलाभकारी इकाई	The government has launched a new scheme to help out the sick units.	सरकार ने **बीमार इकाइयों** की सहायता के लिए एक नई योजना शुरू की है।
225.	signature	(n)- हस्ताक्षर	The application without signature shall not be accepted.	बिना हस्ताक्षर के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
226.	signature campaign	(n)- हस्ताक्षर अभियान	The party has launched a signature campaign in support of the bill.	पार्टी ने इस बिल के सर्मथन में हस्ताक्षर अभियान चलाया है।
227.	significant	(n)- महत्वपूर्ण, सार्थक, अहम	Many significant bills have been passed in this session of the Parliament.	संसद के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पास किए गए हैं।
228.	silver jubilee	(n)- रजत जंयती*	The instituition is celebrating its silver jubilee this year.	संस्था इस वर्ष अपनी रजत जंयती मना रही है।
229.	similar	(adj)- सदृश, वैसा ही , समरूप, ऐसा ही	This rule applies to all the similar cases.	यह नियम सभी सदृश मामलों पर लागू है।
230.	simultaneous	(adj)- साथ-साथ, एक साथ, समसामयिक, एक ही समय	There is a facility of simultaneous interpretation in the Parliament.	संसद में साथ-साथ निर्वचन की सुविधा है।
231.	simultaneously	(adv)- एक साथ, एक ही समय पर	The running commentary of the match will be broadcast on both the channels simultaneously.	इस मैच का आंखों देखा हाल दोनों चैनलों पर साथ –साथ प्रसारित किया जाएगा।
232.	sincere	(n)- निष्ठावान	The official is sincere to his duty.	कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
233.	single fare	(n)- 1. इकतरफा किराया, एकतरफा किराया, 2. एकल किराया	The dependent of the officer posted abroad shall be granted single fare from the posting station in abroad to india if (s)he stays there for the purpose of study.	यदि विदेश में तैनात अधिकारी का आश्रित अध्ययन के लिए वहां ठहरता है तो उसे विदेश स्थित तैनाती स्थान से भारत तक इकतरफा किराया मिलेगा।
234.	sinking fund	(n)- **निक्षेप निधि,शोधन निधि,** ऋण-शोधन निधि	The company may pay for the long term debt from its sinking fund.	कंपनी अपनी **निक्षेप निधि** से दीर्घावधि के ऋण का भुगतान कर सकती है।
235.	site	(n)- स्थल, स्थान	The police immediately rushed to the site of the accident.	पुलिस तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंची।
236.	site plan	(n)- स्थल नक्सा	The site plan of the project was displayed in the meeting.	बैठक में परियोजना का स्थल नक्शा दिखाया गया।
237.	siting	(n)- **स्थापना अवस्थान**	The siting of the nuclear plant is highly controversial	परमाणु संयंत्र के **स्थापना अवस्थान पर** बहुत विवाद है।
238.	sitting	(n)- **पाली, बैठक**	The first sitting of the examination will start at 10 AM.	परीक्षा की पहली पाली 10 बजे पूर्वाहन से प्रारंभ होगी।
239.	sitting member	(n)- **वर्तमान सदस्य,** आसीन सदस्य	The sitting members of the committee resigned after the election of the new members.	नए सदस्यों के चुनाव के बाद समिति के **वर्तमान सदस्यों** ने त्यागपत्र दे दिए।
240.	situated	(adj)- **स्थित, अवस्थित**	The office is situated in a large campus.	कार्यालय एक बड़े परिसर में **स्थित** है।
241.	situation	(n)- **1.स्थिति 2. परिस्थिति**	After clashes between the two groups, the situation is tense but under control.	दो गुटों के बीच हुई झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में है।
242.	situations vacant	(n)- **रिक्तियां***, (विज्ञापन) रिक्त स्थान	The advertisement was given in the news paper under the column of situations vacant.	यह विज्ञापन समाचार पत्र के **'रिक्तियां'** नामक स्तंभ में छपा था।
243.	skeleton staff	(n)- **बहुत कम स्टाफ, बहुत कम कर्मचारी,** अत्यल्प स्टाफ	The department has to function with skelton staff.	विभाग को **बहुत कम कर्मचारियों** के साथ कार्य करना पड़ता है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
244.	skilled labourer	(n)- **कुशल मजदूर**, कुशल श्रमिक	The production has increased due to laboureres.	**कुशल मजदूरों** की वजह से उत्पादन में वृद्धि हुई है।
245.	slackness	(n)- शिथिलता, ढिलाई	Slackness in manufacturing sector has affected the growth rate.	विनिर्माण क्षेत्र में शिथिलता आने से विकास दर प्रभावित हुई है।
246.	slack season	(n)- मंद अवधि, मंदी का समय	The air fares have gone down due to slack season.	मंदी का समय होने से हवाई किराया कम हुआ है।
247.	Sleeper class	(n)-**शयनयान श्रेणी**, शायिका श्रेणी	The fares of sleeper class in trains have not been increased.	रेल गाड़ियों की **शयनयान श्रेणी** के किराए में वृद्धि नहीं की गई है।
248.	sleeper coach	(n)- शयनयान	One extra sleeper coach was joined with the train for tatkal tickets.	रेलगाड़ी में तत्काल टिकटों के लिए एक अतिरिक्त शयनयान जोड़ा गया।
249.	slip	(n)- 1. पर्ची* 2. चूक*	1.The visitor's slip may be submitted at the reception. 2. The mistake in the report was due to slip of pen.	1. आगंतुक पर्ची स्वागत कक्ष में जमा की जाए। 2. रिपोर्ट में गलती लिखने में चूक की वजह से हुई।
250.	Slow down	(n)- 1. **मंदी**, कार्यमंदी, मंदन (v)- 2.(**गति) धीमा होना,** धीरे चलना, धीरे चलो	1.Due to slow down in real-estate, the price of property has gone down. 2. The economic growth rate was slowed down in the last year.	1. अचल संपत्ति के क्षेत्र में **मंदी** के कारण जायदाद की कीमत घटी है। 2. आर्थिक विकास दर पिछले साल **धीमी** हो गई।
251.	sleeping partner	(n)- निष्क्रिय भागीदार	The sleeping partner of the company has no active role in management.	कंपनी के प्रबंधन में निष्क्रिय भागीदार की कोई सक्रिय भूमिका नहीं है।
252.	slum	(n)- झुग्गी बस्ती*	It has been decided to make the city free of slums.	शहर को झुग्गी बस्ती से मुक्त करने का फैसला लिया गया है।
253.	slum area	(n)- झुग्गी बस्ती इलाका	Regular water supply has been made also to the slum areas.	झुग्गी बस्तियों में भी नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की गई है।
254.	slump	(n)- 1. चरम मंदी 2 अचानक गिरावट	1.The slump of the early 1980s was one of the reasons for unrest in that country.	1. 1980 के दशक के शुरू में **चरम मंदी** भी उस देश में अशांति का एक कारण था।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			2. Due to a slump in property prices, the number of buyers has increased. 3. Net profits of the company has slumped by 41%.	2. संपत्ति की कीमतों में अचानक गिरावट के कारण खरीदारों की संख्या बढ़ी है। 3. कंपनी के शुद्ध मुनाफे में 41% तक की गिरावट आई है।
255.	small(scale) industry	(n)- लघु उद्योग	The rural economy may grow fast by virtue of small (scale) industries.	ग्रामीण अर्थव्यवस्था लघु उद्योगों के कारण तेजी से बढ़ सकती है।
256.	smooth	(adj)- **सुचारू, अबाध,** निर्विध्न, निर्बाध	The company has assured the consumers smooth supply of gas.	कंपनी ने उपभोक्ताओं को सुचारू गैस आपूर्ति का आश्वासन दिया है|
257.	smooth flow	(n)- **सहज प्रवाह, अबाध प्रवाह,** निर्बाध प्रवाह	The RBI has ensured smooth flow of credit to the productive sectors.	भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्पादक क्षेत्रों के लिए ऋण का **सहज प्रवाह** सुनिश्चित किया है।
258.	SMS	(n)- **लघु संदेश,** संक्षिप्त संदेश सेवा*	The monthly pension statements are sent to the pensioners through SMS.	पेंशनरों को **लघु संदेश** के माध्यम से मासिक पेंशन विवरण भेजे जाते हैं।
259.	smuggle	(v)- तस्करी करना	The BSF foiled an attempt to smuggle arms into India.	बीएसएफ ने भारत में हथियारों की तस्करी करने के एक प्रयास को नाकाम कर दिया।
260.	smuggler	(n)- तस्कर	Three smugglers have been arrested with heavy quantity of gold.	तीन तस्कर सोने की भारी मात्रा के साथ गिरफ्तार किए गए हैं।
261.	smuggling	(n)- तस्करी	As per the report, there has been a spurt in gold smuggling in the wake of higher duties.	रिपोर्ट के अनुसार सोने पर ऊंचे शुल्क के कारण इसकी तस्करी में तेजी आई है।
262.	snap inspection	(n)- आकस्मिक निरीक्षण	Due to snap inspections, teaching standard in government schools has improved.	आकस्मिक निरीक्षणों के कारण, सरकारी स्कूलों में शिक्षण-स्तर में सुधार हुआ है।
263.	snap strike	(n)- आकस्मिक	The workers went on snap strike to	श्रमिक अपनी मांगों को मनवाने

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		हड़ताल	force their demand.	के उद्देश्य से आकस्मिक हड़ताल पर चले गए|
264.	socialistic pattern	(n)- **समाजवादी ढांचा,** समाजवादी स्वरूप	India adopted the socialistic pattern of society.	भारत ने समाज व्यवस्था का **समाजवादी ढांचा** अपनाया।
265.	sociologist	(n)- **समाजशास्त्री,** समाजविज्ञानी	Sociologists find more cohesion in society due to education.	**समाजशास्त्रियों** के अनुसार शिक्षा के चलते समाज में अधिक सामंजस्य बना है।
266.	social condition	(n)- **सामाजिक दशा*,** **सामाजिक स्थिति***	The social conditions of the women in society have improved much.	समाज में महिलाओं की **सामाजिक दशा में** बहुत सुधार हुआ है।
267.	social contract	(n)- **सामाजिक समझौता,** **सामाजिक संविदा**	Modern nations have framed out their constitutions as social contracts for governance.	आधुनिक राष्ट्रों ने शासन के लिए **सामाजिक समझौतों** के रूप में अपने संविधानों के निर्माण किए हैं।
268.	social insurance	(n)- **सामाजिक बीमा**	The welfare schemes have provided adequate social insurance to the poor.	कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को पर्याप्त **सामाजिक बीमा** मिला है।
269.	social security	(n)- सामाजिक सुरक्षा*	The employer is responsible for providing adequate *social security* to the women employees.	नियोक्ता महिला कर्मचारियों को पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार है।
270.	social welfare	(n)- समाज-कल्याण	The government has spent huge amounts of money on social welfare.	सरकार ने समाज कल्याण पर भारी मात्रा में धन खर्च किया है।
271.	social work	(n)- 1.**समाज-कार्य (विषय),** 2. **सामाजिक कार्य,** समाज-कार्य	1.The essential qualification for the post is Masters Degree in Social Work. 2. The NGO has been doing social works since the last five years.	1.इस पद के लिए आवश्यक योग्यता **समाज-कार्य** में स्नातकोत्तर की उपाधि है। 2. यह गैर सरकारी संगठन पिछले पांच सालों से **सामाजिक कार्य** कर रहा है।
272.	society	(n)- 1 समाज 2 समिति,	1. The fast economic growth has benefited	1. तीव्र आर्थिक विकास से समाज के हर वर्ग को लाभ हुआ

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		सोसाइटी	every section of society. 2. The Thrift & Credit *Society of the Department has helped many employees.*	है। 2. विभाग की बचत और उधार समिति से कई कर्मचारियों को मदद मिली है।
273.	soft currency area	(n)- **नरम मुद्रा क्षेत्र**, सुलभ मुद्रा क्षेत्र	The company has decided to get its ships repaired in soft currency areas	कंपनी ने अपने जहाजों की **नरम मुद्रा क्षेत्रों** में मरम्मत कराने का निर्णय लिया है।
274.	soft loan	(n)- **उदार ऋण, नरम उधार, कम ब्याज ऋण, सुलभ ऋण**	The banks may provide soft loans to the women self- help groups.	बैंक महिला स्वयं सहायता समूहों को **उदार ऋण** प्रदान करते हैं|
275.	soft loan scheme	**उदार ऋण योजना, सुलभ ऋण योजना**	Under the soft loan scheme, financial assistance was to some specified industrial sectors.	**उदार ऋण योजना** के तहत कुछ विनिर्दिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों को वित्तीय सहायता दी गई।
276.	software	(n)- सॉफ्टवेयर, प्रक्रिया सामग्री	The new software of Hindi typing has been found quite useful for the office.	हिंदी टाइपिंग का नया सॉफ्टवेयर कार्यालय के लिए बहुत उपयोगी पाया गया है।
277.	soil conservation	(n)-**मिट्टी संरक्षण,** भूमि संरक्षण	The farmers are told about soil conservation in the farm schools.	किसानों को फार्म-स्कूलों में **मिट्टी संरक्षण** के बारे में बताया गया।
278.	sojourn	(n)- **(अल्प) प्रवास,** विराम, अवस्थान,	Polution has shortened the period of sojourn of the migratory birds.	प्रदूषण के कारण प्रवासी पक्षियों के **प्रवास** की अवधि कम हो गई है।
279.	sole	(adj)- 1 एकमात्र 2 एकल	1.The sole survivor of the crash gave the hartrending details. 2. The court has the sole right to decide in the matter.	1. दुर्घटना में बचनेवाले एकमात्र व्यक्ति ने बड़ा हृदयविदारक ब्यौरा दिया। 2. अदालत को इस मामले में फैसला करने का एकल अधिकार है।
280.	sole agency	(n)- एकल अभिकरण, एकल एजेंसी	The company has appointed a sole agency for distribution of its	कंपनी ने अपने उत्पाद के वितरण के लिए एकल एजेंसी नियुक्त की है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			product.	
281.	sole owner	(n)- एकमात्र स्वामी	The sole owner of the property is liable to pay the tax on income from it.	संपत्ति के एकमात्र स्वामी को इससे होने वाली आय पर कर का भुगतान करना होगा।
282.	solicit	(v)- **अनुरोध करना,** याचना करना	The committee has solicited the opinions of the experts on the bill.	समिति ने इस बिल पर विशेषज्ञों से राय देने का अनुरोध किया है।
283.	solidarity	(n)- एकजुटता*	Supporters marched yesterday to show solidarity with their leader.	समर्थकों ने अपने नेता के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए कल मार्च किया।
284.	solidarity match	(n)- **मैत्री-मैच,** एकजुटता मैच	The solisdarity match was played between the two teams in support of the AIDS victims.	दोनों टीमों ने एड्स पीड़ितों के समर्थन में एक मैत्री- मैच खेला।
285.	solitary	(adj)-1. एकांत 2. एकमात्र, अकेला	1.The peaceful and solitary environment is needed for the research work. 2. The UN peace keeping forces seized the solitary Airport in the rebel's area.	1. अनुसंधान कार्य के लिए शांतिपूर्ण और एकान्त माहौल आवश्यक है। 2. संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक बलों ने विद्रोही क्षेत्र के एकमात्र हवाई अड्डे पर कब्जा कर लिया।
286.	solitary confinement	(n)- **एकांत परिरोध**		
287.	solitary case	(n)- **एक मामला,** अकेला मामला	There was not even a solitary case of polio in India in the last year.	पिछले साल भारत में पोलियो का **एक** भी **मामला** नहीं मिला।
288.	solution	(n)- हल, समाधान	The government has taken necessary steps for solution of the problem of price rise.	सरकारने मूल्य वृद्धि की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।
289.	solve	(v)- हल करना, समाधान करना	The Green Revolution solved the problem of food grains in India.	हरित क्रांति से भारत में खाद्यान्न की समस्या का हल किया गया।
290.	solvency	(n)- **ऋण चूकाने की क्षमता***, शोधन-क्षमता*	The bank may grant loans only after ascertaining the solvency of the applicants.	बैंक आवेदकों की **ऋण चुकाने की क्षमता** जानने के बाद ही ऋण स्वीकृत करे।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
291.	solvent	(adj)- **ऋण चूकाने में सक्षम,** शोधन क्षम	The bank has found the company solvent.	बैंक ने कंपनी को **ऋण चुकाने में सक्षम** पाया है।
292.	sorrow	(n)- शोक	*Kosi river* is called the Sorrow of Bihar.	कोसी नदी को बिहार का शोक कहा जाता है।
293.	sorting	(n)- **छांटना,** छंटाई	The Dak is dispatched after sorting out the letters for different cities.	विभिन्न शहरों के लिए पत्रों को **छांटने** के बाद डाक भेजी जाती है।
294.	source	(n)- **1.**स्रोत, उद्‌गम 2. **मूल कारण,जड़*** (v)- आपूर्ति **करना, संसाधित करना**	(n)- 1.The income tax may be deducted at source. 2. It is better to deal with such a problem at source. (v)- The fuel for most of the Nuclear Reactors is sourced from abroad.	(n)- 1. स्रोत पर आय कर की कटौती की जाए। 2. इस तरह की समस्या के **मूल कारण** का समाधान करना बेहतर है। (v)- अधिकांश परमाणु रिएक्टरों के लिए ईंधन विदेशों से आपूर्ति किए जाते हैं।
295.	source book	(n)- **स्रोत पुस्तक,** स्रोत ग्रंथ	The source book of the rules is Fundamental Rules and Service Rules.	इन नियमों का **स्रोत पुस्तक** मूल नियम और पूरक नियम है।
296.	source of income	(n)- आय स्रोत, आय साधन	The officials may disclose all his sources of income.	कर्मचारी अपनी आय के सभी स्रोतों का खुलासा करें।
297.	southern region	(n)- दक्षिणी क्षेत्र	The trainees from the southern region undergo training in Benglore.	दक्षिणी क्षेत्र के प्रशिक्षार्थी बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।
298.	sovereign	(adj)-1. संप्रभु 2. संप्रभुता संपन्न	1.parliament has a sovereign right to legislate. 2. India is a soverign state.	1.संसद को विधान बनाने का संप्रभु अधिकार है। 2. भारत एक संप्रभुता संपन्न राष्ट्र है।
299.	sovereignty	(n)- संप्रभुता*	Indian Army is capable enough to protect the sovereignty of India.	भारतीय सेना भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए पर्याप्त सक्षम है।
300.	spade work	(n)- तैयारी-पूर्व कार्य, प्रारंभिक कार्य	The spade works may be done before preparing the design of the project.	परियोजना की रूपरेखा बनाने से पहले प्रारंभिक कार्य किए जाएं।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
301.	spare	(n)- अतिरिक्त **(v)- उपलबध करना, छोड़ना**	(n)- The two spare rooms of the office were used for accommodation of staff. **(v)-** The Ministry has asked the department to spare one Hindi typist during the parliament session.	(n)- कार्यालय के दो अतिरिक्त कमरों का उपयोग कर्मचारियों के आवास के लिए किया गया। **(v)-** मंत्रालय ने संसद सत्र के दौरान एक हिंदी टंकक **उपलबध कराने** के लिए विभाग से कहा है।
302.	spare copy	(n)-अतिरिक्त प्रति*	The spare copies of the report may be stored in the office.	रिपोर्ट की अतिरिक्त प्रतियां कार्यालय में रखी जाएं।
303.	spare parts	(n)-अतिरिक्त पुर्जे	The spare parts of the printers in office may be purchased from authorized dealers.	कार्यालय में प्रिंटरों के अतिरिक्त पुर्जे प्राधिकृत डीलरों से खरीदे जाएं।
304.	spare time	(n)-खाली समय, अतिरिक्त समय	The employees may go to libraray in spare time to study.	कर्मचारी खाली समय में अध्ययन करने के लिए पुस्तकालय जा सकते हैं।
305.	speaker	(n)-1 वक्ता 2(लोकसभा आदि)अध्यक्ष 3 स्पीकर	1. The speaker dwelt on the importance of simple language in official correspondence. 2. The speaker adjourned the meeting for two hours. 3. The Research Section may be provided two speakers for each computers to work on Hindi phonetics.	1. वक्ता ने सरकारी पत्राचार में सरल भाषा के महत्व पर चर्चा की। 2. अध्यक्ष ने दो घंटे के लिए बैठक स्थगित कर दी। 3. अनुसंधान अनुभाग में हिन्दी ध्वनियों पर काम करने के लिए प्रत्येक कंप्यूटर हेतु दो स्पीकर उपलब्ध कराए जाएं।
306.	special	(adj)-विशेष	Indian Railway runs many special trains during the summer season.	भारतीय रेल गर्मी के मौसम में कई विशेष रेलगाड़ियां चलाती है।
307.	special ability test	(n)-विशेष योग्यता परीक्षण	The candidates were selected after special ability test.	उम्मीदवारों का विशेष योग्यता परीक्षण के बाद चयन किया गया।
308.	special allowance	(n)-विशेष भत्ता	Special Allowance is admissible to Special Task Force for risky	विशेष कार्य बल को जोखिम भरे कार्य करने के लिए विशेष भत्ता

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			duties.	स्वीकार्य है।
309.	special cell	(n)- विशेष प्रकोष्ठ	The students from abroad may contact the special cell of the University for admission.	विदेशी छात्र नामांकन हेतु विश्वविद्यालय के विशेष प्रकोष्ठ से संपर्क करें।
310.	Special Compensatory Allowance	(n)- विशेष प्रतिकर भत्ता	Special Compensatory Allow ance is allowed to the employees working in hilly areas.	पहाड़ी क्षेत्रों में काम कर रहे कर्मचारियों को विशेष प्रतिकर भत्ता दिया जाता है।
311.	Special central assistance	(n)- **विशेष केंद्रीय सहायता**	The Ministry has given adequate special central assistance to tribal sub plan.	मंत्रालय ने जनजातीय उप योजना के लिए पर्याप्त **विशेष केंद्रीय सहायता** दी है।
312.	special correspondent	(n)-विशेष संवाददाता	The special correspondent of the News channel has given a detailed report of the summit.	समाचार चैनल के विशेष संवाददाता ने शिखर सम्मेलन की विस्तृत रिपोर्ट दी है।
313.	special drive	(n)-विशेष अभियान	A special polio drive was organized on the last Sunday.	पिछले रविवार को विशेष पोलियो अभियान आयोजित किया गया।
314.	special grant	(n)-विशेष अनुदान	The Ministry has released a special grant of Rs. 5 crore to help the cottage industry.	मंत्रालय ने कुटीर उद्योग की सहयता के लिए 5 करोड़ रुपए का विशेष अनुदान जारी किया है।
315.	special education	(n)-विशेष शिक्षा	The essential qualification for the post is B. Ed in special education.	इस पद के लिए आवश्यक योग्यता विशेष शिक्षा में बी.एड. है।
316.	special educator	(n)-**विशेष शिक्षक**	The school needs one special educator for regular post.	विद्यालय में नियमित आधार पर एक **विशेष शिक्षक** की आवश्यकता है।
317.	specialist	(n)-विशेषज्ञ	The opinions of specialists may be sought for in formulation of the policy.	नीति-निर्माण में विशेषज्ञों की राय ली जाए।
318.	speciality	(n)- **विशेष योग्यता,** विशिष्टता	The candidate for the post must have speciality in the field	इस पद के लिए उम्मीदवार के पास भाषाविज्ञान के क्षेत्र में

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			of Linguistics.	**विशेष योग्यता** अवश्य होनी चाहिए।
319.	Specializataion	विशेषज्ञता	The applicant for the post should have specialization in the field of information technology.	इस पद के लिए आवेदक को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञता होनी चाहिए।
320.	special pay	(n)-विशेष वेतन	The officer has been granted special pay for his highly important duties.	अधिकारी को उसके अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विशेष वेतन प्रदान किया गया है।
321.	special ward	(n)-विशेष वार्ड	The hospital has a special ward for elderly people.	अस्पताल में बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए एक विशेष वार्ड है।
322.	specific	(n)-1. विनिर्दिष्ट 2. विशिष्टि	1.The government has given specific instructions to maintain law and order in the disturbed area. 2. Children's television programmes should aim at a specific age group.	1.सरकार ने अशांत क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए **विनिर्दिष्ट** अनुदेश दिए हैं। 2. बच्चों के टेलीविजन कार्यक्रम एक **विशिष्ट** आयु वर्ग के लिए होने चाहिए।
323.	specified area	(n)-विनिर्दिष्ट क्षेत्र	The scheme helps the NGOs working for the Tribal people in the specified areas.	इस योजना से विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में जनजातीय लोगों के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों को सहायता मिलती है।
324.	specimen signature	(n)-नमूना हस्ताक्षर	The customer's signature should be similar to his specimen signature.	ग्राहक के हस्ताक्षर उसके नमूना हस्ताक्षर के समान होने चाहिए|
325.	speech	(n)-1 भाषण 2 **अभिव्यक्ति**, वाक्	1. The Manager gave a very emotional speech on the day of his retirement. 2. The freedom of speech has been guarranted to all the citizens of the country.	1. प्रबंधक ने अपनी सेवानिवृत्ति के दिन एक बहुत ही भावुक भाषण दिया। 2.देश के सभी नागरिकों को **अभिव्यक्ति** की स्वतंत्रता प्राप्त है।
326.	speed breaker	(n)- चाल रोधक (गतिरोधक)	High inflation has been a speed breaker of economic growth.	उच्च मुद्रास्फीति आर्थिक वृद्धि का गतिरोधक रहा है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
327.	speed limit	(n)-चाल सीमा (गति सीमा)	The vehicles may not cross the speed limit on the road.	सड़क पर वाहन गति सीमा को पार नहीं करे।
328.	speed post	(n)-स्पीड पोस्ट, तीव्र डाक	The application may be sent through speed post.	आवेदन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जा सकता है।
329.	speedy action	(n)- शीध्र कार्रवाई	Administration may ensure speedy action in the case of medical treatment.	प्रशासन चिकित्सा उपचार के मामले में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करे।
330.	speedy disposal	(n)- शीध्र निपटान	Lok Adalat has been held for speedy disposal of the cases.	मामलों के शीघ्र निपटान के लिए लोक अदालत आयोजित की गई है।
331.	sphere	(n)-क्षेत्र	People from all spheres of society want good governance.	सामाज के सभी क्षेत्रों के लोग सुशासन चाहते हैं।
332.	spiral binding	(n)-सर्पिल जिल्द, सर्पिल जिल्दबंदी	Spiral binding of the reports may be done.	रिपोर्टों में सर्पिल जिल्द लगाया जाए।
333.	split up	(v)-विभाजित करना, विभाजित होना	The state has been split up to form a new state.	इस राज्य को विभाजित कर एक नया राज्य बनाया गया है।
334.	spokesman	(n)-प्रवक्ता	The Party spokesman expressed party's support for the bill.	पार्टी प्रवक्ता ने विधेयक के पक्ष में पार्टी का समर्थन व्यक्त किया।
335.	sponsor	(n)- प्रायोजक (v)- 1. प्रायोजित करना 2. **समर्थन करना** **3. बढावा देना**	(n)- The sponsor of the team has announced a special prize for each meber. (v)- 1. The match is sponsored by three companies. 2. Eight MLAs sponsored the legislation to help the sugar mills in the state. 3. Today, the world community is united agaist the countries	(n)- टीम के प्रायोजक ने टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए विशेष पुरस्कार की घोषणा की है। (v)- 1. मैच तीन कंपनियों द्वारा **प्रायोजित** है। 2. आठ विधायकों ने राज्य में चीनी मिलों की सहायता करने के उद्देश्य से कानून बनाने का **समर्थन** किया। 3. आज विश्व समुदाय आतंकवाद को **बढावा देने** वाले देशों के खिलाफ एकजुट है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			sponsoring terrorism.	
336.	sporting spirit	(n)-खेल-भावना	The player was awarded for his impeccable sporting spirit through out his career.	खिलाड़ी को उसके पूरे कैरियर में सर्वश्रेष्ठ खेल भावना के साथ खेलने के लिए सम्मानित किया गया।
337.	sports	(n)-खेल, खेल-कूद	New Education policy has given due importance to sports in education.	नई शिक्षा नीति ने शिक्षा के क्षेत्र में खेल को उचित महत्व दिया है।
338.	sports complex	(n)-खेल परिसर	Sports complex has the capacity to accommodate more than 25000 spectators.	खेल परिसर में 25,000 से अधिक दर्शकों को समायोजित करने की क्षमता है।
339.	sports organiser	(n)- **खेल आयोजक,** खेलकूद आयोजक	The school has advertiswed two posts of Sports Organisers.	विद्यालय ने **खेल आयोजकों** के दो पदों के लिए विज्ञापन दिया है।
340.	spot admission	(n)-मौके पर दाखिला	Eligible Students can take spot admission in the course.	पात्र छात्र पाठ्यक्रम में मौके पर दाखिला ले सकते हैं।
341.	spot checking	(n)-मौके पर जांच	The samples of edible items were found contaminated in a spot checking.	खाद्य वस्तुओं के नमूने मौके पर जांच में दूषित पाए गए।
342.	spot delivery	(n)-मौके पर सुपुर्दगी*	Spot delivery of the stationery items for office use may be ensured.	कार्यालय उपयोग के लिए लेखन सामग्री की मदों की मौके पर सुपुर्दगी सुनिश्चित की जाए।
343.	spot light	(n)-विशेष समीक्षा, ताजा समीक्षा	In a spot light programme, the channel presents a discussion on Rail Budget.	विशेष समीक्षा कार्यक्रम में चैनल रेल बजट पर एक चर्चा प्रस्तुत करती है।
344.	spot payment	(n)-स्थल भुगतान, मौके पर भुगतान	The builder has announced concessions for spot payment for the house.	बिल्डर ने घर के लिए स्थल भुगतान हेतु रियायतों की घोषणा की है।
345.	spouse	(n)-विवाहिती, पति या पत्नी*	Either of the spouse may claim for children education allowance.	पति या पत्नी में से कोई एक ही संतान शिक्षा भत्ता का दावा कर सकता है।
346.	spurt in prices	(n)- **कीमत में उछाल***	**Spurt in prices** of food items has raised the inflation up.	खाद्य वस्तुओं की **कीमतों में उछाल** से मुद्रास्फीति में वृद्धि

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
				हुई।
347.	Squad	(n)- दस्ता	The building was evacuated and the bomb **squad** called.	भवन को खाली करवाया गया और उसके बाद बम निरोधक **दस्ते** को बुलाया गया।
348.	squeezed middle class	(n)- **तंग मध्यवर्ग**	The **squeezed middle class** cannot afford to spend on luxury.	**तंग मध्यवर्ग** विलासिता पर खर्च नहीं कर सकता।
349.	Stab	(v)- **छुरा मारना, छुरा भोंकना, छुरा घोंपना**	Two persons were **stab**bed to death in the clash between the two parties.	दोनों पक्षों के बीच हुए संघर्ष में दो व्यक्तियों को **छुरा घोंपकर** मार दिया गया।
350.	stabilisation	(n)- **स्थिरीकरण**	The new policies have been adopted for **stabilization** of the economy.	अर्थव्यवस्था के **स्थिरीकरण** के लिए नई नीतियां अपनायी गयी हैं।
351.	stabilizing bid	(n)- **स्थिरीकरण प्रयास**	The company must inform the regulator about any **stabilizing bid** of its share price.	कंपनी अपने शेयरमूल्य के **स्थिरीकरण प्रयास** के बारे में नियामक को अवश्य सूचित करे।
352.	stability	(n)- स्थिरता*	Both leaders wished to work for peace and **stability** in the region.	दोनों नेताओं ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की।
353.	Stable	(adj)- 1. **स्थिर** (n)- 2. **अस्तबल**	1.Indian Rupee has been **stable** in comparison to other currencies of the region. 2. The funds were released for making good **stables** and proper rearing of horses of indigenous breed.	1.भारतीय रुपया इस क्षेत्र की अन्य मुद्राओं की तुलना में **स्थिर** रहा है। 2. देसी नस्ल के घोड़ों के लिए अच्छे अस्तबल बनाने और उनकी समुचित देखभाल के लिए निधियां जारी की गई थीं।
354.	stable money	(n)- **स्थिर मुद्रा***	US Dollar is regarded as a **stable money** in world trade.	अमेरिकी डॉलर को विश्व व्यापार में **स्थिर मुद्रा** माना जाता है।
355.	stadium	(n)- **क्रीड़ांगन**	The final of the tri-series was played in the Eden Garden **stadium** of Kolkata.	त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन **क्रीड़ांगन** में खेला गया।
356.	Staff	(n)-1. **कर्मचारीवृंद,** कर्मचारी-वर्ग,	1. The total number of the **staff** in the office is 52. 2. The	1. कार्यालय में कर्मचारियों की कुल संख्या 52 है। 2.

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अमला, स्टाफ 2. **कर्मचारी रखना**	office is well staffed.	कार्यालय में उचित संख्या में **कर्मचारी रखे गए हैं।**
357.	staff appointment	(n)- **कर्मचारियों की नियुक्ति***	The procedure of **staff appointment** against the vacant posts has been started.	रिक्त पदों पर **कर्मचारियों की नियुक्ति** की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
358.	staff association	(n)-कर्मचारी संघ	The **staff association** has urged the department to issue the seniority list.	कर्मचारी संघ ने वरिष्ठता सूची जारी करने के लिए विभाग से आग्रह किया है।
359.	staff car	(n)-**सरकारी कार,** स्टाफ कार*	The **staff car** may be used only for the office purpose.	**सरकारी कार** केवल कार्यालय के कार्यों के लिए ही इस्तेमाल की जाए।
360.	staff ceiling	(n)- **अधिकतम कर्मचारी संख्या***, अधिकतम स्टाफ सीमा*	The company has set the **staff ceiling** to cut down in expenditure.	कंपनी ने खर्च में कटौती करने के लिए **अधिकतम कर्मचारी संख्या** निर्धारित की है।
361.	staff club	(n)-कर्मचारी क्लब, स्टाफ क्लब	The ***staff club*** may be set up for the recreational needs of the department.	विभाग की मनोरंजन संबंधित जरूरतों के लिए **स्टाफ क्लब** स्थापित किया जाए।
362.	staff quarter	(n)- **कर्मचारी आवास,** स्टाफ क्वार्टर	**Staff quarters** may be allotted to the government employees as per the rules.	सरकारी कर्मचारी को नियमों के अनुसार **कर्मचारी आवास** आवंटित किया जा सकता है।
363.	staff welfare fund	(n)-कर्मचारी कल्याण निधि*, स्टाफ कल्याण निधि*	The officials may make monthly contributions for the **staff welfare fund.**	अधिकारी **कर्मचारी कल्याण निधि** के लिए मासिक योगदान दें।
364.	Stag	(n)- **लाभलोलुप निवेशक, मुनाफाखोर निवेशक**	**Stag** attempts to make a quick profit through rapid turnover of stocks.	**मुनाफाखोर निवेशक** तेजी से कारोबार करके शीघ्र लाभ कमाने के लिए प्रयास करता है।
365.	Stage	**(n)- 1.** मंच, रंगमंच **2. स्तर,** अवस्था*, **प्रक्रम 3.** चरण **(v)- 4.(घटित) होना,**	1. The country is playing a leading role on the international **stage**. 2. The production is at the design **stage**.	1. देश अंतरराष्ट्रीय **मंच** पर प्रमुख भूमिका निभा रहा है। 2. उत्पाद अभी डिजाइन के **स्तर** पर है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		करना 5. (आयोजित) करना	3. The company agrees to increase pay in **stages**. 4. The rupee staged a recovery today. 5. The workers **staged** a strike for a day.	3. कंपनी अलग- अलग **चरणों** में वेतन में वृद्धि करने के लिए सहमत है। 4. रुपए के मूल्य में आज सुधार **हुआ** 5. कामगारों ने एक दिन के लिए हड़ताल **की**।
366.	stagflation	(n)- **मुद्रास्फीतिजनित मंदी***, **गतिरोध स्फीति***	Some large economies of the world are facing **stagflation**.	दुनिया की कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाएं **मुद्रास्फीतिजनित मंदी** का सामना कर रही हैं।
367.	stagnate	(v)- **गति रुकना, ठहराव आना, स्थिर होना, गतिरुद्ध होना**	Industrial production has **stagnated**.	औद्योगिक उत्पादन में **ठहराव** आ गया है।
368.	stagnation	(n)- **ठहराव**, गतिरोध	**Stagnation** in most of the big economies has affected world trade.	बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से अधिकांश में **ठहराव** से विश्व व्यापार प्रभावित हुआ है।
369.	stakeholder	(n)- **हितधारी**	All our employees are also **stakeholders** in the company.	सभी कर्मचारी कंपनी में **हितधारी** भी हैं।
370.	stalemate	(n)-गत्यवरोध	The peace process is delayed due to **stalemate** in talk.	वार्ता में गत्यवरोध की वजह से शांति प्रक्रिया प्रभावित हो गई है
371.	stamp duty	(n)-स्टांप शुल्क	**Stamp duty** must be paid for execution of the sell-deed.	बिक्री-विलेख के निष्पादन के लिए **स्टाम्प शुल्क** का भुगतान किया जाना आवश्यक है।
372.	stamped envelope	(n)-टिकट लगा लिफाफा	One self- addressed **stamped envelope** may be enclosed with the application.	आवेदन के साथ एक अपना पता लिखा **टिकट लगा लिफाफा** संलग्न किया जाए।
373.	stamp paper	(n)-स्टांप कागज	The non-judicial **stamp paper** of Rs 100 /- may be used for the affidavit.	शपथ पत्र के लिए 100/- रुपए के गैर न्यायिक **स्टांप कागज** का इस्तेमाल किया जा सकता है।
374.	stamp vendor	(n)-स्टांप-विक्रेता, टिकट-विक्रेता	It is the duty of the **stamp vendor** to keep the records of the stamp sold.	**स्टांप-विक्रेता** का कर्तव्य है कि वह बेचे गए स्टांप का रिकार्ड रखे।
375.	Stand	(n)-1 **रुख** 2. स्टैंड,	1. The spokesman has cleared the **stand** of	1. प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर पार्टी के

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अड्डा	the party on this issue. 2. The office is just nearby the bus **stand**.	**रुख** को स्पष्ट किया। 2. कार्यालय बस **अड्डे** के पास है।
376.	standard	(n)-1. मानक, स्तर	The company maintains high **standard** of its production according to fixed norms	कंपनी ने निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादन का उच्च **स्तर** बनाए रखा है।
377.	standard deduction	(n)-मानक कटौती*	Taxable amount may be ascertained after **standard deduction.**	**मानक कटौती** के बाद कर-योग्य राशि सुनिश्चित की जाए।
378.	standardization	(n)-मानकीकरण	The **standardization** of Hindi alphabets has helped in learning Hindi.	हिन्दी वर्तनी के **मानकीकरण** से हिंदी सीखने में मदद मिली है।
379.	standard of living	(n)-जीवन-स्तर	Economic growth has improved the **standard of living** of the people.	आर्थिक वृद्धि से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।
380.	standby arrangement	(n)- **आपात व्यवस्था,** आपात-उपयोगी व्यवस्था*	The office may use generator set as a **standby arrangement** during power cut.	बिजली की कटौती के दौरान कार्यालय में **आपात व्यवस्था** के रूप में जनरेटर सेट का उपयोग कर सकता है।
381.	standing	(n)-1 स्थायी* 2 **सम्मान,** प्रतिष्ठा*	1. The **standing** army of the country is one of the largest armies of the world. 2. ISRO has improved the country's **standing** in the world.	1. देश की **स्थायी** सेना दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है। 2. इसरो ने विश्वास में देश का **सम्मान** बढ़ाया है।
382.	standing commission	(n)-स्थायी आयोग	The **standing commission** of the Red cross and Red cresent has been nominated for four years.	रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट के **स्थायी आयोग** को चार साल के लिए नामांकित किया गया है।
383.	standing committee	(n)-स्थायी समिति*	The Ministry has submitted the Action Taken report to the **standing committee.**	मंत्रालय ने **स्थायी समिति** को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।
384.	standing conditions	(n)-स्थायी शर्तें*	The clients must have to follow the **standing conditions**	ग्राहकों को पॉलिसी की **स्थायी शर्तों** का पालन करना अनिवार्य

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			of the policy.	है।
385.	standing guard file	(n)-स्थायी गार्ड फाइल*	The copy of the order may be enclosed in the **standing guard file** of the section.	आदेश की प्रति अनुभाग की **स्थायी गार्ड फाइल** में संलग्न की जाए।
386.	standing order	(n)-स्थायी आदेश	Under the **standing order**, the police has to update the development of the cases.	**स्थायी आदेश** के अधीन पुलिस को मामलों की स्थिति अद्‌यतन करनी होगी।
387.	stand still	(n) - **गतिरोध, ठहराव** (adj) - **गतिशून्य, ठप होना**	The working of the banking sector came to a **standstill** due to the strike of the staff.	कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बैंकिंग क्षेत्र का कामकाज **ठप** हो गया है।
388.	stapler	**(n)** स्टेप्लर	The **stapler** is used to staple the papers.	**स्टेपलर** का प्रयोग कागजों को नत्थी करने के लिए किया जाता है।
389.	starred question	**(n)** तारांकित प्रश्न	A **Starred Question** is one to which a member desires an oral answer in the House.	**तारांकित प्रश्न** वह है, जिसका सदस्य सदन में मौखिक उत्तर चाहता है।
390.	starter	(n) **प्रवर्तक**, आरंभक	Tata Company may be considered starter in the field of manufacture of small cars.	टाटा कंपनी को छोटी कारों के विनिर्माण के क्षेत्र में **आरंभक** माना जा सकता है।
391.	starting salary	(n)-आरंभिक वेतन (n)- **प्रारंभिक वेतन**	Nursing graduates receive a good **starting salary.**	नर्सिंग स्नातकों को अच्छा **प्रारंभिक वेतन** प्राप्त होता है।
392.	State	(n)- 1. राज्य 2.स्थिति*, दशा*, अवस्था*, हालत* **(v)- बताना**	1. Kolkata is in the **state** of West Bengal. 2. He was in a **state** of shock after he got the bad news. 3. The Section Officer asked the clerk to **state** the reasons for unauthorized absence.	1. कोलकाता पश्चिम बंगाल **राज्य** में है। 2. बुरी खबर सुनने के बाद वह सदमे की **स्थिति** में था। 3. अनुभाग अधिकारी ने लिपिक से अनधिकृत अनुपस्थिति का कारण **बताने** के लिए कहा।
393.	**Statecraft**	**(n) शासन कला** *	E-governance is gradually becoming an integral part of **statecraft**.	ई–शासन धीरे –धीरे शासन कला का अभिन्न अंग बनता जा रहा है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
394.	State express telegram	**(n)- शासकीय एक्सप्रेस तार,** सरकारी एक्सप्रेस तार	The office received emergency information through **State express telegram.**	कार्यालय में आपात सूचना **शासकीय एक्सप्रेस तार** के माध्यम से प्राप्त हुई।
395.	State government	(n)-राज्य सरकार*	The **state government** has directed for strict compliance of UGC guidelines.	**राज्य सरकार** ने यूजीसी के दिशा निर्देशों का **सख्ती** से अनुपालन करने का निर्देश दिया है।
396.	State guest	(n)- राजकीय अतिथि	The Heads of State visiting India on official visit are given the honour of **state guest.**	आधिकारिक यात्रा पर भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्षों को **राजकीय अतिथि** का सम्मान प्रदान किया जाता है।
397.	State legislative assembly	(n)- राज्य विधान सभा	The members of **state legislative assembly** are called legislatures.	**राज्य विधान सभा** के सदस्यों को विधायक कहा जाता है।
398.	State list	(n)-राज्य सूची	The state governments have exclusive power for enactment on the subjects of **state list.**	राज्य सरकारों को **राज्य सूची** के विषयों पर अधिनियम बनाने हेतु विशिष्ट शक्ति प्राप्त है।
399.	statement of accounts	(n)- लेखा-विवरण	The **statement of accounts** has been prepared and submitted for perusal and approval.	**लेखा विवरण** तैयार कर दिया है और यह अवलोकन और अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।
400.	state of health	(n)- स्वास्थ्य की स्थिति*, **हालत**	The **state of health** of Public Sector Banks of India remained good even during worldwide recession.	विश्वव्यापी मंदी के दौरान भी भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की **हालत** अच्छी बनी रही।
401.	state of the art technology	**(n)-अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी*,** नवोन्नत प्रौद्योगिकी*	**State of the art technology** in telecom sector has made communication very swift and convenient.	टेलीकॉम क्षेत्र में **अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी** के प्रयोग से संचार/सम्प्रेषण तीव्रगामी और सुगम बन गया है।
402.	static economy	स्थिर अर्थव्यवस्था*, गतिहीन अर्थव्यवस्था*	China's economy is a fast growing economy as compared to **static economies** of	सार्क देशों की **स्थिर अर्थव्यवस्थाओं** की तुलना में चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			SAARC counties.	
403.	station	(n)- स्टेशन, केंद्र	1. The train arrived late at the **station.** 2. Members raised the issue of the policy on nuclear power **station**.	1. ट्रेन **स्टेशन** पर देर से पहुंची। 2. सदस्यों ने परमाणु बिजली **केन्द्र** से संबंधित नीति का मुद्दा उठाया।
404.	stationery	(n) – लेखन - सामग्री*, **स्टेशनरी**	Bids are invited from all registered **Stationery** suppliers.	सभी पंजीकृत **स्टेशनरी** आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।
405.	station leave	(n)-स्टेशन छोड़ने की अनुमति	A government employee is required to obtain **station leave** before leaving the duty station.	सरकारी कर्मचारी से अपेक्षा की जाती है कि वह ड्यूटी स्टेशन छोड़ने से पहले **स्टेशन छोड़ने की अनुमति** प्राप्त करे।
406.	statistical	(adj) - सांख्यिकीय	The NSSO has estimated reduction in prices on the basis of its **Statistical** survey.	एन.एसएसओ ने अपने **सांख्यिकीय** सर्वेक्षण के आधार पर कीमतों में कमी का अनुमान लगाया है।
407.	statistical analysis	(n)- सांख्यिकीय विश्लेषण	The **statistical analysis** of the consolidated data is under progress.	समेकित डाटा के **सांख्यिकीय विश्लेषण** का कार्य प्रगति पर है।
408.	statistical data	(n)- सांख्यिकीय आंकड़े	*WDI*-2014 provides global **statistical data** about the poverty.	विश्व विकास सूचक 2014 गरीबी के बारे में वैश्विक **सांख्यिकीय आंकड़े** प्रदान करता है।
409.	status	(n)- 1 स्थिति*, प्रस्थिति* 2 हैसियत* प्रतिष्ठा*	1. The applicant is enquiring about the **status** of his loan application. 2. It is undeniable that the government job provides high social **status**.	1. आवेदक अपने ऋण आवेदन की **स्थिति** के बारे में पूछताछ कर रहा है। 2. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी नौकरी उच्च सामाजिक **हैसियत** प्रदान करती है।
410.	status report	(n)- स्थिति रिपोर्ट*	The Prime Minister's Office has sought a **status report** of the project from the Ministry.	प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंत्रालय से परियोजना की **स्थिति रिपोर्ट** मांगी है।
411.	Status quo	(n)- यथापूर्व	The court directed the parties to maintain	न्यायालय ने पक्षकारों को

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		स्थिति*, **यथास्थिति***	status quo till final decision.	अंतिम निर्णय होने तक **यथापूर्व स्थिति** बनाए रखने का निदेश दिया है।
412.	statute	1 संविधि, कानून 2 (संस्था) परिनियम	1. The **statute** enacted by Parliament is applicable to the entire country. 2. The scope of the **statute** of the Association has been registered with the registrar office.	1. संसद द्वारा बनाया गया **कानून** पूरे देश पर लागू होता है। 2. संघ का **परिनियम** पंजीकरण कार्यालय में पंजीकृत करा लिया गया है।
413.	statutory	वैधानिक, कानूनी, सांविधिक	1. It is mandatory to print a **statutory** warning on the packets of all tobacco products. 2. It is the **statutory** responsibility of the government to provide free primary education to all the children.	1. सभी तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर **वैधानिक** चेतावनी छापना अनिवार्य है। 2. सभी बच्चों को नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार का **कानूनी** दायित्व है।
414.	stay order	रोक आदेश,	**Stay order** has been obtained from the supreme court against the order of high court.	उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय से **स्थगन आदेश** प्राप्त कर लिया गया है।
415.	steady growth	सतत वृद्धि*, अविरत वृद्धि*	The cities of India developed with the **steady growth** of trade and commerce.	वाणिज्य और व्यापार में **सतत वृद्धि** के कारण भारत के शहरों का विकास हुआ।
416.	steep increase	(adj)- तीव्र वृद्धि*	**Steep increase** has been noticed in the production costs.	उत्पादन लागत में **तीव्र वृद्धि** देखी गई है।
417.	steering committee	(n)- 1 विषय-निर्वाचन समिति* 2. संचालन समिति*	1. The CEO directed the project steering committee to include new issues. 2. A **steering committee of** MPs guides the formulation of the work schedule of the	1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने परियोजना की **विषय-निर्वाचन समिति** को नए मुद्दे शामिल करने का निदेश दिया। 2. सांसदों की **संचालन समिति** संसद की कार्यसूची बनाने के

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			parliament.	कार्य में मार्गदर्शन करती है।
418.	stenography	(n)- आशुलिपि*	***Stenography*** is a skill of quick and verbatim record of the spoken words.	**आशुलिपि** बोले गए शब्दों को तेजी से और शब्दशः रिकॉर्ड करने का कौशल है।
419.	step child	(n)- सौतेली संतान	A child of one's spouse by a previous union is called **step child**.	पति या पत्नी के पूर्व विवाह से उत्पन्न संतान को **सौतेली संतान** कहा जाता है।
420.	stereo-typed	(n) - 1. रूढ़ **(adj)** – 2. रूढ़िबद्ध, **घिसी–पिटी, पारंपरिक,**	The Prime Minister appealed the medical professionals to change the **stereotyped** image of public health facilities.	प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की **घिसी–पिटी** छवि को बदलने के लिए चिकित्सा पेशेवरों से अपील की।
421.	stern action	(n)-कठोर कार्रवाई*, **कड़ी कार्रवाई*, सख्त कार्रवाई*,**	The Minister assured for a stern **action** against the smugglers.	मंत्री ने तस्करों के खिलाफ **सख्त कार्रवाई** का आश्वासन दिया।
422.	stigma	**दाग**, लांछन, कलंक,	The prevalence of female foeticide is a **stigma** for Indian society.	कन्या भ्रूण हत्या भारतीय समाज पर **कलंक** है।
423.	stimulate	(v)-बढ़ावा देना	The state government should **stimulate** growth in rural area.	राज्य सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को **बढ़ावा** देना चाहिए।
424.	stimulation	(n) - 1. **प्रोत्साहन**, 2. उद्दीपन	1.It has been proved by a research that self motivation works as **stimulation** to quit smoking. 2.It is the responsibility of the government to provide enough **stimulation** t o promote the research work.	1.शोध से यह सिद्ध हो गया है कि धूम्रपान छोड़ने में आत्मप्रेरणा **उद्दीपन** का काम करती है। 2.शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त **प्रोत्साहन** प्रदान करने की जिम्मेदारी सरकार की है।
425.	stipend	(n) - 1. **वजीफा, छात्रवृत्ति***, वृत्तिका*	The student who topped the college in science stream is awarded with	महाविद्यालय में विज्ञान विषय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को **छात्रवृत्ति**

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		2 वेतन	**stipend.**	प्रदान की जाती है।
426.	stipulate	(v)- **अनुबंध करना**	All necessary terms and conditons must be **stipulated** in the RFP documents.	सभी आवश्यक निबंधन एवं शर्तें आरएफपी दस्तावेज में **अनुबंधित की** जानी चाहिए।
427.	stipulation	(n)- **1. करार**, अनुबंध **2. शर्त***	1. All staffs are working under **stipulation** to work for 40 hours a week. 2. Auction of 3G spectrum license was made in accordance with the **stipulations** made in the extant rules.	1. सभी कर्मचारी प्रतिसप्ताह 40 घंटे कार्य करने के **करार** के तहत काम कर रहे हैं। 2. थ्री-जी स्पेक्ट्रम के लाइसेंस की नीलामी वर्तमान नियमों में दी गई **शर्तों** के अनुरूप की गई।
428.	Stock	(n)-सामान, माल, स्टॉक	**Stock** is the goods a trader has in hand.	व्यापारी के पास जो माल हाथ में हो वह **स्टॉक** कहलाता है।
429.	stockist	(n)-स्टॉकधारी, थोक व्यापारी,	**Stockist** keeps stock of the goods in large quantity to meet the demand of market.	**थोक व्यापारी** बाजार की मांग की पूर्ति के लिए बड़ी मात्रा में माल का भंडार रखता है।
430.	stock valuation	स्टॉक या माल का मूल्यांकन	**Stock valuation** is based on the nature of goods which may be valued at cost price or market price**.**	**स्टॉक या माल का मूल्यांकन** माल की प्रकृति पर निर्भर करता है और इसका मूल्य लागत मूल्य या बाजार मूल्य के आधार पर निकाला जाता है।
431.	Stop	(n)- विराम, **(v)- 2. बंद करना, 3. रोक देना, रोकना ठहरना,** रुकिए	1. The elevator comes to stop on the main floor. 2. He had to **stop** the car quickly to avoid the accident. 3. The Police stopped the leader of opposition from reaching the site. 3. **Stop** here for security cheking.	1. एलिवेटर मुख्य तल पर **रुकता** है। 1. दुर्घटना से बचने के लिए उसे जल्दी से कार **रोकनी पड़ी।** 2. पुलिस ने विपक्ष के नेता को घटनास्थल पर जाने से **रोक दिया।** 3. सुरक्षा जांच के लिए यहाँ **रुकिए।**
432.	stopgap arrangement	(n)- **कामचलाऊ व्यवस्था***, अंत:कालीन व्यवस्था*	**Stopgap** arrangement has been made for smooth functioning of the section by adhoc promotion.	अनुभाग के कार्य के सुचारु संचालन हेतु तदर्थ पदोन्नति कर **कामचलाऊ व्यवस्था** की गई है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
433.	storage	(n)- 1. भंडारण, संग्रहण 2. भंडारगृह (गोदाम)	1. The **storage** capacity of this computer is 160 GB. 2. Storage network should be spread all over the country to control the price of food items.	1. इस कंप्यूटर की **भंडारण** क्षमता 160 जीबी है। 2. खाद्य वस्तुओं की कीमत को नियंत्रित करने के लिए देश भर में **भंडारगृह** के नेटवर्क का विस्तार किया जाना चाहिए।
434.	storage space	(n)- भंडारण स्थान	Storage space of the medicines must conform to the prescribed standards.	दवाइयों का **भंडारण स्थान** निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए।
435.	store	(n) - 1 भंडार 2. दुकान* (v)- 1. रखना 2. संग्रह करना	(n)- 1. The state government has ample **stores** of food grains. 2. The Government of Indias has recently opened cheaper rates drug **stores.** (v)-1. Most of the vaccines are stored in refrigerator. 2. The vintage art are stored in the museum.	1. राज्य सरकार के पास खाद्यान्न का पर्याप्त **भंडार** है। 2. भारत सरकार ने हाल ही में सस्ती दवाओं की **दुकानें** खोली है। 1. अधिकांश टीके फ्रिज में रखे जाते हैं। 2. संग्रहालय में पुरानी कलाकृतियों का संग्रह किया जाता है।
436.	store account	भंडार लेखा	Audit of **store** account of this office is proposed in June.	इस कार्यालय के **भंडार लेखा** की लेखा परीक्षा जून में करने का प्रस्ताव है।
437.	store register	(n)-स्टोर रजिस्टर, भंडार रजिस्टर	The Assistant entered the goods issued in the **store register**.	सहायक ने जारी किए गए माल की प्रविष्टि **स्टोर रजिस्टर** में की।
438.	strain	(n)-तनाव	Problems in the new project has put him under a lot of **strain.**	नई परियोजना की समस्याओं के कारण वह काफी **तनाव** में है।
439.	stranded	(n)-फंसा हुआ, असहाय	The torrential rains left many pilgrims **stranded** at different places.	मूसलाधार वर्षा के कारण कई तीर्थयात्री विभिन्न स्थानों पर **फंसे हुए** हैं।
440.	strap	1. (n) - फीता, पट्टी*	The **strap** used to fasten the goods was weak and broke midway.	माल को बाँधने के लिए इस्तेमाल की गई **पट्टी** कमजोर थी और रास्ते में ही टूट गई।
441.	strategy	1 (n)-कार्यनीति* 2	The new marketing	नई विपणन **कार्यनीति** से कंपनी

S.N.	**Words**	**Meanings**	**Usage in English**	**Usage in Hindi**
		रणनीति*	**strategy** boosted the sales of the company.	की बिक्री बढ़ी है।
442.	streamline	(v)- **सुव्यवस्थित *करना,*** सुप्रवाही बनाना	The company is making efforts to **streamline** the customer relations procedures.	कंपनी ग्राहक संबंध प्रक्रियाओं को **सुव्यवस्थित करने** के प्रयास कर रही है।
443.	strenuous	(adj.) - श्रमसाध्य	**Strenuous** efforts have been made to improve public healthcare.	सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार करने के लिए **श्रमसाध्य** प्रयास किए गए हैं।
444.	strict	(adj.) - कड़ा, कठोर, सख्त	The officer had issued **strict** instructions regarding punctuality.	अधिकारी ने समय की पाबंदी के बारे में **सख्त** निर्देश जारी किए।
445.	strictly	1 (adv.) - सख्ती से, कठोरता से 2 सर्वथा	The instructions should be **strictly** complied with.	निर्देशों का **सख्ती से** पालन किया जाना चाहिए।
446.	strike	1 (n) - हड़ताल* 2 (v)- आघात करना, ***मारना***	The nurses went on a **strike** to protest against low salary.	नर्सें कम वेतन के विरोध में **हड़ताल** पर चली गई।
447.	strike breaker	(n)- हड़ताल तोड़क, हड़ताल तोड़ने वाला	The workers prevented the **strike breakers** from entering the building.	श्रमिकों ने **हड़ताल तोड़ने वालों** को इमारत में प्रवेश करने से रोका।
448.	stringent action	(n)- कड़ी कार्रवाई*	Parents are seeking **stringent action** against the culprit school authorities.	माता पिता स्कूल के दोषी अधिकारियों के खिलाफ **कड़ी कार्रवाई** की मांग कर रहे हैं।
449.	strip	(n)- पट्टी*	The coastal city is situated on a narrow **strip** of land.	तटीय शहर भूमि की एक संकरी **पट्टी** पर स्थित है।
450.	strive	(v)- प्रयास करना	The region is **striving** for peace as well as development.	इस क्षेत्र में शांति के साथ ही विकास के लिए **प्रयास** किया जा रहा है।
451.	structure	(n)- संरचना* (v)- निर्माण करना, ढांचा बनाना	1. A new management **structure** has been introduced in the company. 2. They **structured** the training program so that the course	1. कंपनी में नई प्रबंधन **संरचना** बनाई गई है। 2. उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम का इस प्रकार **निर्माण किया** कि संपूर्ण विषय सामग्री दो सप्ताह में पूरी हो जाए।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			content could be covered in two weeks.	
452.	structured change	(n)- संरचनात्मक परिवर्तन	**Structured changes** are required in the economy of the country.	देश की अर्थव्यवस्था में **संरचनात्मक परिवर्तन** अपेक्षित हैं।
453.	structured interview	(n)- संरचित साक्षात्कार	A **structured intervi ew** is a quantitative research method commonly employed in survey research	**संरचित साक्षात्कार** सामान्यतः सर्वेक्षण अनुसंधान में प्रयोग की जाने वाली गुणात्मक अनुसंधान विधि है।
454.	structured pay	(n)- संरचित वेतन	Lack of a **structured pay** plan created unrest among the employees	**संरचित वेतन** योजना तैयार न होने के कारण कर्मचारियों के बीच अशांति थी।
455.	struggle	(v)- संघर्ष	The study revealed that the modern families **struggle** more financially than the conventional ones.	अध्ययन से पता चला है कि आधुनिक परिवार परंपरागत परिवारों की तुलना में आर्थिक रूप से अधिक **संघर्ष** करते हैं।
456.	stubborn	(adj.) - जिद्दी, हठी	Disciplinary action was initiated against the **stubborn** employee	**जिद्दी** कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई थी।
457.	student	(n)- विद्यार्थी, छात्र	The **student** was felicitated for achieving the highest score.	**विद्यार्थी** को उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।
458.	student apprenticeship	(n)- विद्यार्थी शिक्षुता*	**Student apprenticeship** has become an integral part of many professional courses.	**विद्यार्थी शिक्षुता** कई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का अभिन्न हिस्सा बन गई है।
459.	studentship	(n)- अधिछात्रवृत्ति*	The University has invited applications for three year **studentship.**	विश्वविद्यालय ने तीन वर्ष की **अधिछात्रवृत्ति** के लिए आवेदन मांगे हैं।
460.	study	1. (v)- अध्ययन 2. (n)- ***अध्ययन-कक्ष***	The committee made a thorough **study** of the causes of civil disorders.	समिति ने नगर अव्यवस्था के कारणों का पूरी तरह से **अध्ययन** किया।
461.	study allowance	(n) – अध्ययन	**Study allowance** shall be granted to a	सरकारी कर्मचारी को **अध्ययन**

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		भत्ता	Government servant only if he is not in receipt of any scholarship.	**भत्ता** तभी प्रदान किया जाएगा यदि वह कोई अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा है।
462.	study leave	(n)- अध्ययन छुट्टी*	Application for **study leave** shall be considered on merits of each case	**अध्ययन अवकाश** के आवेदन पर प्रत्येक मामले की योग्यता के अनुसार विचार किया जाएगा।
463.	stupid	(n) – अल्पबुद्धि* (adj.) ***मूर्खतापूर्ण***	The employee was reprimanded for making a **stupid** comment in the meeting.	बैठक में **मूर्खतापूर्ण** टिप्पणी करने के लिए कर्मचारी को फटकारा गया।
464.	style	(n) – शैली*, ढंग	With the coming of the Mughals, Indian architecture was greatly influenced by Persian **styles.**	मुगलों के आने से भारतीय वास्तुकला फारस की **शैली** से काफी प्रभावित हुई।
465.	sub(subordinate)	1 (adj.) (पदनाम) नायब 2 (क्षेत्र आदि) उप	**Sub**-editor presented the draft of the magazine to the editor.	**उप**-संपादक ने पत्रिका का मसौदा संपादक को प्रस्तुत किया।
466.	sub judice	(adj**.)** न्यायाधीन	He declined further comment on the grounds that the case was **sub judice.**	मामला **न्यायाधीन** होने के कारण उन्होंने आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।
467.	sublease	(n)- उप-पट्टा, शिकमी पट्टा	A **sublease** agreement should specifically mention the names of the parties	**उप पट्टा** करार में पक्षकारों के नाम का विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए।
468.	subletting	(n)- उप-किराएदारी*	**Subletting** of the Government accommodation amounts to misconduct.	सरकारी आवास को **उप-किराएदारी** पर देना कदाचार के बराबर है।
469.	submit	(n)- 1 निवेदन करना 2 प्रस्तुत करना 3 सुपुर्द करना 4 समर्पित करना	Every government servant is required to **submit** a return of his assets and liabilities	प्रत्येक सरकारी कर्मचारी अपनी संपत्ति और देनदारियों का विवरण **प्रस्तुत** करेगा।
470.	subordinate office	(n)- अधीनस्थ कार्यालय	Instructions were noted and communicated to their attached and **subordinate Offices.**	अनुदेशों को नोट किया गया और उनके संबद्ध एवं **अधीनस्थ कार्यालयों** को भेजा गया।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
471.	subrule	(n)- उप-नियम	Under the **sub-rule**, penalty imposed shall be paid by way of a receipted challan	**उप-नियम** के तहत जुर्माने का भुगतान रसीदी चालान के माध्यम से किया जाएगा।
472.	subscribe	(v)- 1 चंदा या शुल्क देना 2 ग्राहक बनाना 3 अभिदान करना 4 समर्थन करना, सहमत होना 5 हस्ताक्षर करना	1. Employees **subscribed** good number of shares. 2. No Government servant shall subscribe to any political movement in India.	1. कर्मचारियों ने बड़ी मात्रा में शेयर **सदस्यता** ली। 2. कोई सरकारी कर्मचारी, भारत में किसी भी राजनीतिक आंदोलन का **समर्थन** नहीं कर सकता।
473.	subscriber	(n)- 1 ग्राहक 2 अभिदाता 3 हस्ताक्षरकर्ता 4 उपभोक्ता	This magazine has over ten thousand **subscribers**	इस पत्रिका के दस हजार से अधिक **ग्राहक** हैं।
474.	subscription	(n)- 1 अभिदान 2 चंदा	A statue in his memory was erected by public **subscription**.	जनता से **चंदा** एकत्र करके उनकी याद में एक मूर्ति लगाई गई।
475.	sub section	(n)- उप-धारा*	Voluntary organizations have been defined in the **sub section** .	स्वयंसेवी संगठनों की परिभाषा **उप-धारा** में दी गई है।
